राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र गाजियाबाद, दिल्ली, गौतमबुद्धनगर, बुलन्दशहर, अलीगढ़, मेरठ, शामली, मुजफ्फरनगर, हापुड़, अमरोहा, मुरादाबाद, सम्भल, रामपुर, बरेली व लखनऊ आदि जनपदों में प्रसारित

केन्द्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

दैनिक हिन्दी समाचार पत्र

# बुलन्द संदेश

R.N.I No.UPHIN /2013/57267 आपकी आवाज को करें बुलन्द...



06 पूजा हेगड़े का रेड हॉट अवतार...



सत्य निकेतन हादसे के बाद... 12

गाजियाबाद, मंगलवार 08 सितंबर 2026 | Email: BulandSandesh@gmail.Com | वर्षः 13 अंकः 183, मूल्यः 2 रुपये, पृष्ठ -12

## न्यूज डायरी

### अमृतसर एयरपोर्ट पर 4 संदिग्ध ड्रोन से हड़कंप, 7 उड़ानें डायवर्ट, सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**अमृतसर (आरएनएस)।** पंजाब के अमृतसर स्थित श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब एयरपोर्ट के ऑपरेशनल एरिया में 2 से 4 संदिग्ध ड्रोन या उड़ती हुई वस्तुएं दिखाई दीं। रनवे और उसके आसपास संदिग्ध गतिविधि नजर आते ही एयर ट्रैफिक कंट्रोल ने अलर्ट जारी कर दिया। सुरक्षा के मद्देनजर अमृतसर आने वाली 7 उड़ानों को दिल्ली और चंडीगढ़ डायवर्ट कर दिया गया।

प्राथमिक जानकारी के अनुसार, संदिग्ध ड्रोन अथवा उड़ती हुई वस्तुएं गांव रजाला की दिशा से एयरपोर्ट की ओर आती दिखाई दीं। ये कुछ मिनटों तक रनवे और आसपास के संवेदनशील इलाके में मंडराते रहे। इसके बाद ॿष्ट ने सुरक्षा अलर्ट जारी



किया और एहतियात के तौर पर अमृतसर आने वाली कई उड़ानों का रूट बदल दिया गया।

इन 7 उड़ानों को किया गया डायवर्ट

मलेशिया एयरलाइंस - कुआलालंपुर से अमृतसर – दिल्ली डायवर्ट

इंडिगो -मुंबई से अमृतसर – चंडीगढ़ डायवर्ट

इंडिगो - दिल्ली से अमृतसर – चंडीगढ़ डायवर्ट

एयर इंडिया -दिल्ली से अमृतसर – दिल्ली वापस भेजा गया

एयर इंडिया - दिल्ली से अमृतसर – दिल्ली वापस भेजा गया

इंडिगो - शारजाह से अमृतसर – दिल्ली डायवर्ट

एयर इंडिया एक्सप्रेस - शारजाह से अमृतसर – दिल्ली डायवर्ट

श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट अमृतसर शहर से करीब 11 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में राजा सांसी में स्थित है। यह पंजाब का सबसे बड़ा और व्यस्त हवाई अड्डा है। इसका नाम सिखों के चौथे गुरु और अमृतसर शहर के संस्थापक गुरु राम दास के नाम पर रखा गया है। अंतरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक होने के कारण अमृतसर एयरपोर्ट सुरक्षा के लिहाज से बेहद संवेदनशील माना जाता है। भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा यहां से हवाई दूरी के लिहाज से 30 किलोमीटर से भी कम, करीब 18.6 मील दूर है।

### सीएम विजय ने डीएमके को दी चेतावनी, कहा-महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी

**चेन्नई (आरएनएस)।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय की ओर से सोमवार को विपक्षी पार्टी डीएमके पर तीखा हमला किया गया। उन्होंने पार्टी और उसके कई वरिष्ठ नेताओं पर सरकार में रहते हुए भ्रष्टाचार में शामिल होने का आरोप लगाया। पुलिस विभाग के लिए ग्रांट की मांग पर विधानसभा में हुई बहस का जवाब देते हुए, विजय ने कहा कि राजनीतिक आलोचना तो ठीक है लेकिन महिलाओं के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। सदन में तीखी बहस के बीच उन्होंने



कहा कि महिलाओं के बारे में अश्लील या अपमानजनक टिप्पणी करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने उन बयानों की भी आलोचना की जो कथित तौर पर डीएमके पदाधिकारियों ने उन लोगों के खिलाफ दी थी जिन्होंने पार्टी को वोट नहीं दिया था। उन्होंने कहा कि ऐसी टिप्पणियां लोगों के फैसले के प्रति सम्मान की कमी को दिखाती हैं और यही वजह है कि पार्टी अब विपक्ष में बैठी है।

भ्रष्टाचार के आरोपों पर बात करते हुए सीएम विजय ने उन दस्तावेजों और नतीजों का जिक्र किया जो उनके अनुसार आधिकारिक रिकॉर्ड और विधानसभा लाइब्रेरी में मौजूद थे। उन्होंने 1977 की सरकारिया आयोग की रिपोर्ट का हवाला दिया और वीरनम पाइपलाइन प्रोजेक्ट में गड़बड़ी का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री के अनुसार, कॉन्ट्रैक्ट देने के लिए कमीशन की मांग की गई थी जबकि मुख्यमंत्री कार्यालय(सीएमओ) का कथित तौर पर एक खास कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए गलत इस्तेमाल किया गया था।

## यूपी समेत 5 राज्यों में चुनावी बिगुल जल्द!

# जनगणना के फैसले से फरवरी-मार्च 2027 में चुनाव के संकेत

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और गोवा में जनगणना का काम आगे बढ़ाने तथा मणिपुर में जनगणना के पहले चरण को टालने के केंद्र के फैसले से इन पांच राज्यों में अगले साल विधानसभा चुनाव होने की तस्वीर लगभग साफ हो गई है। माना जा रहा है कि उत्तर प्रदेश समेत पांचों राज्यों में विधानसभा चुनाव फरवरी-मार्च 2027 में कराए जा सकते हैं।

इन पांच राज्यों में सबसे पहले मणिपुर विधानसभा का कार्यकाल 13 मार्च 2027 को समाप्त होगा।

> **आमतौर पर जनगणना का दूसरा चरण फरवरी में पूरे देश में कराया जाता है, जिसमें 1 मार्च को संदर्भ तिथि माना जाता है। लेकिन चुनावी राज्यों के लिए समय-सारिणी में बदलाव कर केंद्र ने चुनाव और जनगणना के बीच संभावित टकराव को कम करने की तैयारी शुरू कर दी है**

इसके बाद गोवा विधानसभा का कार्यकाल 14 मार्च, पंजाब का 16 मार्च और उत्तराखंड का 18 मार्च को खत्म होगा। वहीं, उत्तर प्रदेश विधानसभा का कार्यकाल 22 मई 2027 को समाप्त होगा।

2022 में भी इन पांचों राज्यों में लगभग एक साथ विधानसभा चुनाव हुए थे। हालांकि, उत्तर प्रदेश विधानसभा की पहली बैठक 22 मई 2022 को हुई थी। ऐसे में 2027 में भी चुनाव आयोग द्वारा पांचों राज्यों में एक साथ चुनाव कराने की संभावना है। आयोग की परंपरागत व्यवस्था के मुताबिक सबसे पहले समाप्त होने वाली विधानसभा यानी मणिपुर का कार्यकाल खत्म होने से पहले चुनाव प्रक्रिया पूरी कराई जा सकती है।

इस स्थिति में उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव उसके मौजूदा कार्यकाल की समाप्ति से करीब दो महीने पहले हो सकते हैं। यह पिछले तीन



विधानसभा चुनावों के पैटर्न के अनुरूप भी होगा। संवैधानिक प्रावधानों के तहत चुनाव आयोग किसी राज्य में विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने से छह महीने पहले तक चुनाव कराने की प्रक्रिया शुरू कर सकता है।

देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश में बड़ी आबादी और मतदाताओं की संख्या को देखते हुए कई चरणों में मतदान कराए जाने की संभावना है। हालांकि, बिहार और पश्चिम बंगाल में चुनाव आयोग द्वारा अपनाए गए हालिया तौर-तरीकों को देखते हुए चरणों की संख्या पहले की तुलना में कम रखी जा सकती है। यदि उत्तर प्रदेश में बिहार की तरह मतदान को दो चरणों तक सीमित किया जाता है, तो चुनावी प्रक्रिया फरवरी या मार्च की शुरूआत में शुरू हो सकती है।

चुनाव वाले पांच राज्यों में से तीन राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण (स्ॡक्र) का काम पूरा हो चुका है, जबकि दो राज्यों में यह प्रक्रिया जारी है। ऐसे में विधानसभा चुनावों की घोषणा से पहले चुनाव आयोग द्वारा इन राज्यों में दोबारा स्ॡक्र कराने की संभावना कम मानी जा रही है।

स्ॡक्र के बाद उत्तर प्रदेश में मतदाताओं की संख्या 13.4 करोड़ रह गई है, जो करीब 13.2 प्रतिशत की कमी है। वहीं, गोवा में मतदाताओं की संख्या 10.6 लाख यानी करीब 10.2 प्रतिशत कम हुई है। मणिपुर में मतदाताओं की संख्या 19.3 लाख रह गई, जिसमें करीब 7.6 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। पंजाब और उत्तराखंड की अंतिम मतदाता सूची अगले कुछ महीनों में जारी होने की उम्मीद है।


केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड के बर्फ से मुक्त क्षेत्रों और गोवा में जनगणना 2027 के जनसंख्या गणना चरण को 1 दिसंबर 2026 से 4 जनवरी 2027 के बीच कराने का फैसला किया है। इसके लिए 5 जनवरी 2027 को संदर्भ तिथि माना गया है। वहीं, मणिपुर में जनगणना के हाउस-लिस्टिंग चरण को टाल दिया गया है।

चुनाव वाले चार राज्यों में जनसंख्या गणना का चरण पहले कराने का उद्देश्य जनगणना और विधानसभा चुनावों की तैयारियों के बीच संभावित टकराव से पैदा होने वाली प्रशासनिक और लॉजिस्टिक चुनौतियों से बचना है। दोनों ही बड़े अभियानों के संचालन के लिए सरकारी कर्मचारियों, खासकर शिक्षकों की बड़ी संख्या में आवश्यकता होती है। ऐसे में चुनाव और जनगणना एक साथ होने पर कर्मचारियों की उपलब्धता बड़ी चुनौती बन सकती थी।

आमतौर पर जनगणना का दूसरा चरण फरवरी में पूरे देश में कराया जाता है, जिसमें 1 मार्च को संदर्भ तिथि माना जाता है। लेकिन चुनावी राज्यों के लिए समय-सारिणी में बदलाव कर केंद्र ने चुनाव और जनगणना के बीच संभावित टकराव को कम करने की तैयारी शुरू कर दी है।

इस पूरे घटनाक्रम से संकेत मिल रहे हैं कि उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में विधानसभा चुनाव 2027 की शुरूआत में ही कराए जा सकते हैं।

## टीएमसी सांसद नदीमुल हक पर प्रवर्तन निदेशालय का शिकंजा, कोलकाता से दिल्ली तक कई ठिकानों पर छापेमारी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रवर्तन निदेशालय ने तृणमूल कांग्रेस के राज्यसभा सांसद मोहम्मद नदीमुल हक से जुड़े ठिकानों पर सोमवार को छापेमारी की। प्रवर्तन निदेशालय की टीमें कोलकाता और दिल्ली में एक साथ तलाशी अभियान चला रही हैं। कोलकाता में नदीमुल हक के उर्दू अखबार 'अखबार-ए-मशरिकइ के कार्यालय और उनके आवास पर तलाशी ली जा रही है। वहीं, दिल्ली स्थित उनके सरकारी आवास पर भी श्वष्ठ की कार्रवाई जारी है। यह आवास अस्थायी रूप से ॿरूष्ट के कार्यालय के तौर पर भी इस्तेमाल किया जाता है। कोलकाता में प्रवर्तन निदेशालय की कार्रवाई पार्क सर्कस के दरगा रोड स्थित 'अखबार-ए-मशरिकइ के कार्यालय में चल रही है। नदीमुल हक इस अखबार के निदेशक बताए जा रहे हैं। तलाशी के दौरान कार्यालय परिसर को केंद्रीय सुरक्षा बलों ने घेर लिया है। सुरक्षा कारणों से कार्यालय का मुख्य दरवाजा बंद कर दिया गया है और तलाशी अभियान के दौरान किसी को भी अंदर या बाहर जाने की अनुमति नहीं दी जा रही है। श्वष्ठ सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई संदिग्ध वित्तीय लेन-देन से जुड़ी जांच के तहत की जा रही है। एजेंसी कथित वित्तीय अनियमितताओं से संबंधित लेन-देन, दस्तावेजों और रिकॉर्ड की जांच कर रही है। जांच के दायरे में 'अखबार-ए-मशरिकइ से जुड़े वित्तीय दस्तावेज भी शामिल हैं।

## इमारत गिरने की घटना को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली पुलिस ने सत्य निकेतन में पांच मंजिला इमारत के गिरने से हुई मौत मामले में बिल्डिंग के मालिक हरिराम बंसल के खिलाफ 'लुक आउट सर्कुलरइ (एलओसी) जारी किया है। इस घटना की जांच और जिम्मेदारी तय करने की प्रक्रिया अभी जारी है।

इमारत गिरने के बाद पुलिस ने बंसल और अन्य लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की। पुलिस के मुताबिक, इस इमारत का इस्तेमाल पेइंग गेस्ट (पीजी) के तौर पर किया जा रहा था और बेसमेंट में मरम्मत का काम चल रहा

> ● **बिल्डिंग मालिक के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी**



था, तभी अचानक इमारत ढह गई। 'हॉस्टल डेजइ नाम की यह पांच मंजिला इमारत लड़कों के पीजी के तौर पर चल रही थी और घटना के समय वहां कई छात्र रह रहे थे। चश्मदीदों के मुताबिक, पास की एक और इमारत भी ढह गई, जिससे इलाके की इमारतों की सुरक्षा और उनकी बनावट की हालत को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस घटना में छह लोगों की मौत हो गई है जबकि पांच लोगों को बचा लिया गया है। मलबे में दबे अन्य लोगों की तलाश अभी भी जारी है। मलबे में कई छात्रों के फंसे होने की आशंका है क्योंकि दिल्ली यूनिवर्सिटी के पास के कॉलेजों के कई छात्र पीजी में रह रहे थे।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार सुबह घटनास्थल का दोबारा दौरा किया। उन्होंने सुरक्षा उपायों का जायजा लिया और हादसे के बाद चल रहे बचाव और उससे जुड़े कामों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि इमारत के मालिक के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने साफ किया कि अगर इस मामले में लापरवाही या चूक के लिए दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के अधिकारी जिम्मेदार पाए गए तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) के अनुसार, ऐसी घटनाओं को रोकने और सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली भर में अवैध पांच-मंजिला इमारतों को तुरंत सील करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। इस घटना के बाद अधिकारियों ने आसपास की इमारतों और पीजी की जांच-पड़ताल तेज कर दी है। इस जांच का मकसद संभावित नियमों के उल्लंघन का पता लगाना और जरूरत पड़ने पर कार्रवाई करना है। इस बीच, दिल्ली हाईकोर्ट में सत्य निकेतन इमारत गिरने की घटना को लेकर एक याचिका भी दायर की गई है। इसमें घटना और उससे जुड़ी सुरक्षा चिंताओं के मामले में कोर्ट के दखल की मांग की गई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने भरोसा दिलाया है कि याचिका पर सोमवार को ही सुनवाई होगी।

## नई पीढ़ी ग्लोबल हो और अपनी जड़ों से जुड़ी भी, उनके हृदय में भारत हो: सीएम योगी





> **वेंकटचलम, नेल्लोर में स्वर्ण भारत ट्रस्ट के 25वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए सीएम योगी आदित्यनाथ**

**वेंकटचलम (नेल्लोर)।** स्वर्ण भारत ट्रस्ट के 25वें स्थापना दिवस समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहुंचते ही ह्यजय श्रीरामह्व के उद्घोष से पूरा परिसर गूंज उठा। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ उनका स्वागत किया और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। इस दौरान अपने संबोधन में सीएम योगी ने कहा कि विदेशी आक्रमणों और औपनिवेशिक दौर ने भारत की स्वावलंबी ग्रामीण व्यवस्था को कमजोर किया। गांवों की आत्मनिर्भरता और स्थानीय संस्थाओं पर इसका असर पड़ा, लेकिन गांवों की आत्मा कभी समाप्त नहीं हुई। स्वर्ण भारत ट्रस्ट का ब्रिज स्कूल और उत्तर प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालय अलग राज्यों में होने के बावजूद समान सोच के साथ वंचित बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा लक्ष्य ऐसी नई पीढ़ी तैयार करना है, जो ग्लोबल भी हो और रूटेड भी, आधुनिक तकनीक से लैस हो, लेकिन हृदय में भारत, संस्कृति पर गर्व, अपनी जड़ों का बोध, समाज के प्रति संवेदनशीलता और ह्यनेशन फर्स्टह्व की भावना रखती हो। तकनीक भेदभाव नहीं करती और नए भारत ने गांव की ताकत को नई तकनीक से जोड़ दिया है। सीएम ने वेंकैया नायडू को उत्तर व दक्षिण भारत के बीच सांस्कृतिक व आध्यात्मिक सेतु बताया। मुख्यमंत्री ने स्वर्ण भारत ट्रस्ट के 25 वर्ष पूर्ण होने पर सभी पदाधिकारियों, सदस्यों और शुभचिंतकों को बधाई दी। साथ ही ट्रस्ट के संस्थापक एवं पूर्व उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू का हृदय से अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि वेंकैया नायडू जी बहुआयामी व अत्यंत संवेदनशील व्यक्तित्व के धनी हैं। सार्वजनिक जीवन में उन्होंने अपनी सरलता, सहजता और सभी को साथ लेकर चलने की क्षमता के बल पर पूरे देश में अपनी अलग पहचान बनाई। सार्वजनिक जीवन में ऐसा विराट व्यक्तित्व मिलना दुर्लभ है, जो दल और विचारधारा की सीमाओं से ऊपर उठकर सभी को समान रूप से साथ लेकर चले और जिसकी सर्वत्र स्वीकार्यता हो। राज्यसभा सभापति के रूप में दायित्वों के निर्वहन में यही व्यापक स्वीकार्यता दिखाई देती थी।

## बधाई — भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं व समर्थकों ने दी बधाई

# भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि बने राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**दिल्ली,हापुड़।** भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज वाल्मीकि के राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग का

> ● **यूपी सफाई कर्मचारी आयोग में सदस्य पद भी कार्य कर चुके है**
>
> ● **पिछले 36 वर्षों से जनता की सेवा कर पार्टी की नीतियों को पहुंचा रहे घर-घर**

सदस्य बनने के बाद से भाजपा नेताओं, जनप्रतिनिधियों,कार्यकताओं व समर्थकों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी जा रही है। सोमवार की सुबह मार्निंग ग्रुप द्वारा पटका पहनाकर मनोज वाल्मीकि का स्वागत कर बधाई दी। सोमवार को दिल्ली कार्यालय पहुंचकर मनोज वाल्मीकि ने पदभार ग्रहण कर लिया।

आपको बता दें,कि मेरठ रोड आवास विकास संजय विहार कालोनी निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोज वाल्मीकि पिछले 36 वर्षों से जनता की सेवा कर पार्टी की नीतियों का जन=जन व घर-घर पहुंचा रहे है। वह वर्ष 1995 में भाजपा से सभासद भी बने,और वर्ष 2019 में उत्तर प्रदेश सफाई कर्मचारी आयोग में सदस्य पद पर भी कार्य कर चुके है। जिला,प्रदेश व राष्ट्र में विभिन्न पदों पर रहकर पार्टी की सेवा की है।

गत रविवार को भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि को राष्ट्रद्वीय सफाई कर्मचारी आयोग में सदस्य पद की जिम्मेदारी सौंपी गयी। सोमवार को कार्यालय पहुंचकर पदभार ग्रहण करने के बाद मनोज वाल्मीकि ने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गयी है,वह पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी के साथ निर्वाह करेंगे।

भाजपा नेता मनोज वाल्मीकि के राष्ट्रद्वीय सफाई कर्मचारी आयोग का सदस्य बनने की जानकारी मिलने के बाद भाजपा के जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों,कार्यकताओं व समर्थकों द्वारा बधाई व शुभकामनाएं दी जा रही है।







मनोज वाल्मीकि का स्वागत करते व्यापारीगण। दिल्ली स्थित कालोनी में पदभार ग्रहण करते राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के सदस्य मनोज वाल्मीकि। आयोग उपाध्यक्ष हर्षदीप गिल व सांसद अनूप वाल्मीकि मनोज वाल्मीकि को मिठाई खिलाते हुए

बधाई देने वालों में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अवनीश त्यागी,क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल,जिला पंचायत चेयरमैन रेखा नागर,उनके पति प्रमोद नागर,विधायक विजयपाल आढ़ती, जिलाध्यक्ष कविता माधरे,मुनेश त्यागी, महेश अग्रवाल,पूर्व जिलाध्यक्ष उमेश राणा, नरेश तोमर, जिला महामंत्री श्यामेन्द्र त्यागी, पुनीत गोयल, कपिल एसएम,राजीव सिरोही, पूर्व महामंत्री प्रमोद जिन्दल,पूर्व पालिका चेयरमैन मालती भारती,मुंशी लाल जयंत,पूर्व विधायक जय प्रकाश, बिजेन्द्र कुमार,मान सिंह गोस्वामी, हरिओम शर्मा, दिल्ली सरकार में सफाई कर्मचारी आयोग की अध्यक्ष सुनीता कांगड़ा,सदस्य सुशांत सागर उर्फ गोल्डी आदि शामिल रहे।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव मेला: दंगल में अनुज पंडित व विशाल पहलवान के बीच मुकाबला बराबर रहा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**ग्रेटर नोएडा (एन0जी0 वर्मा)।** क्षेत्र के दनकौर स्थित विश्व प्रसिद्ध गुरु द्रोणाचार्य मंदिर प्रांगण में चल रहे 12 दिवसीय श्री कृष्ण जन्मोत्सव सम्मेलन में आयोजित दंगल के दूसरे दिन अनुज पंडित पहलवान एवं विशाल पहलवान के बीच मुकाबला बराबर रहा।



सोमवार को श्री द्रोण गौशाला समिति (रजि.) द्वारा संचालित दंगल का शुभारंभ समिति के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार गर्ग एवं प्रबंधक श्री रजनीकान्त अग्रवाल ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

दंगल में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए नामचीन पहलवानों ने अपने शानदार दांव-पेच एवं कुश्ती कौशल का प्रदर्शन किया। रोमांचक मुकाबलों को देखने के लिए हजारों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे। दर्शकों ने तालियों, जयकारों एवं उत्साहवर्धन के साथ पहलवानों का हौसला बढ़ाया।

दंगल की सबसे बड़ी एवं प्रमुख कुश्ती का मुकाबला अनुज पंडित पहलवान एवं विशाल पहलवान के बीच हुआ। दोनों पहलवानों ने शानदार कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए एक-दूसरे को कड़ी चुनौती दी। काफी देर तक चले रोमांचक मुकाबले के बाद दोनों पहलवानों के बीच कुश्ती बराबरी पर समाप्त हुई। मुकाबले के दौरान दर्शकों में विशेष उत्साह देखने को मिला और उन्होंने तालियों एवं जयकारों के साथ दोनों पहलवानों का उत्साहवर्धन किया।

दंगल की प्रमुख इनामी कुश्तियों में प्रथम कुश्ती के विजेता को 21,000, द्वितीय कुश्ती के विजेता को 11,000 तथा तृतीय कुश्ती के विजेता को 5,100 की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। इसके अतिरिक्त अन्य कुश्तियों के लिए 4,100, 3,100 एवं 2,100 की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई। विभिन्न मुकाबलों में पहलवानों ने अपनी प्रतिभा एवं दमखम का शानदार प्रदर्शन किया। इस अवसर पर श्री द्रोण गौशाला समिति (रजि.) के प्रबंधक श्री रजनीकान्त अग्रवाल ने कहा कि दनकौर का श्री कृष्ण जन्मोत्सव मेला अपनी 103 वर्षों की गौरवशाली एवं ऐतिहासिक परंपरा को निरंतर आगे बढ़ा रहा है। मेले में आयोजित कुश्ती दंगल भारतीय पारंपरिक कुश्ती एवं ग्रामीण खेल संस्कृति को प्रोत्साहन देने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं को पारंपरिक खेलों, अनुशासन, शारीरिक क्षमता तथा अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दंगल के अवसर पर प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री राकेश कुमार गर्ग, श्री मोहित कुमार गर्ग, प्रबंधक श्री रजनीकान्त अग्रवाल, उप प्रबंधक श्री संजीव कुमार गुप्ता, सदस्य श्री सुशील कुमार मांगलिक, श्री संजय कुमार गोयल, श्री पंकज गर्ग, श्री मनोज त्यागी, श्री सोनू वर्मा (सांसद प्रतिनिधि), श्री पवन खटाना (राष्ट्रीय महामंत्री, भारतीय किसान यूनियन आरा०), श्री ओमवीर सिंह भाटी, डॉ. गिरीश कुमार वत्स, श्री चंद्रपाल सिंह नागर एवं श्री ध्रुव गोयल सहित समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। आयोजन को सफल बनाने में समिति के पदाधिकारियों, सदस्यों, कार्यकताओं एवं स्थानीय नागरिकों का विशेष सहयोग रहा। दंगल में हजारों की संख्या में उपस्थित दर्शकों ने रोमांचक कुश्ती मुकाबलों का आनंद लिया तथा पहलवानों का उत्साह बढ़ाया।अंत में श्री द्रोण गौशाला समिति (रजि.) की ओर से सभी सहयोगियों, स्थानीय नागरिकों, कुश्ती प्रेमियों एवं उपस्थित दर्शकों का आभार व्यक्त किया गया।

# शारदा विश्वविद्यालय में पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों के लिए एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**दनकौर।** पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों में उद्यमिता, विपणन, डिजिटल अपनाने, वित्तीय सेवाओं, सामाजिक सुरक्षा तथा बाजार अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शारदा विश्वविद्यालय, ग्रेटर नोएडा में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन एमएसएमई विकास एवं सुविधा कार्यालय (MSME-DFO), ओखला, नई दिल्ली द्वारा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से किया गया। यह कार्यक्रम भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय (MSME) की पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से 100 से अधिक पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों को आधुनिक व्यावसायिक प्रक्रियाओं, विपणन, ब्रांडिंग, मूल्य निर्धारण, पैकेजिंग, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, डिजिटल प्लेटफॉर्म, सरकारी ई-मार्केटप्लेस, वित्तीय साक्षरता, सामाजिक सुरक्षा एवं डिजिटल भुगतान के संबंध में उपयोगी जानकारी प्रदान की गई।

# डासना अंडरपास खुलवाने पहुंचे पूर्व विधायक असलम चौधरी,अतिक्रमण हटाया गया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** डासना से इस वक्त की बड़ी खबर सामने आ रही है। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पूर्व विधायक असलम चौधरी डासना स्थित अंडरपास पर पहुंचे। स्थानीय लोगों की ओर से लगातार शिकायत की जा रही थी कि अंडरपास बंद होने के कारण लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मौके पर पहुंचते ही असलम चौधरी ने स्थिति का जायजा लिया और संबंधित लोगों से बातचीत करते हुए अंडरपास को खुलवाने की कार्रवाई कराई। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल भी तैनात रहा। पुलिस की मौजूदगी में अंडरपास के रास्ते में मौजूद अतिक्रमण को हटवाया गया, जिसके बाद लोगों के आवागमन का रास्ता सुचारू कराने की कोशिश की गई।

मौके पर क्षेत्रवासियों की भीड़ मौजूद रही। लोगों ने








**डासना अंडरपास बंद होने की शिकायतों पर पूर्व विधायक असलम चौधरी मौके पर पहुंचे, भारी पुलिस बल की मौजूदगी में रास्ता खुलवाया और अतिक्रमण हटाया**

अंडरपास बंद होने से होने वाली परेशानियों को पूर्व विधायक के सामने रखा। असलम चौधरी ने लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि क्षेत्र की जनता को आवागमन से जुड़ी किसी भी परेशानी का सामना न करना पड़े इसके लिए लगातार आवाज उठाई जाएगी। पूर्व विधायक ने मौके से डासना के तमाम नेताओं और जनप्रतिनिधियों से भी खास अपील की। उन्होंने कहा कि डासना के विकास के मुद्दे पर सभी को एकजुट होकर आगे आना चाहिए। राजनीतिक मतभेद अपनी जगह हैं, लेकिन क्षेत्र के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए सभी नेताओं को मिलकर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि डासना में सड़क, यातायात और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़े मुद्दों को प्राथमिकता के साथ उठाया जाना जरूरी है। क्षेत्र का विकास तभी संभव है जब सभी जनप्रतिनिधि और स्थानीय नेता मिलकर जनता की आवाज बनें।

फिलहाल अंडरपास को खुलवाने और अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई के बाद स्थानीय लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। मौके पर पुलिस बल की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई कराई गई।

# टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत क्षय रोगियों को वितरित की गई पोषण पोटली

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद(आशा चौधरी)।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत जनपद गाजियाबाद में क्षय रोगियों को पोषण सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पोषण पोटली वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी, कुमार सौरभ द्वारा क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की गईं।



कार्यक्रम के दौरान PSI India द्वारा 100 पोषण पोटली तथा रेड क्रॉस सोसाइटी गाजियाबाद के निवर्तमान अध्यक्ष श्री सुभाष गुप्ता द्वारा 50 पोषण पोटली उपलब्ध कराई गईं। इस सहयोग के लिए मुख्य विकास अधिकारी ने श्री सुभाष गुप्ता का आभार व्यक्त करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की।कार्यक्रम में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि टीबी का उपचार पूरी तरह संभव है। इसके लिए रोगियों का समय से परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार नियमित दवा का सेवन तथा निर्धारित अवधि तक उपचार पूरा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि उपचार के साथ-साथ संतुलित एवं पौष्टिक आहार रोगी के स्वास्थ्य लाभ में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी क्षय रोगियों से बिना किसी बाधा के अपना उपचार पूरा करने तथा परिवार एवं समाज के लोगों से टीबी रोगियों को सहयोग और पोषण सहायता प्रदान करने की अपील की।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ का स्वागत जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनिल यादव एवं श्री सुभाष गुप्ता द्वारा किया गया। अपने संबोधन में मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि टीबी को समाप्त करना केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने लोगों से टीबी के लक्षण दिखाई देने पर समय से जांच कराने, चिकित्सक द्वारा निर्धारित उपचार को बीच में न छोड़ने तथा क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा टीबी उन्मूलन के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और जनसहभागिता इन प्रयासों की सफलता की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने सभी विभागों, सामाजिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों से मिलकर कार्य करने का आह्वान किया, ताकि जनपद गाजियाबाद सहित पूरे देश को टीबी मुक्त बनाने के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। इस अवसर पर जिला कार्यक्रम समन्वयक राघवेन्द्र सिंह चौहान, पीपीएम दीपाली गुप्ता, संजय यादव, सुमन लता यादव, चंद्र प्रकाश गौड़, रवीन्द्र कुमार, नीरज शर्मा, नागेन्द्र सिंह सहित श्रीमती राधा एवं पवन तथा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने जनसुनवाई में सुनी जनसमस्यायें, अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई कर जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजन की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में नागरिकों ने जिलाधिकारी के समक्ष अपनी समस्याओं से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए तथा उनके निस्तारण की अपेक्षा की।



जनसुनवाई में भूमि कब्जा, राजस्व विवाद, अवैध अतिक्रमण, सार्वजनिक सुविधाओं, पेंशन, राशन कार्ड, जलापूर्ति सहित अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। जिलाधिकारी ने प्रत्येक शिकायतकर्ता की समस्या को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण, प्रभावी एवं त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप जनसामान्य की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य केवल शिकायतों का निस्तारण दर्ज करना नहीं, बल्कि शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का स्थलीय एवं तथ्यात्मक परीक्षण करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जाए तथा शिकायतकर्ता को की गई कार्यवाही से अवगत भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब न हो। विशेष रूप से राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों में संबंधित अधिकारी अभिलेखों एवं मौके की स्थिति का परीक्षण कर निष्पक्ष एवं नियमानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जनसुविधाओं से जुड़ी शिकायतों का भी प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराया जाए।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से फीडबैक प्राप्त किया जाए, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि शिकायत का समाधान वास्तव में हुआ है। उन्होंने कहा कि जनसुनवाई में प्राप्त प्रत्येक शिकायत की गंभीरता को समझते हुए अधिकारी स्वयं निगरानी रखें और शिकायतकर्ता को बार-बार कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। जनसुनवाई के दौरान एडीएम सिटी विकास कश्यप, एडीएम ई ज्योति मौर्या सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में 12 सितम्बर को विभिन्न वादों का होगा सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारणकिया जायेगा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से अवगत कराया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निदेशानुसार दिनांक 12.09.2026 दिन शनिवार को समय प्रातः 10:00 स्थान जिला एवं सत्र न्यायालय, जिला गाजियाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जनपद गाजियाबाद में जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद के निर्देशन में लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा। इस लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, धारा 138 पराक्रम्य लिखित अधिनियम, श्रम विवाद, भूमि अधिग्रहण वाद, विद्युत एवं जल बिल विवाद, वादकारी दीवानी, फौजदारी के लघु मामले, मोटर एक्सीडेंट क्लेम, बैंक रिकवरी, मोटरयान चालान, पारिवारिक विवाद, उत्तराधिकार वाद एवं दाम्पत्य विवादों के. प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारण हेतु वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित करा सकते हैं।

**जनपद गाजियाबाद में जिला न्यायाधीश,अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजियाबाद के निर्देशन में लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा**

# गोल्डन लायनेस क्लब ने नन्हीं खिलाड़ियों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** खेल जगत में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर शहर का नाम रोशन करने वाली दो नन्हीं खिलाड़ियों को गोल्डन लायनेस क्लब मोदीनगर की ओर से सम्मानित किया गया। ताइक्वांडो खिलाड़ी वृंदा और हैंडबॉल व एथलेटिक्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली रिद्धि वशिष्ठ की उपलब्धियों की क्लब सदस्यों ने सराहना की।




सात वर्षीय वृंदा ने ताइक्वांडो में जिला एवं राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कांस्य पदक हासिल किया है। वहीं रिद्धि वशिष्ठ हैंडबॉल की राष्ट्रीय स्तर की टीम में स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने 100 और 200 मीटर दौड़ में जिला स्तर पर भी स्वर्ण पदक हासिल कर स्कूल और शहर का नाम रोशन किया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष शिखा तायल, पीडीसी मनजीत चौधरी और सचिव दीपा जटवानी ने दोनों खिलाड़ियों को माला पहनाकर उपहार और प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वरिष्ठ सदस्य सुनीता शर्मा ने दोनों खिलाड़ियों की माताओं को भी सम्मानित करते हुए उनकी भूमिका की सराहना की।

जोन चेयरपर्सन अनिता गुप्ता ने बताया कि रक्षाबंधन पर क्लब ने वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों को राखी बांधकर मिठाई खिलाई और रात्रि भोजन कराया। इस दौरान फल व बेकरी सामग्री भी वितरित की गई।

# राजकुमारी गुप्ता के निधन पर शोक की लहर, आज होगा त्रयोदशी संस्कार एवं ब्रह्मभोज

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**नोएडा।** समाज में उस समय शोक की लहर दौड़ गई जब राजकुमारी गुप्ता का गत 29 अगस्त 2026, शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन की सूचना से परिवार, रिश्तेदारों एवं परिचितों में गहरा दुख व्याप्त है। शोकाकुल परिवार ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए लोगों से प्रार्थना करने की अपील की है।

शोक संदेश के अनुसार, स्वर्गीय राजकुमारी गुप्ता की आत्मा की शांति के लिए त्रयोदशी संस्कार एवं ब्रह्मभोज का आयोजन मंगलवार, 8 सितंबर 2026 को दोपहर 12 बजे किया जाएगा। इसके उपरांत दोपहर 2 बजे शोक सभा आयोजित होगी। कार्यक्रम का आयोजन श्री बाबा बालक नाथ सिद्ध पीठ, सेक्टर-62, नोएडा में किया जाएगा। शोकाकुल परिवार ने सभी शुभचिंतकों, रिश्तेदारों एवं परिचितों से कार्यक्रम में पहुंचकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि अर्पित करने का अनुरोध किया है।

दिवंगत राजकुमारी गुप्ता के परिवार में उनके पुत्र डॉक्टर अनिल गुप्ता एवं मुकेश गुप्ता (पत्रकार) सहित परिवार के अन्य सदस्य शामिल हैं। परिवार के अनुसार, इस दुख की घड़ी में सभी परिजनों एवं शुभचिंतकों का सहयोग और संवेदना परिवार को संबल प्रदान कर रही है। शोकाकुल परिवार में अंकित गुप्ता, अनुराग गुप्ता, कृष्णा गुप्ता, रतन गुप्ता एवं समस्त गुप्ता परिवार शामिल है। परिवार ने सभी से दिवंगत आत्मा की शांति एवं परिवार को इस अपार दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की है।

**आह्वान** भारतीय किसान सेना ने देशव्यापी आंदोलन का किया ऐलान, रविन्द्र त्यागी (रब्बू भैया) ने जनता से एकजुट होने की अपील की

# स्मार्ट मीटर और RDSS स्कीम के विरोध में 20 सितंबर को डिजिटल भारत बंद का आह्वान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**गाजियाबाद/नई दिल्ली।** भारतीय किसान सेना के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष रविन्द्र त्यागी (रब्बू भैया) ने स्मार्ट मीटर और RDSS (Revamped Distribution Sector Scheme) के विरोध में आगामी 20 सितंबर 2026, दिन रविवार को डिजिटल भारत बंद का आह्वान किया है।

रविन्द्र त्यागी ने कहा कि देश की जनता स्मार्ट मीटर से परेशान है। बड़ी संख्या में बिजली उपभोक्ताओं द्वारा अत्यधिक एवं गलत बिजली बिल, बिलिंग व्यवस्था में पारदर्शिता की कमी तथा स्मार्ट मीटर से संबंधित विभिन्न समस्याओं की शिकायतें की जा रही हैं। इसके बावजूद आम जनता की शिकायतों और परेशानियों को गंभीरता से लेने के बजाय उन्हें नजरअंदाज किया जा रहा है।



रविन्द्र त्यागी (रब्बू भैया)

उन्होंने आरोप लगाया कि कई स्थानों पर बिजली विभाग द्वारा जनता को डराया-धमकाया जाता है, झूठे आश्वासन दिए जाते हैं तथा अलग-अलग तरीकों से बरगलाकर पुराने पारंपरिक मीटर हटाकर स्मार्ट मीटर लगाने के लिए दबाव बनाया जाता है।नए बिजली कनेक्शन के मामलों में भी स्मार्ट मीटर लगाए जाने को लेकर उपभोक्ताओं के बीच असंतोष है। रविन्द्र त्यागी ने कहा कि बिजली देश की जनता की मूलभूत आवश्यकता है और बिजली व्यवस्था से जुड़े किसी भी बड़े बदलाव में उपभोक्ताओं की सुविधा, सहमति, पारदर्शिता और शिकायत निवारण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

**स्मार्ट मीटर से जुड़े डेटा और निजता का सवाल**

भारतीय किसान सेना ने स्मार्ट मीटर के माध्यम से उपभोक्ताओं के बिजली उपयोग से संबंधित डेटा के संग्रह और इस्तेमाल को लेकर भी गंभीर सवाल उठाए हैं। रविन्द्र त्यागी ने कहा कि सरकार और बिजली वितरण कंपनियों को जनता के सामने स्पष्ट करना चाहिए कि स्मार्ट मीटर से प्राप्त उपभोक्ता डेटा किस प्रकार एकत्र किया जाता है। कहां सुरक्षित रखा जाता है, उसका इस्तेमाल कौन करता है और क्या वह डेटा किसी यूटिलिटी कंपनी अथवा तीसरे पक्ष के साथ साझा किया जाता है।

उन्होंने कहा कि जनता की निजता और व्यक्तिगत डेटा की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। उपभोक्ताओं को उनके डेटा के संबंध में स्पष्ट जानकारी और पर्याप्त कानूनी सुरक्षा मिलनी चाहिए।

**RDSS स्कीम को लेकर भी जवाबदेही की मांग**

रविन्द्र त्यागी ने कहा कि RDSS योजना के नाम पर बिजली व्यवस्था में किए जा रहे बदलावों की पूरी पारदर्शिता के साथ समीक्षा होनी चाहिए। सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि इस योजना का वास्तविक लाभ आम बिजली उपभोक्ता, किसान और गरीब परिवारों को किस प्रकार मिलेगा।

उन्होंने कहा कि ऐसी कोई भी व्यवस्था स्वीकार नहीं की जा सकती जिससे आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़े, उपभोक्ताओं की परेशानी बढ़े या बिजली व्यवस्था में पारदर्शिता और जवाबदेही कम हो।

**अपनी समस्या का वीडियो बनाएं और सरकार तक अपनी आवाज पहुंचाएं**

रविन्द्र त्यागी ने देश के सभी बिजली उपभोक्ताओं से विशेष अपील करते हुए कहा कि जिस किसी को स्मार्ट मीटर से संबंधित समस्या है, वह अपनी समस्या का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करे और अपनी आवाज सरकार, बिजली विभाग तथा संबंधित बिजली वितरण कंपनी तक पहुंचाए।

# गौवंश के अंतिम संस्कार के लिए अलग स्थल की मांग

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**मोदीनगर (अनवर खान)।** गौ रक्षा दल से जुड़े गुलशन राजपूत ने एसडीएम को मांग पत्र प्रेषित कर मुरादनगर नगर पालिका क्षेत्र में मृत गौवंश के अंतिम संस्कार के लिए डंपिंग ग्राउंड के बजाय स्वच्छ एवं सम्मानजनक स्थान उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने भविष्य के लिए स्थायी गौ-समाधि स्थल के लिए भूमि चिन्हित किए जाने की भी मांग की।

मांग पत्र में गुलशन राजपूत ने कहा कि वर्तमान में मृत गौवंश का अंतिम संस्कार या निस्तारण डंपिंग ग्राउंड में किया जा रहा है। जहां चारों ओर कूड़ा-कचरा और गंदगी रहती है। उन्होंने कहा कि इससे धार्मिक भावनाएं आहत होती हैं तथा गौवंश का सम्मानजनक ढंग से अंतिम संस्कार नहीं हो पाता। उन्होंने प्रशासन से गौवंश के अंतिम संस्कार के लिए स्वच्छ और एकांत स्थान चिन्हित करने तथा वहां जेसीबी से गड्ढा खोदने की समुचित व्यवस्था किए जाने की मांग की। साथ ही भविष्य के लिए स्थायी गौ-समाधि स्थल विकसित करने के उद्देश्य से भूमि चिन्हित करने का आग्रह किया।

गुलशन राजपूत ने मांग पत्र में कहा कि प्रशासन को नगरवासियों एवं गौ-भक्तों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए इस मामले में शीघ्र उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि अलग स्थान की व्यवस्था होने से मृत गौवंश का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

# विद्युत लाइन सही करने गए लाइनमैन को लगा करंट सीएचसी में भर्ती

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** उपभोक्ता की शिकायत पर विद्युत लाइन सही करने गए संविदा



सीएचसी में भर्ती घायल लाइनमैन

लाइनमैन को लगा करंट, हालत गंभीर होने पर लाइनमैन को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया गया,जहां पर चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार कर घर भेज दिया गया। सोम वार को अब्दुल्लाह कॉलोनी में स्थित ट्रांसफार्मर में कुछ खराबी आने के कारण कॉलोनी की विद्युत आपूर्ति बंद हो गई थी।उपभोक्ताओं के द्वारा बिजली घर में शिकायत दर्ज कराई गई तो संविदा लाइनमैन धीरज एवं नन्हे विद्युत लाइन सही करने के लिए पहुंचे लाइनमैन धीरज के द्वारा विद्युत घर में स्टेशन ऑफिसर विद्युत लाइन का शट-डाउन लिया, इसके बाद नन्हे के द्वारा ट्रांसफार्मर से लाइन सही करने का प्रयास किया गया तो तभी नन्हे को विद्युत करंट लगने के कारण वह घायल हो गया।जिसकी सूचना धीरज के द्वारा विद्युत अधिकारियों को दी गई। सूचना मिलते ही अवर अभियंता अजय कुमार विद्युत कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचे और घायल लाइन मेन नन्हे को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया।चिकित्सकों द्वारा घायल का उपचार किया गया और उसे घर भेज दिया गया। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेद्र सिंह ने बताया कि विद्युत करंट की चपेट में आकर लाइनमेंन नन्हे घायल हो गया था। जिसका उपचार कर उसे घर भेज दिया गया है।

# ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों में धांधली और भ्रष्टाचार का आरोप

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** सोमवार को तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान ब्लॉक क्षेत्र के की ग्राम पंचायत कनैटा के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान नगीना और मनरेगा मेट के खिलाफ संपूर्ण समाधान दिवस में

**ग्रामीणों ने संपूर्ण समाधान दिवस में किया प्रदर्शन**

जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा।

ग्रामीणों के द्वारा ज्ञापन सौंपकर ग्राम प्रधान पर विकास कार्यों के नाम पर शासकीय धनराशि का दुरुपयोग और फजीर्वाड़े का गंभीर आरोप लगाते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की।ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में पन्नालाल के घर से अमित के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क, मढैया में भगवत के घर से ओमी के घर तक मिट्टी भराव व सड़क निर्माण, और मझरा रुद्रपुर में कौशिन्दर के खेत में तालाब खुदाई का कार्य कराए बिना ही कागजों पर फर्जी तरीके से धनराशि निकाल ली गई।इसके अलावा, पूर्व प्रधान मुन्नेशाह द्वारा कराए गए कार्यों के नाम पर भी



तहसील कार्यालय में प्रधान के खिलाफ प्रदर्शन करते ग्रामीण

वर्तमान प्रधान द्वारा फर्जी वाउचर जारी कर लाखों रुपए हड़पने के आरोप लगाए गए हैं।

ज्ञापन में स्ट्रीट लाइट, उचित दर दुकान निर्माण और शॉक पिट निर्माण में भी भारी वित्तीय अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने तथा आरोपी प्रधान के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

प्रदर्शन करने वालों में अरविंद सिंह, प्रेमपाल सिंह, चंद्रपाल सिंह, यादराम, किशनलाल , ताराचंद, बलवीर, सोमपाल, परम सिंह , सोनू, कमल सिंह, महावीर, ओमपाल, चमन, जगराम, होशराम, चंद्रपाल ,सतपाल, खेमपाल, नरेंद्र,योगेश ,हरिराम, अरविंद कुमार, हर प्यारी, मुकेश, पवन, सतपाल, यशपाल आदि उपस्थित रहे।




# व्यापारी मंडलायुक्त से मिले, जलभराव की समस्या के समाधान की मांग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** संयुक्त व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने सोमवार को अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी एवं प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता के नेतृत्व में मुरादाबाद मंडल की नवनियुक्त मंडलायुक्त संगीता सिंह से मुलाकात की।इस दौरान व्यापार मंडल की ओर से मंडलायुक्त का पटका पहनाकर, बुके एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत और सम्मान किया।



मंडलायुक्त को स्मृति चिन्ह भेंट करते व्यापारी।

प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता ने व्यापारियों की ओर से मुरादाबाद महानगर की विभिन्न समस्याओं को मंडलायुक्त के समक्ष रखा।विशेष रूप से महानगर में जलभराव की समस्या का मुद्दा उठाते हुए कहा कि बारिश के दौरान कई क्षेत्रों में जलभराव होने से व्यापारियों के साथ-साथ आम नागरिकों को भी भारी असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। जलभराव के कारण बाजारों में व्यापार प्रभावित होता है। लोगों को आवागमन में परेशानी होती है।व्यापारियों ने मंडलायुक्त से जलभराव सहित अन्य समस्याओं का शीघ्र स्थायी समाधान कराने की मांग की।

मंडलायुक्त संगीता सिंह ने व्यापारियों को उनकी समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी,विपिन गुप्ता, आलोक अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, सुप्रीत खन्ना, विपुल भटनागर आदि मौजूद रहे।

# रुक-रुककर हो रही बारिश से लोगों का जनजीवन हुआ अस्त-व्यस्त

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्योहारा (बिजनौर)।** 15 दिन से लगातार रुक-रुककर हो रही बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।शुक्रवार और शनिवार को हुई भारी वर्षा ने तो धान की फसल को भारी नुकसान पहुंचाया है। वर्षा अभी भी रुकने का नाम नहीं ले रही है। मौसम विभाग के अनुसार से को सोमवार को भी भारी वर्षा का अनुमान है।

किरतपुर में बारिश में नहा रहे एक 11 वर्षीय बालक हम्माद की बारिश के पानी से भरे नाले में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई।हादसे से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। फुटेज में घटना के समय के हालात दिखाई दे रहे हैं।

इधर स्योहारा में भी मोहल्ला कस्बे में मोहम्मद नदीम का छज्जा गिरने से नीचे खडी.एक कार क्षतिग्रस्त हो गई। मोहल्ला हयात नगर, उस्मान नगर, इस्लाम नगर में बरसात का पानी घरों में घुसने से लोगों का जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। दूसरी ओर खो नदी का जलस्तर लगातार बढ़ने से ग्रामीण क्षेत्रों में बेचैनी बढ़ गई है। खादर क्षेत्र में किसानों से सुरक्षा के मद्देनजर नजर खेतों में जाने से मना किया गया है।नगीना-बढ़ापुर में भी फसलों पर भारी नुकसान का संकट बना हुआ है। जबकि अफजलगढ़ सरकारी अस्पताल में बरसाती पानी भरने से मरीजों के इलाज में परेशानी हो रही है।

अस्पताल में पानी लबालब भरा हुआ है। हाईवे 74 धामपुर नगीना शेरकोट के बीच कई स्थानों पर तालाब जैसी स्थिति बन गई है सड़कों पर एक फीट से भी अधिक पानी भरा हुआ है।

# यूपी में अपराध नहीं थम रहा, कानून व्यवस्था बर्बाद: जयवीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी की बैठक सोमवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने की। इस दौरान प्रदेश की कानून व्यवस्था, महंगाई,बिजली-पानी

**जलभराव समेत विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा**

की समस्या और बारिश के बाद शहर में जलभराव समेत विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सरकार पर निशाना साधा गया।

जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि प्रदेश में अपराध लगातार बढ़ रहा है।कानून व्यवस्था पूरी तरह बर्बाद हो चुकी है।रोजमर्रा की वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के कारण आम आदमी परेशान है। बिजली और पानी की किल्लत के साथ बारिश के बाद स्मार्ट सिटी मुरादाबाद में जगह-जगह जलभराव की समस्या लोगों के लिए



बैठक को संबोधित करते मुख्य अतिथि

मुसीबत बनी हुई है। आरोप लगाया कि सरकार जनसमस्याओं के समाधान के बजाय हिंदू-मुस्लिम, मंदिर-मस्जिद और भारत-पाकिस्तान जैसे मुद्दों में जनता को उलझाने का काम कर रही है।कहा कि भाजपा सरकार की नीतियों से किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी, हस्तशिल्प कारोबारी और निर्यातक समेत समाज का विभिन्न वर्ग प्रभावित है।शिक्षा, रोजगार और किसानों से जुड़े मुद्दों को भी उठाया।जयवीर यादव ने कहा कि लंबे समय से उत्पीड़न और उपेक्षा झेल रहे लोग अब जागरूक हो चुके हैं।किसी के बहकावे में नहीं आएंगे।जिला महासचिव फुरकान अली ने कहा कि जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने आरोप कि अल्पसंख्यक, पिछड़े और दलित समाज के साथ अन्याय बढ़ रहा है। कहा कि पीडीए अपनी एकजुटता दिखाएगा।सामाजिक न्याय एवं सौहार्द की स्थापना के लिए संघर्ष करेगा। बैठक में आसकार अली पाशा, नौशाद पाशा, चौ. अमान उल्ला खान, विक्रम सिंह यादव, मोईनुद्दीन, नवीन यादव, प्रदीप यादव, तालिब अंसारी, नबी हसन, जहां उल्ला खान, लुकमान खान, सुरेंद्र शर्मा, प्रेम बाबू वाल्मीकि, सलीम अख्तर, महमूद हसन, गौरव चौहान, हारून पाशा, हितेश यादव सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# श्री कृष्णा ढोल महोत्सव अंतर्गत लगाया ठाकुर जी का छप्पन भोग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** श्री राम सेवा समिति के द्वारा आयोजित श्री कृष्णा ढोल महोत्सव के तहत रविवार की देर रात्रि नगर के श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर पर भगवान श्री कृष्ण का 125 किलो मिठाई का छप्पन भोग महिला पदाधिकारी द्वारा लगाया गया। मुख्य यजमान के रूप में भाजपा नेता चंद्रपाल खड़गवंशी, राजीव अग्रवाल एवं आदेश अग्रवाल मौजूद रहे,ठाकुर जी के सामने भजन गायक सौरव मित्तल बहुत ही सुंदर तरीके से भजनों की प्रस्तुति दे कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।



श्री राम सेवा समिति ठाकुर जी का छप्पन भोग का प्रसाद लगाते हुए

सब भक्तों ने ठाकुर जी के जयकारे लगाकर पूरे शिवाला मंदिर में भक्ति का माहौल पैदा कर दिया।कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष पंकज भटनागर,विजय पारछा, मुकुल अग्रवाल, बबलू पाल, रूप किशोर सैनी, लखपत सैनी, पुनीत अग्रवाल, राजीव चौहान, दीपू, सौरव गुप्ता, रानू रस्तोगी, पुनीत अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, जतिन गुर्जर,मोहित सुशील अग्रवाल,जय अग्रवाल, मनु अग्रवाल, काव्य चंद्र, अंजू भटनागर, दीक्षा अग्रवाल,दीपमाला वर्मा, ममता शर्मा,आंचल अग्रवाल, सुनीता शर्मा,प्रमोद कुमार अग्रवाल,दामोदर शर्मा,नेत्रपाल सैनी,अजय गुप्ता,हर्ष भटनागर, अर्थ भटनागर,राहुल गुप्ता आदि भक्त मौजूद रहे।

# पेंशनर्स के लिए निःशुल्क मेडिकल कैंप आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** विद्युत पेंशनर्स परिषद शाखा मुरादाबाद के सहयोग से सोमवार को कांठ रोड स्थित कोस्मोस हॉस्पिटल में पेंशनर्स के लिए विशेष निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया। कैंप में करीब 75-80 पेंशनर्स अपने परिवार के सदस्यों के साथ पहुंचे और स्वास्थ्य संबंधी सुविधाओं का लाभ उठाया।

मेडिकल कैंप में चिकित्सकों द्वारा पेंशनर्स की निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की गई। आवश्यकता के अनुसार खून की जांच तथा एक्स-रे की सुविधा भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई। चिकित्सकों ने पेंशनर्स को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने और समय-समय पर नियमित जांच कराने की सलाह दी।कैंप में डॉ. अनुराग अग्रवाल, डॉ. सुमित गुप्ता और डॉ. जितेंद्र बोहरा ने अपनी सेवाएं प्रदान कीं। वहीं अस्पताल के स्टाफ से प्रदीप मिश्रा,सुनील




कैंप में शामिल लोग

कुमार, आकांक्षा और रेनू सहित अन्य कर्मचारियों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया।इस अवसर पर परिषद के पीके कपूर, एसपी सिंह, सुशील कुमार, अशोक कुमार गुप्ता, नरेंद्र कुमार, एसएस यादव, एके सिंघल, एसके अग्रवाल, एएम भटनागर, एल के त्यागी, देवेश चतुर्वेदी, मोहर सिंह और ओपी आहूजा सहित बड़ी संख्या में पेंशनर्स मौजूद रहे। कैंप में पेंशनर्स ने निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की।

# युवती काशीपुर में मिली कोर्ट में प्रेमी के साथ जाने की जताई इच्छा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**धामपुर।** क्षेत्र से लापता हुई एक युवती के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। युवती को उत्तराखंड के काशीपुर से बरामद किया गया है। पुलिस ने युवती के बयान दर्ज क?र न्यायालय में पेश किये जाने पर युवती ने प्रेमी के साथ जाने की इच्छा जताई।

जिसको लेकर काफी देर तक हंगामा हुआ। परिजनों ने युवती को काफी समझाने का प्रयास किया। लेकिन युवती परिजनों के साथ जाने को तैयार नहीं हुई। जानकारी के अनुसार युवती के अचानक लापता होने के बाद परिजन काफी परेशान हो गए थे। उन्होंने उसकी तलाश अपने स्तर से करने के साथ ही पुलिस को मामले की जानकारी दी थी।

पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए युवती की तलाश शुरू की और संभावित स्थानों पर दबिश दी थी। जांच के दौरान पुलिस को युवती के काशीपुर में होने की जानकारी मिली जिसके बाद पुलिस टीम ने उसे शुक्रवार को बरामद कर लिया। युवती की बरामदगी के बाद पुलिस ने उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया। न्यायालय में युवती प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। परिसर में मौजूद परिजन युवती को काफी समझाते रहे। परिवार की भावनाओं और परिस्थितियों का हवाला देते हुए घर लौटने के लिए मनाने का प्रयास भी किया गया,युवती ने अपने प्रेमी के साथ जाने की जिद पर अड़ी रही। परिजनों के लिए यह स्थिति बेहद भावुक और पीड़ादायक रही। मामले में पुलिस का कहना है युवती को बरामद करने के बाद नियमानुसार न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।न्यायालय में युवती द्वारा दिए गए बयान और आदेश के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। युवती के इस फैसले ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि बदलते समय में युवाओं के फैसलों और परिवार की अपेक्षाओं के बीच बढ़ती दूरी को किस तरह समझा जाए।प्रेम और भावनाओं से जुड़े मामलों में अक्सर परिवार और युवाओं के बीच परिजन समझाते रहे जाते लेकिन युवतियों की जिद आगे टकराव की स्थिति भी पैदा हो जाती है।ऐसे मामलों में भावनाओं के साथ-साथ कानून और संबंधित व्यक्ति की इच्छा का सम्मान करना भी आवश्यक है।

फिलहाल युवती की बरामदगी के बाद मामले में पुलिस की कार्रवाई आगे बढ़ रही है। न्यायालय के निर्णय और युवती के बयान के आधार पर ही उसकी आगे की स्थिति स्पष्ट होगी।

**सुरक्षा की गुहार** | **पेमपुर के मजरा हिम्मतनगर में 200 से अधिक लोग रहते**

# तीन दशक से जिस छत के नीचे बसी जिंदगी,अब बुलडोजर का डर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**भोट।** हिम्मतनगर के 55 परिवारों की चिंता- वर्षों की मेहनत से बनाए घर कहीं पलभर में मलबे में न बदल जाएं, डीएम से निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की गुहार

रामपुर। तीन दशक पहले जब यहां घरों की पहली नींव रखी गई होगी, तब शायद किसी ने नहीं सोचा होगा कि एक दिन इन्हीं दीवारों पर बुलडोजर का डर मंडराएगा। किसी ने मेहनत-मजदूरी की कमाई जोड़ी, किसी ने पाई-पाई बचाकर छत डाली और किसी ने अपने बच्चों के भविष्य के लिए जमीन पर घर खड़ा किया। वक्त बीतता गया और देखते ही देखते यहां घरों के साथ रिश्ते, परिवार और यादें भी बसती चली गईं।यही हिम्मतनगर की बस्ती करीब 55 परिवारों का आशियाना है। लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि जिस जमीन पर वे वर्षों से रह रहे हैं, उसे कृषि भूमि दर्शाकर बैनामा और दाखिल-खारिज करा दिया गया। अब मकान खाली करने का दबाव और बुलडोजर चलवाने की कथित धमकी ने परिवारों की नींद उड़ा दी है। तहसील सदर क्षेत्र की ग्राम पंचायत पेमपुर के मजरा हिम्मतनगर में 200 से अधिक लोग रहते हैं। ग्रामीणों का दावा है कि गाटा संख्या-01 की करीब 1.820 हेक्टेयर भूमि पर लगभग 30 वर्ष पहले आबादी बसनी शुरू हुई थी। उनके अनुसार तत्कालीन भूमि स्वामी अरविंद पांडे और उनके मुनीमों ने धनराशि लेकर जमीन ग्रामीणों को दी थी। हालांकि ग्रामीणों को इसकी रसीद उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके



कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते लोग

बाद लोगों ने अपनी हैसियत और मेहनत के मुताबिक घर बनाए और परिवार बसाते चले गए।आज इस बस्ती की तस्वीर किसी खाली कृषि भूमि जैसी नहीं है। यहां प्राथमिक विद्यालय है, मस्जिद है और कब्रिस्तान भी है। गलियों में सीसी रोड, नालियां और खड़ंजे हैं। ग्राम पंचायत ने विकास कार्य कराए हैं और सरकारी योजनाओं के तहत कई परिवारों को आवास भी मिले हैं। यहां रहने वालों के लिए यह जमीन सिर्फ खेत या गाटा संख्या नहीं, बल्कि उनका घर और उनकी पूरी जिंदगी है।ग्रामीणों के मुताबिक बाद में जमीन का कुछ हिस्सा हाईवे चौड़ीकरण की जद में आया। उस समय प्रशासन ने मौके पर मौजूद मकानों के स्ट्रक्चर का मुआवजा ग्रामीणों को दिया, जबकि भूमि का मुआवजा भूमि स्वामी अरविंद पांडे आदि को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि इससे उस समय मौके पर आबादी और मकानों के अस्तित्व की जानकारी प्रशासन को होने की बात सामने आती है।

**कई नामों पर रजिस्ट्री का आरोप**

ग्रामीणों का आरोप है कि आबादी बसने के बावजूद भूमि स्वामी ने जमीन की रजिस्ट्रियां अलग-अलग लोगों के नाम कर दीं। इनमें अजय कुमार, पूनम, बलवान सिंह, मैसर्स जेवर टैक्सटाइल प्राइवेट लिमिटेड, मोहम्मद यूनुस सैफी, दीपिका रस्तोगी और प्रीति जैन के नाम शामिल होने का दावा किया गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि रजिस्ट्री और दाखिल-खारिज के दौरान मौके पर मौजूद मकानों, विद्यालय, मस्जिद, कब्रिस्तान, पेड़ और बोरिंग आदि का उल्लेख नहीं किया गया, और भूमि को कृषि भूमि दशार्या गया। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मचारियों पर कथित मिलीभगत का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पत्नी से विवाद के बाद युवक ने जहरीला पदार्थ खाया, हालत गंभीर

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव ओसा माफी में सोमवार सुबह पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद एक युवक ने जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया।हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे।चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत में अमरोहा रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी चरन सिंह का सोमवार सुबह करीब 10 बजे किसी बात को लेकर पत्नी प्रियांशी से विवाद हो गया था। परिजनों के मुताबिक विवाद से नाराज होकर चरन सिंह ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। इसके बाद उसकी हालत बिगड़ गई।वह सड़क पर गिर गया। वहां से गुजर रहे ग्रामीणों ने घटना की जानकारी उसके परिवार को दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे।आनन-फानन में चरन सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए अमरोहा के लिए रेफर कर दिया। परिजनों का कहना है कि पति-पत्नी के बीच हुए विवाद के बाद ही चरन सिंह ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया।

### संपूर्ण समाधान दिवस में 26 शिकायतें हुई दर्ज,3 का मौके पर निस्तारण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** संपूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की फरियाद एसडीएम ने सुनी।संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 26 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें अधिकारियों ने 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कर दिया। बाकी बची 23 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग को दे दी। शनिवार को श्री कृष्ण राम ढोल शोभायात्रा का अवकाश घोषित होने पर सोमवार को तहसील कार्यालय के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में आए फरियादियों की फरियाद उपजिलाधिकारी हिमांशु उपाध्याय एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी यातायात अमित कुमार के द्वारा सुनी गई।संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 11, पुलिस विभाग की 8, विकास विभाग की 3 एवं अन्य विभागों की 3 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से अधिकारियों ने 3 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया, बाकी बची 23 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए गए।संपूर्ण समाधान दिवस संबंधित विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



समस्याएं सुनते अधिकारी

### भाकियू लोकशक्ति की मासिक बैठक का आयोजित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**हसनपुर।** नगर की टीचर कॉलोनी स्थित यूनियन के जिला कार्यालय पर सोमवार, को भारतीय किसान यूनियन लोकशक्ति की मासिक बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान सर्वसम्मति से बहादुर अली को संगठन का ब्लॉक उपाध्यक्ष मनोनित किया गया। बैठक में किसानों की



किसानों को संबोधित करते जिला अध्यक्ष

विभिन्न समस्याओं पर गंभीर मंथन किया गया।यूनियन ने मांग उठाई कि जब बाजार में चीनी 70 रुपए प्रति किलो बिक रही है, तो किसानों को गन्ने का भाव कम से कम 700 रुपए प्रति क्विंटल मिलना चाहिए। साथ ही बिजली विभाग के अधिकारियों के उपेक्षापूर्ण रवैये और बार-बार बिजली कटौती के कारण क्षेत्र में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर कड़ा आक्रोश जताया गया। किसानों ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में गैस सिलेंडरों के वितरण नियम में असमानता को दूर करने की मांग भी की। इसके अलावा 12-13 सितंबर को वाराणसी में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर की तैयारियों पर भी चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता बहादुर अली ने की तथा संचालन राजपाल सिंह चौहान ने किया। बैठक में राजपाल सिंह, मुस्तकीम, कैलाश और अनिल सहित कई किसान उपस्थित रहे।





# बारिश में गरीब महिला के मकान की दीवार गिरी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**शाहबाद।** लगातार हो रही बारिश के बीच मोहल्ला कानून गायन निवासी गरीब महिला सायरा पत्नी स्वर्गीय मुर्शद के मकान की दीवार शनिवार को अचानक भरभराकर गिर गई। गनीमत रही कि हादसे के समय कोई व्यक्ति उसकी चपेट में नहीं आया।दीवार गिरने से मकान क्षतिग्रस्त हो गया और महिला के सामने परिवार को सुरक्षित रखने के साथ ही मकान की मरम्मत कराने का संकट खड़ा हो गया है। पति के निधन के बाद सायरा अपने बेटे के साथ रहती हैं। परिवार का खर्च दूसरों के घरों में काम करके होने वाली आमदनी से चलता है।आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण मकान की क्षतिग्रस्त दीवार की मरम्मत कराना उनके लिए मुश्किल है। सायरा ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराकर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने तथा मकान की मरम्मत में मदद की गुहार लगाई है।

**दूसरों के घरों में काम कर बेटे का पेट पालती सायरा, प्रशासन से आर्थिक मदद की गुहार**

उनका कहना है कि बारिश के मौसम में मकान की हालत और खराब होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से महिला की स्थिति को देखते हुए तत्काल सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।

# पुलिस की गोली लगने से गोकश हुआ घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** पुलिस की मुठभेड़ में गोली लगने से गोकश घायल हो गया। उसको अस्पताल में भर्ती कराया गया। क्षेत्र में गौकशी की घटनाए लगातार बढ़ती चली जा रही है।

**शहजादनगर थाना क्षेत्र का मामला,कराया भर्ती**

पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिसोदिया के निर्देश पर अपराधियों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। उसी के चलते रविवार रात को थाना शहजादनगर पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्ति की चेकिंग की जा रही थी।चैकिंग के दौरान थाना शहजादनगर पुलिस को मुखबिर नें सूचना दी कि दो व्यक्ति मोटरसाइकिल पर गोकशी के उपकरण सहित अवैध असलहे आदि लिए हुए चमरपुरा के जंगलों में गोकशी करने की फिराक में है।सूचना पर थाना शहजादनगर पुलिस मुखबिर के बताएं स्थान पर पहुंची तो आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। जिसमे पुलिस पार्टी बाल-बाल बची। आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में आरोपी



अखलाक पुत्र वारिस निवासी ग्राम जुठिया थाना शहजादनगर घायल हो गया। घायल आरोपी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।एक आरोपी रिजवान पुत्र सल्लन निवासी ग्राम नौगवा थाना शहजादनगर अंधेरे एवं जंगल का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से गोवंशीय पशुओं को काटने के उपकरण बरामद हुए। थानाध्यक्ष कुलदीप राणा ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।बचे आरोपी को तलाश किया जा रहा है।

## संक्षिप्त समाचार

### आरटीओ बरेली ने एआरटीओ कार्यालय और एडीटीआई का किया निरीक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** परिवहन विभाग की व्यवस्थाओं की जांच के लिए संभागीय परिवहन अधिकारी बरेली पंकज सिंह ने एआरटीओ कार्यालय और ड्राइविंग टेस्टिंग ट्रैक (एडीटीआई) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में कामकाज सामान्य मिला और किसी विचौलिये की गतिविधि सामने नहीं आई। एआरटीओ कार्यालय में सुरक्षा के लिए लगे 11 सीसीटीवी कैमरे चालू मिले। उनकी रिकॉर्डिंग भी साफ पाई गई। संभागीय परिवहन अधिकारी ने सीसीटीवी रिकॉर्डिंग को सात दिन से बढ़ाकर 30 दिन सुरक्षित रखने के निर्देश दिए।इस दौरान कार्यालय में अपना काम कराने आए लोगों से पूछताछ की गई। किसी ने भी कर्मचारी या बाहरी व्यक्ति द्वारा काम कराने के बदले पैसे मांगने की शिकायत नहीं की।




लोगों से बातचीत करते अधिकारी

कार्यालय के आसपास भी बिचौलियों की कोई दुकान या ठिकाना नहीं मिला। अधिकांश लोग अपना काम खुद कराते हुए पाए गए।निरीक्षण के दौरान कार्यालय में तैनात कर्मचारियों की उपस्थिति और पहचान पत्र भी जांचे गए। दो कर्मचारियों के पास विभागीय पहचान पत्र नहीं मिला। उन्हें पहचान पत्र उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर साफ और रिकॉर्ड रूम भी व्यवस्थित पाया गया। एडीटीआई में भी आवेदकों से पूछताछ की गई। किसी ने अवैध पैसे लिए जाने या अन्य अनियमितता की शिकायत नहीं की। पूर्व में हुए ड्राइविंग टेस्ट की वीडियो रिकॉर्डिंग और परिणाम की जांच की गई, जो संतोषजनक पाए गए।आरटीओ ने एडीटीआई के कर्मचारियों को पहचान पत्र पहनकर ड्यूटी करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने वेटिंग एरिया में ड्राइविंग टेस्ट से जुड़ी जानकारी प्रदर्शित करने तथा परिसर में सड़क सुरक्षा से संबंधित पोस्टर और संदेश लगाने को भी कहा गया।

# सर्राफा बाजार की सड़क खस्ताहाल, लोग परेशान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** शहर की जामा मस्जिद सर्राफा बाजार की सड़क में चार में ही जगह-जगह गड्ढे हो गए है। अप्रैल में सड़क का कार्य कराया गया था तो उस पर गुणवत्ता पर व्यापारियों ने सवाल खड़े किए थे। इसका निष्कर्ष यह है सड़क में हुए गड्ढों में जलभराव है। इसी कारण राहगीरों को आने-जाने में काफी दिक्क्तों का सामना करना पड़ रहा है। इमाम जामा मस्जिद नायब इमाम ए शहर मौलवी फैजान खां, सर्राफा व्यापारी मुकुल रस्तोगी का कहना है कि चंद महीनों पहले ही नगर पालिका द्वारा जर्जर सड़क को सही कराया गया था। लेकिन इसकी स्थिति जैसी पहले थी अब वैसे ही हो गई है। कहा कि शहर की पानी की टंकियों, नालियों की सफाई नहीं हो पा रही है। इसको लेकर कई बार जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी, सर्राफा व्यापारी अवगत करा चुके है। लेकिन इसको लेकर पालिका प्रशासन द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। कहा कि सड़क के सिलसिले में जिम्मेदारों को बताया गया है दो दिन पहले हुई बारिश के बीच कई लोगों के वाहन गिरे है। जिलाधिकारी से मांग है कि सर्राफा बाजार समेत शहर की अधिकतर सड़कों को सही कराया जाए।



सरार्फा बाजार में बातचीत में करते मौलवी फैजान खां, सरार्फा बाजार मुकुल रस्तोगी।

# मुख्यमंत्री के हाथों सम्मानित वेलेंटीना विक्टर का रामपुर पहुंचने पर स्वागत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** राज्य अध्यापक पुरस्कार-2025 से सम्मानित होकर सोमवार को रामपुर लौटीं नगर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय अहमदनगर जागीर की प्रधानाध्यापिका वेलेंटीना विक्टर का मोहल्लेवासियों ने स्वागत किया। गोरखपुर में शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित किया था।



शिक्षिका स्वागत करती महिलाएं

राधा रोड स्थित राधा विहार कॉलोनी, जहां वेलेंटिना विक्टर निवास करती हैं, में मोहल्लेवासियों ने उनके सम्मान में बैंड-बाजे के साथ फूल बरसाकर स्वागत किया। लोगों ने फूल-मालाएं पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया।वेलेंटिना विक्टर ने विद्यालय के शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाने और छात्र नामांकन बढ़ाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए। उनके कार्यभार ग्रहण करने के समय विद्यालय में छात्र संख्या 72 थी, जो अब बढ़कर 165 हो गई है। नैना साहनी, राजू अरोरा, हैप्पी, रॉबी, दीपू, दिनेश तोमर, रोमी, राज सागर, अमन सागर, फरहा सिद्दीकी, मेहवश तनवीर, रिम्पी, सोहेल खां, रुबीना, सुशील कुमार, अनीता अरोरा, गोल्डी शुक्ला मौजूद रहे।

### स्वाइन फ्लू: हरिया कलां में 362 संदिग्ध मरीजों के लिए नमूने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** बिलासपुर में स्वाइन फ्लू के तीन केस मिलने के बाद सोमवार को तीन टीमों ने गांव हरिया कला अनवरिया, तलीबाबाद बिलासपुर, बिलासपुर अर्बन एरिया में पहुंचकर 362 संदिग्ध मरीजों के नमूने लेकर जांच को भेजे गए। जनपद में स्वाइन फ्लू दिन ब दिन बहर बरपा रहा है। अब तक चार स्वाइन फ्लू के केस सामने आ चुके हैं। पहला केस शहर के मोहल्ला घेर कलंदर खां, जबकि रविवार को तीन केस बिलासपुर के गांव हरिया कलां में सामने आ चुके हैं। केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग की तीन टीमों ने संक्रमितों के संपर्क आए और संदिग्ध मरीजों के सैंपल लेकर जांच को भेजे गए हैं। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ.सत्यप्रकाश ने बताया कि सोमवार को टीमों ने 75 घर, 362 संदिग्ध मरीजों को सैंप लिए है। मां-बेटी की रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद दोनों को दवाएं उपलब्ध कराई गई है। सोमवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची। परिजनों और आसपास के लोगों के सैंपल लिए। लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है बुखार, खांसी, जुकाम होने पर तुरंत ही चिकित्सक से सलाह लें।



बिलासपुर के गांव हरिया कलां में ग्रामीणों से बातचीत करती टीम।

# ससुराल जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मिलक।** एक युवक की सड़क हादसे में मौत हो गई। वह अपनी पत्नी और बेटी को ससुराल से घर लाने जा रहा था। अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। यह घटना रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे मिलक-पटवाई मार्ग पर कुंदनपुर गांव के पास हुई। पटिया गांव के रहने वाले 38 साल के प्रमोद गंगवार उत्तराखंड के रुद्रपुर की एक फैक्ट्री में काम करते थे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर वह परिवार के साथ गांव आए थे।प्रमोद ने अपनी पत्नी विमलेश और इकलौती बेटी 12 वर्षीय आस्था को उनकी ननिहाल ऐंचोरा में छोड़ा था। सोमवार को परिवार के सभी सदस्यों के एक साथ रुद्रपुर जाने की योजना थी। रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे प्रमोद अपनी पत्नी और बेटी को घर लाने के लिए बाइक से ऐंचोरा स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे। कुंदनपुर गांव के पास किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और काफी देर तक वहीं पड़े रहे। सड़क से गुजर रहे राहगीरों ने उन्हें देखा तो पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।करीब साढ़े दस बजे एंबुलेंस से प्रमोद को मिलक के सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया। वहां डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।हादसे की खबर मिलते ही पत्नी विमलेश और बेटी आस्था अन्य परिजनों के साथ अस्पताल पहुंचीं। प्रमोद का शव देखते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरा और देर रात पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर परिवार के साथ गांव आये थे**



मृतक का फाइल फोटो

प्रमोद दो भाइयों और दो बहनों में सबसे बड़े थे।रुद्रपुर की फैक्ट्री में काम करके वह परिवार का पालन-पोषण करते थे। हादसे की खबर मिलते ही उनके पैतृक गांव पटिया में रिश्तेदारों और परिचितों के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया। परिजन शव के गांव पहुंचने का इंतजार कर रहे हैं। पुलिस अज्ञात वाहन और उसके चालक की तलाश में जुट गई है।

# विकास भारती स्कूल में छात्र परिषद अलंकरण समारोह, छात्र पदाधिकारियों ने ली शपथ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मसवासी।** विकास भारती स्कूल में विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता,अनुशासन और जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के उद्देश्य से छात्र परिषद अलंकरण समारोह आयोजित किया। समारोह में नवनियुक्त छात्र पदाधिकारियों को उनके पदों की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। कर्तव्यों का ईमानदारी, निष्ठा व अनुशासन के साथ निर्वहन करने की शपथ दिलाई।समारोह में कमांडर अबुजर, हेड बॉय हिमांशु और हेड गर्ल फरीदा को जिम्मेदारी सौंपी गई। स्पोर्ट्स कैप्टन कासिम और स्पोर्ट्स वाइस कैप्टन मानवी नियुक्त किए गए।वहीं, डिसिप्लिन इंचार्ज के रूप में भास्कर और कार्तिक तथा एक्टिविटी इंचार्ज के रूप में अनमोल और अमन को दायित्व सौंपा गया।चारों सदनों के कैप्टन और वाइस कैप्टन ने भी पद की




कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे

शपथ ली।अरावली सदन से वंशिका और प्रशांत,नीलगिरि सदन से कार्तिक और मनु, विंध्य सदन से अर्श अब्दुल्ला और चमन दीप तथा हिमालय सदन से याशी और उमेश को जिम्मेदारी दी।

### सांस फूलना, नींद नहीं आना- नाखून पीले पड़ना सी श्रेणी के लक्षण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** स्वाइन फ्लू को लेकर जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने बताया कि सांस फूलना, नींद नहीं आना और नाखून पीले पड़ना जैसे लक्षण स्वाइन फ्लू के सी श्रेणी में आते हैं। अगर किसी व्यक्ति में यह लक्षण मिलते है उसको जिला अस्पताल में बनाए गए 10 बेड के बने वार्ड में भर्ती कराकर उपचार कराया जाएगा। सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि स्वाइन फ्लू को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया है। ए श्रेणी में हल्का बुखार, गले में खराश और बदन में दर्द है तो वह घर में ही रहकर उपचार करें। बी में दो श्रेणी है ऐसे मरीज जिनमें दर्द, गले में खराश है तो वह भी सामान्य दवा लेकर घर में उपचार में करें, दूसरी श्रेणी में गर्भवती, 65 वर्ष से अधिक से फेफड़े में कोई दिक्कत है या फिर कोई परेशानी है तो वह सी श्रेणी में रखा गया है। सी श्रेणी में सांस फूलना, नींद नहीं आना, ब्लड प्रेशर डाउन, सही तरीके से खा पी नहीं पा रहे हैं या फिर नाखून पीले पड़ रहे हैं। ऐसे लक्षण मिलने पर जांच कराई जाएगी। अगर जांच में कोई पाजिटिव आते है तो दवा दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन से पांच बेड के गाइडलाइन मिली थी। लेकिन अस्पताल प्रशासन की ओर से 10 बेड का वार्ड आरक्षित किया गया है। अगर कोई सी श्रेणी में मरीज आता है तो बनाए गए वार्ड में उपचार कराया जाएगा।

# भागवत कथा के समापन पर निकाली शोभायात्रा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मसवासी।** नगर में भागवत कथा के समापन के अवसर पर सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नगर में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। डीजे पर बज रहे भक्ति गीतों की धुन पर युवा और महिलाएं जमकर झूमे। शोभायात्रा मोहल्ला चाऊपुरा स्थित शिव मंदिर की धर्मशाला से प्रारंभ हुई।इसके बाद मुख्य बाजार से होते हुए भूवरा पहुंची और शिव मंदिर पर जाकर संपन्न हुई।शोभायात्रा में श्रद्धालु भक्ति गीतों पर नाचते-गाते चल रहे थे।नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया।शोभायात्रा के समापन के बाद शिवमंदिर परिसर में हवन-पूजन और महाआरती का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। मदनलाल मौर्य, विजय गुप्ता,दीपक मौर्य,संजीव कुमार वर्मा, गणेश मौर्य, पुलकित मौर्य, तुषार मौर्य समेत बड़ी संख्या में पुरुष और महिलाएं मौजूद रहे।

**नगर में जगह-जगह हुआ पुष्पवर्षा से स्वागत, भक्ति गीतों पर झूमे श्रद्धालु**



शोभायात्रा में शामिल भक्त

# 50 बीघा प्लाटिंग पर चली आरडीए की जेसीबी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** गांव बगी में अनाधिकृत तरीके से भू माफियाओं द्वारा रामपुर विकास प्राधिकरण की बिना अनुमति से 50 बीघा में की जा रही प्लाटिंग पर जेसीबी ने ध्वस्त कर दिया। जबकि सींगन खेड़ा में अनाधिकृत रूप से बनाए गए प्रथम, द्वितीय तल पर भी सील कर दिया गया है। विभागीय की इस कार्रवाई से अन्य भू माफियाओं में खलबली मची हुई है। सोमवार को तहसीलदार रणवीर सिंह के संग सहायक अभियंता मनोज कुमार सिसोदिया तमाम दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने देखा कि मदनलाल द्वारा सींगनखेड़ा में 548 वर्गमीटर में 21 आरसीसी कॉलम खड़े दुकानों का निर्माण, जबकि खौद में सलामत जान ने 150 वर्गमीटर में प्रथम, द्वितीय तल का निर्माण कराया गया। उन्होंने बताया कि अनाधिकृत निर्माण को लेकर नोटिस जारी किए गए। सुनवाई के बाद सचिव द्वारा प्राधिकरण द्वारा सील आदेशानुसार सीलबंदी कार्रवाई की गई। जबकि गांव बगी में मुनव्वर रूपनारायण, नासिर खां द्वारा 10 बीघा, शमीम, नासिर खां, आरिज खां द्वारा 40 बीघा में प्लाटिंग को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया गया है। ध्वस्तीकरण कार्रवाई के दौरान अवर अभियंता रवि शंकर, थाना गंज और अजीम नगर पुलिस मुस्तैद रही।

**सींनगखेड़ा के दो स्थानों पर बन रही दुकानों पर लगाई गई सील**





गांव बगी में प्लाटिंग को ध्वस्त करती जेसीबी।
सींगनखेड़ा में सीलबंदी कार्रवाई करते कर्मचारी।

### टीएमयू के स्टार्टअप लीगल लॉक जर्नल्स को यूपी सरकार देगी 7.50 लाख की मदद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी मुरादाबाद के तीर्थंकर महावीर इन्नोवेशन फाउंडेशन-टीएमआईएफ से संबद्ध लीगल लॉक जर्नल्स- एलएलपी को यूपी सरकार की ओर से 7.50 लाख रुपए की मदद मिलेगी। उल्लेखनीय है, उत्तर प्रदेश सरकार की स्टार्टअप नीति-2020 के तहत पहली किस्त के रूप में 3 लाख रुपए बतौर सीड कैपिटल-मार्केटिंग की सहायता को दे दिए गए हैं। यह पहल प्रदेश के स्टार्टअप इकोसिस्टम को सशक्त बनाने और उद्यमियों को प्रोत्साहित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। तीर्थंकर महावीर इन्नोवेशन फाउंडेशन-टीएमआईएफ, तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में इनक्यूबेटेड स्टार्टअप लीगल लॉक जर्नल्स-एलएलपी की स्थापना पार्थ जैन ने की है।वरुण अग्रवाल इसके सह-संस्थापक हैं। इस उपलब्धि से गदगद एलएलपी के संस्थापक पार्थ जैन और सह-संस्थापक वरुण अग्रवाल ने टीएमयू के एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन से शिष्टाचार मुलाकात की।जैन ने दोनों को बधाई देते हुए कहा कि वे अपनी दूरदृष्टि से एलएलपी को बुलंदियों तक ले जाएं।टीएमयू के दरवाजे उनके लिए चौबीसों घंटे खुले हैं। स्टार्टअप कानूनी एवं पेशेवर सेवाओं के क्षेत्र में नवाचार आधारित समाधान विकसित करने की दिशा में कार्यरत है।टीएमआईएफ के स्टार्टअप के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। टीएमआईएफ की मैनेजर श्रीमती ज्योति मदान कहती हैं, टीएमयू अपने इनक्यूबेटेड स्टार्टअप्स को सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता, मेंटरशिप एवम् दीगर आवश्यक संसाधनों तक पहुंच प्रदान कर उनके विकास को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन से मुलाकात के समय टीएमआईएफ के डिप्टी मैनेजर दीपक जैन की भी मौजूदगी रही।



मौजूद अधिकारी

**हॉकी प्रतियोगिता**

## प्रदेश स्तरीय केजीबीवी बालिका हॉकी प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल का दबदबा

# अंडर-14 व अंडर-17 दोनों वर्गों में जीता प्रथम स्थान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**रामपुर।** राज्य स्तरीय केजीबीवी बालिका हॉकी प्रतियोगिताएं हॉकी एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम सींगन खेड़ा हुआ। प्रदेश स्तरीय बालिका हॉकी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने शानदार खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में मुरादाबाद मंडल, लखनऊ मंडल एवं महराजगंज मंडल की टीमों ने प्रतिभाग किया।
प्रतियोगिता के अंडर-14 वर्ग में मुरादाबाद मंडल की टीम ने शानदार प्रदर्शन कर 2-0 से लखनऊ मंडल से बढ़त बनाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।लखनऊ मंडल की टीम उपविजेता (रनरअप) रही।अंडर-17 वर्ग में भी मुरादाबाद मंडल की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया तथा इसमें भी लखन ऊ मंडल की टीम उपविजेता रही।प्रतियोगिता का शुभारंभ प्रभारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार द्वारा हॉकी बॉल हिट कर किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन बालिका शिक्षा के जिला समन्वयक जानिसार अख्तर की देखरेख में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मियां एवं अनीसा लतीफ ने निर्णायक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कुमारी मुस्कान ने मैच रेफरी तथा निदा खुशनूद ने मैच स्कोर की भूमिका निभाई।आयोजन के दौरान जिला समन्वयकों राहुल सक्सेना, रफत खान, राहुल कुमार, अंकित सक्सेना, सुनील कुमार, अमित कुमार सक्सेना एवं सतेंद्र कुमार शर्मा, पंकज कुमार,ऋतू, विकास कुमार उमेश पाल सिंह, निसार अहमद, अली खान सहित विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान जिला क्रीड़ा अधिकारी संतोष कुमार एवं हॉकी ओलम्पिक खिलाडी कोच राजेंद्र रावत ने भी प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी,जिला क्रीड़ा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारियों एवं जिला समन्वयकों द्वारा विजेता एवं उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।अधिकारियों ने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दीं। अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बालिकाओं में खेल प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास, अनुशासन, टीम भावना एवं नेतृत्व क्षमता का विकास करती हैं। अंत में खेल संपन्न होने की घोषणा करते हुए सफल आयोजन के लिए सभी आयोजकों, निर्णायकों, रेफरी, स्कोरर, शिक्षकों एवं सहयोगी कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया गया। मुरादाबाद मंडल द्वारा अंडर-14 और अंडर-17 दोनों वर्गों में प्रथम स्थान प्राप्त करना प्रतियोगिता का विशेष आकर्षण रहा।प्रतियोगिता का संचालन जिला व्यायाम शिक्षक मोहम्मद सलीम मिया द्वारा किया गया।





पुरस्कार के साथ मौजूद टीम। मैदान पर भिड़ती टीमें

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश
https://bulandsandesh.Com





# प्रधानमंत्री ने अपने जीवन गरीब, किसान, युवा को समर्पित किया: हरीश

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा और समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित किए जा रहे सेवा संकल्प अभियान-2026 को लेकर भाजपा जिला कार्यालय पर जिला कार्यशाला आयोजित की गई।

### भाजपा जिला कार्यालय पर जिला कार्यशाला आयोजित की

भाजपा जिला प्रभारी राजा वर्मा ने कार्यकताओं को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक चलेगा। इस दौरान आशीर्वाद का दीया,सेवा चित्र,सेवा स्मरण, आंगन का मिलन,कहानी बदलाव की,25 साल-25 कहानी,सेवा ज्योति यात्रा,सेवा मेरा योगदान,सेवा सेतु अभियान और सेवा रंग सहित विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल एक व्यक्ति की राजनीतिक यात्रा नहीं, बल्कि सेवा, सुशासन और राष्ट्र निर्माण के संकल्प की 25 वर्ष की गौरवशाली यात्रा है।प्रधानमंत्री ने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण गरीब, किसान, युवा, महिला और समाज के प्रत्येक वर्ग के कल्याण के लिए समर्पित किया है। उनके नेतृत्व में देश ने विकास और आत्मविश्वास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से हम प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सेवा कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं से आए सकारात्मक बदलाव को जन-जन तक पहुंचाएंगे तथा विकसित भारत-2047 के संकल्प को और मजबूत करेंगे।



कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद अतिथि

भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा को केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि अपने आचरण का हिस्सा बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करेगा। कार्यक्रम संयोजक जगपाल यादव ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के सेवा एवं समर्पण को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

**यह रहे मौजूद**

सौरभ लोधी, राजीव लोचन,बीना भारद्वाज, अभय गुप्ता, मोहनलाल सैनी, सुभाष भटनागर, चित्रक मित्तल,अर्चना गंगवार, मोहित सैनी, रविंद्र सिंह रवि, जगपाल सिंह यादव, मोहन कुमार लोधी, सुनीता सिंह सैनी, आकाश सक्सेना, सतनाम सिंह, प्रदीप गुप्ता, विवेक रुहेला, कुंवर बहादुर, पवन शर्मा, नवदीप सैनी, नरेंद्र सिंह, वेद प्रकाश सागर, रघुवीर जाटव, कांता प्रसाद लोधी, ऋषभ ठाकुर, अनुभव शर्मा, सुनील लोधी,शुभम सक्सेना, पूजा शर्मा, श्वेता शर्मा, अंकुश चौधरी, शुभांक गंगवार, अवधेश शर्मा, आदि जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसपी ने कोतवाली और सिविल लाइन थाने का किया निरीक्षण

### विभिन्न पोर्टल पर की जाने वाली फीडिंग का अवलोकन किया

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार सिसोदिया ने रविवार रात को थाना सिविल लाइन और कोतवाली का निरीक्षण किया।इस दौरान थाने के अभिलेखों के रख रखाव, उसमें अंकित की जाने वाली प्रविष्टि, साफ सफाई को चेक किया।साथ ही थाना परिसर में बने कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष,साइबर सैल, मालखाना, हवालात, भोजनालय, विवेचना कक्ष आदि की व्यवस्थाओं एवं साफ सफाई तथा विभिन्न पोर्टल पर की जाने वाली फीडिंग का अवलोकन कर संबंधित को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए ।इसके अलावा थाना कोतवाली का निरीक्षण किया। इस दौरान थाने के अभिलेखों के रखरखाव, उनमे अंकित की जाने वाली प्रविष्टि, साफ सफाई को चेक किया।साथ ही थाना परिसर में बने कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष,साइबर सैल, मालखाना, हवालात, भोजनालय, विवेचना कक्ष आदि की व्यवस्थाओं एवं साफ सफाई तथा विभिन्न पोर्टल पर की जाने वाली फीडिंग का अवलोकन कर संबंधित को निर्देश दिए।





कोतवाली थाने का निरीक्षण करते एसपी

# रैली को लेकर जनसम्पर्क अभियान जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (अठावले) की ओर से 13 सितंबर को होने वाली रैली को सफल बनाने के लिए जनसम्पर्क अभियान तेज कर दिया गया है।पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों से रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की।

पदाधिकारियों ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता गांव-गांव और मोहल्ले-मोहल्ले जाकर लोगों को महारैली की जानकारी दे रहे हैं तथा रैली में बड़ी संख्या में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए लगातार जनसम्पर्क कर रहे हैं। नेताओं ने कहा कि 13 सितंबर की रैली को ऐतिहासिक बनाने के लिए संगठन पूरी ताकत के साथ जुटा हुआ है। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव एवं मुरादाबाद मंडल प्रभारी सलीम मलिक,जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद सैफी, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मोहम्मद आलिम, जिला उपाध्यक्ष इकबाल खान, जिला महासचिव जावेद मियां, इस्तिखार एवं निसार सहित पार्टी के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग

# लक्ष्मी नगर के बाशिंदों ने जिलाधिकारी को भेजा ज्ञापन

### मोहल्ला लक्ष्मी नगर, ज्वाला नगर में रोड, पक्की नाली, जल निकासी नहीं

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** ज्वाला नगर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर के निवासियों द्वारा जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रेषित किया गया है। ज्ञापन में कहा गया है कि मोहल्ले में लगभग 150-200 परिवार विगत कई वर्षों से निवास कर रहे हैं।

मोहल्ले की मुख्य एवं आंतरिक गलियों में आज भी कच्ची सड़क, टूटा खड़ंजा, खुली नाली, जलभराव और अंधेरा पसरा है। थोड़ी सी बारिश में ही गलियां दलदल में तब्दील हो जाती हैं। कीचड़-दुर्गंध, मच्छरों का प्रकोप आदि से बच्चों-बुजुर्गों का निकलना असंभव हो गया है।संबंधित विभाग द्वारा यह कहकर टाल दिया जाता है कि यह क्षेत्र नगर पालिका में नहीं आता है जबकि मोहल्ले के ही कुछ प्रभावशाली लोगों के घरों के सामने 50-70 मीटर के टुकड़ों में चुनिंदा निर्माण किया गया है।जिलाधिकारी से अनुरोध किया गया है कि जिला पंचायत राज अधिकारी, लोक निर्माण विभाग, विद्युत विभाग आदि को आदेशित करें कि मोहल्ला वासियों की समस्याओं का अविलंब समाधान करें। ज्ञापन में यह भी कहा गया है कि 15 दिनों में कार्यवाही न होने पर कॉलोनी वासी आईजीआरएस मुख्यमंत्री पोर्टल व मानवाधिकार आयोग में शिकायत के लिए बाध्य होंगे। ज्ञापन देने वालों में अजय कंबोज,वीरेंद्र कंबोज , सुख लाल सिंह लोधी, राम बहादुर गौतम , चमन सिंह गौतम, राकेश कुमार यादव, नरेश कुमार लोधी, होरी सिंह यादव, राजा राम कश्यप, हरीश चंद्र जोशी , शिव कुमार सिंह , राम किशोर सागर, गजेंद्र सिंह यादव, बीर सिंह, हरी ओम सिंह , गुलशन कुमार, धर्मवीर सिंह, राम प्रसाद, पिंकी, राहुल कुमार, राजेश कुमार सक्सेना, तिलक सिंह दिवाकर, नरेंद्र सिंह, केशव कुमार, रवि सक्सेना, दिनेश कुमार, शंकर सिंह आदि उपस्थित रहे।



जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर आते मोहल्लेवासी

### सभी मामलों की सुनवाई एमपी-एमएलए मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही

# सपा नेता आजम से जुड़े से तीन मामलों में हुई सुनवाई

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** सपा नेता आजम खां से जुड़े तीन मामलों में सोमवार को सुनवाई। इस दौरान आजम खां वीसी के जरिए कोर्ट में पेश हुए। जबकि पूर्व पालिका चेयरमैन कोर्ट पहुंचे। तीनों मामलों में सुनवाई के लिए अगली तारीख 21 सितंबर की लगी है।

थाना कोतवाली में भाजपा नेता बाकर अली ने जौहर विवि से बरामद मशीन चोरी के मामले में सपा नेता आजम खां,अनवार,सालिम आदि को आरोपी बनाया था। बाद में पुलिस ने विवेचना के दौरान पूर्व पालिका अध्यक्ष को फातिमा जबी को आरोपी बना दिया था।जिसकी सुनवाई मजिस्ट्रेट कोर्ट में हो रही है। सोमवार को तीनों मामलों में सुनवाई। जिसमें आरोप तय नहीं हो पाए।अब तीनों मामलों में 21 सितंबर को सुनवाई होगी।डूंगरपुर से जुड़े एक वादी अबरार को धमकाने के आरोप में आजम खां, इरशाद महमूद सहित कई पर रिपोर्ट दर्ज हुई थी। इसमें 21 को सुनवाई होगी।

**जेल में अब्दुल्ला आजम से मिले सपाई**

रामपुर। दो पैन कार्ड मामले में सपा नेता आजम खां और उनके बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला आजम खां 17 नवंबर 2025 से जिला कारागार में सजा काट रहे हैं। लगातार पार्टी से जुड़े लोग उनसे मुलाकात कर रहे हैं। उसी के चलते जिला कारागार में बंद अब्दुल्ला आजम से मुरादाबाद के सपा नेता युसूफ मलिक,सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर और अब्दुल्ला आजम के दोस्त अनवार ने मुलाकात की।यह मुलाकात करीब 1 घंटे तक रही। जिला कारागार से बाहर आने के बाद सपा जिलाध्यक्ष अजय सागर ने बताया कि अब्दुल्ला आजम से मुलाकात की है। उनका स्वास्थ्य ठीक है।

मगर बरसात होने के कारण कीड़े बैरिक में जा रहे हैं। जिसमें जेल प्रशासन को अवगत कराया गया है।



जिला कारागार से बाहर आते सपाई

### अलग पहचान बनाई | बेसिक शिक्षा विभाग में एक शिक्षक के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई

# शिक्षक अपने सराहनीय कार्यो को लेकर कई अधिकारियों से हो चुके सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** कोशिश बदलाव की विद्यालय नामांकन वृद्धि और ठहराव, शैक्षणिक गुणवत्ता,शारीरिक और सवार्गीण विकास,सामुदायिक सहयोग राज्य अध्यापक पुरस्कृत शिक्षक दीपक पुंडीर ने बेसिक शिक्षा विभाग में एक प्रेरणादायक शिक्षक के रूप में अपनी एक अलग पहचान बनाई है।

22 अगस्त 2009 को विकासखंड स्वार के सिहोरा के प्राथमिक विद्यालय से बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के रूप में अपने शिक्षक जीवन की शुरूआत की।वर्ष 2010 में विकासखंड सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय रनुआ नगला में उनका स्थानांतरण हो गया।

तत्कालीन खंड शिक्षा अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह ने विकासखंड के केंद्र सैदनगर के प्राथमिक विद्यालय सैदनगर में शैक्षणिक गुणवत्ता और नामांकन बढ़ाने के लिए प्रभारी प्रधानाध्यापक के रूप में समायोजन कर दिया।विद्यालय में नामांकन और शैक्षणिक गुणवत्ता के साथ-साथ बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता में उनके योगदान के लिए वर्ष 2011और 2012 में जिले में उत्कृष्ट शिक्षक से सम्मानित किया।वर्ष 2015 में स्वार ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय में प्रधानाध्यापक के पद पर उनकी पदोन्नति हो गई।शिक्षकों के कार्यों को तत्कालीन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्याम किशोर तिवारी के मार्गदर्शन में टीम बनाकर पत्रिका कोशिश बदलाव का संपादन किया।5 सितंबर 2016 को जिलाधिकारी अमित किशोर ने उसका विमोचन किया।वर्ष 2017 में पुस्तक संपादन के लिए शिक्षक को मंडल पर कमिश्नर वेंकटेश्वर लू द्वारा सम्मानित किया।प्राथमिक के प्रधानाध्यापक से उच्च प्राथामिक के विज्ञान शिक्षक कब रूप में पदस्थापन के बाद 6 सितंबर 2016 को विकासखंड सैदनगर के उच्च प्राथमिक विद्यालय ढक्का हाजी नगर में विज्ञान शिक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया। शिक्षक को विद्यालय में नामांकन,विद्यालय की भौतिक स्वरूप और शैक्षणिक गुणवत्ता यहां एक समस्या के रूप में मिली।विद्यालय जीर्ण-शीर्ण अवस्था में था विद्यालय में नामांकन लगभग 28 था।विद्यालय ले प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह रावत और सहायक अध्यापक अध्यापक मुख्तार अहमद के साथ मिलकर इस चुनौती को शिक्षक द्वारा समुदाय से सम्पर्क,रुचिकर शिक्षण विधि, खेलों की शुरूआत और आईसीटी शिक्षण माध्यम से सुधारने का प्रयास किया।वर्ष 2018 तक विद्यालय नामांकन 56 हो गया। वर्ष 2018 में शिक्षक द्वारा जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सवार्नंद मार्गदर्शन में पत्रिका कोशिश बदलाव की के अंक 2 का सम्पादन कार्य किया गया। जिसका विमोचन जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा किया गया।वर्तमान में जिन शिक्षकों कब कार्यों को पत्रिका में प्रकाशित किया गया उनमें से कई शिक्षक और शिक्षिकाएं राज्य अध्यापक पुरस्कार पा चुकी है।





बच्चों के साथ मौजूद शिक्षक व



शिक्षक दीपक पुडीर

**राज्य स्तर पुरस्कार से सम्मानित हो चुके दीपक**

वर्ष 2018 में शिक्षक द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर स्कॉच अवार्ड , आईसीटी का राज्य स्तर पुरस्कार से सम्मानित किया।वर्ष 2019 में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी के निर्देशन में शिक्षक द्वारा जिला स्तर की प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर की सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के आयोजन में एक महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

14 अगस्त 2019 को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर द्वारा शिक्षक को सम्मानित किया। वर्ष 2020 में शिक्षक को राज्य अध्यापक पुरस्कार 2019 से प्रदेश से सम्मानित किया।कोरोना काल के दौरान राष्ट्रभाव को सामाजिक दायित्व के निर्वहन करते हुए जिला कोरोना कंट्रोल रूम में शिक्षक द्वारा कार्य किया। जिसके लिए जिलाधिकारी आंजनेय कुमार सिंह द्वारा शिक्षक को सम्मानित किया।वर्ष 2021में विद्यालय परिसर में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक होने के कारण कम्पोजिट विद्यालय बना दिया गया।राष्ट्रीय आविष्कार योजना , खेलकूद प्रतियोगिताओं, राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति योजनाओं में विद्यालय से बच्चों का चयन होने के जिले में विद्यालय ने एक नया आयाम स्थापित कर लिया।शिक्षक दीपक पुण्डीर को प्रभारी प्रधानाध्यापक का कार्यभार भी ग्रहण करना पड़ा।वर्तमान सत्र 2026-27 में विद्यालय में 268 बच्चों का नामांकन है दीनबंधु सेवा दल के सहयोग से विद्यालय के ऐसे बच्चों को जो प्रतिभावान है और आगे की शिक्षा प्राप्त करना चाहते हैं उनको शिक्षक द्वारा साइकिल प्रदान की।

## संक्षिप्त समाचार

### तीन साल में भी नहीं बदली शहर की सूरत-ए-हाल: फैसल लाला

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता फैसल खान लाला ने नगर पालिका अध्यक्ष सना मामून को पत्र भेजकर कहा कि जिले की आवाम ने जिस भरोसे और उम्मीद के साथ आपको नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी थी।तीन वर्ष बीत जाने के बाद भी उन उम्मीदों पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।आम आदमी पार्टी ने अपना प्रत्याशी बनाकर चुनाव मैदान में उतारा था।पार्टी के सीनियर लीडरान व कार्यकताओं ने पूरी मेहनत से आपका चुनाव लड़ाया।आवाम ने भी आम आदमी पार्टी की नीतियों और विकास के मॉडल पर भरोसा करते हुए आपको कामयाबी दिलाई,लेकिन अफसोस है कि तीन वर्ष बाद भी रामपुर शहर की सूरत-ए-हाल में कोई बड़ी और दिखाई देने वाली तब्दीली नजर नहीं आती।शहर में जगह-जगह गंदगी, जर्जर सड़कें और नालियां, टूटे नालों के ढक्कन, बदहाल स्ट्रीट लाइट, पेयजल की समस्या और पार्कों की खराब हालत आम जनता के लिए परेशानी बनी हुई है। टूटे और खुले नालों में गिरकर दो मासूम बच्चों की जान तक जा चुकी है।क्या किसी और बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है, थोड़ी सी बारिश में जलभराव और नगर पालिका के अधीन नेहरू स्कूल की बदहाल स्थिति भी चिंता का विषय है।जनता ने जिस भरोसे के साथ आपको जिम्मेदारी दी थी, उसका जवाब काम के रूप में मिलना चाहिए। यदि अब भी जनता की उम्मीदों के मुताबिक काम नहीं हुआ, तो आने वाले चुनावों में जनता अपने वोट के माध्यम से इसका जवाब देने के लिए पूरी तरह स्वतंत्र है।

### 15 सितम्बर तक मेडिकल एवं फिटनेस सर्टिफिकेट होंगे जारी

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय एवं चिकित्सा व स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार द्वारा अनुमोदित मेडिकल एवं फिटनेस सर्टिफिकेट को हज-2027 की यात्रा पर जाने वाले प्रत्येक हज यात्री को 15 सितम्बर तक जनपद स्तर पर जिला अस्पताल, सीएचसी तथा पीएचसी आदि स्थलों पर मेडिकल एवं फिटनेस सर्टिफिकेट सरकारी एलोपैथिक पद्यति के चिकित्सक द्वारा प्रमाणित कराकर उपलब्ध कराये जाने है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने सभी चिकित्सा अधीक्षक, प्रभारी चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक-प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वार, टाण्डा, बिलासपुर, शाहबाद, मिलक, चमरौआ, रजपुरा एवं चमरौआ को निर्देशित किया कि हज यात्रा-2027 पर जाने वाले हज यात्रियों को चिकित्सालय में उपस्थित होने पर आवश्यक जांचोपरान्त निर्धारित प्रारूप पर मेडिकल एवं फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करना तय करें।

### हर्षोल्लास से निकला रामडोल का जुलूस

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**स्योहारा।** नगर में रामडोल का जुलूस धूमधाम से निकाला गया। नागरिकों अनके स्थानों पर जुलूस का स्वागत किया। जुलूस का हनुमान धाम ठाकुर मंदिर से शुभारंभ हुआ।विधि विधान से पूजन कार्यक्रम के पश्चात ढोल नगाड़ा एवं डीजे के साथ शुरू हुआ। जुलूस में पारंपरिक अखाड़ा एवं सुंदर झांकियां आकर्षण रहे। जुलूस दोपहर दो बजे से शुरू होकर मोहल्ला हिंदू चौधरियान, रियासत, सब्जी मंडी, ठाकुर मंदिर, शिवाजी मार्केट, जुमेरात का बाजार, स्टेशन रोड, मुरादाबाद रोड से होकर शाम पांच बजे ठाकुर मंदिर पर समाप्त हुआ। रामलीला कमेटी अध्यक्ष राजवीर सिंह त्यागी, मंत्री राजपाल सिंह प्रजापति, सुनील कुमार शर्मा, पीयूष रस्तोगी, शैंकी रस्तोगी, वैभव रस्तोगी, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉक्टर विनीत देवरा, अश्विनी , शशांक,नामित सभासद मनोज भटनागर, प्यारे लाल सैनी, अमित कुमार शर्मा,डॉ० राज बहादुर शर्मा, डॉ० यज्ञदत्त गौड़ ,सोनू शर्मा आदि शामिल रहे।



रामडोल के जुलूस में शामिल लोग

### 17 बां शिव चालीसा उद्यापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** प्राचीन शिव मंदिर श्री पातालेश्वर शिव मंदिर भमरौआ में 9 सितंबर बुधवार को शिव चालीसा उद्यापन का कार्यक्रम शाम 6 बजे आरंभ होगा। जिसमें बाबा का श्रृंगार व सगाई का तिलक रात्रि 8 बजे आरती एवं रूद्र लड्डू भोग रात्रि 9 बजे भोजन प्रसाद रात्रि 10 बजे बड़े हर्ष और उल्लास के साथ गत वर्षों की भांति मनाया जाएगा। सभी भक्तों से कहना है कि उपस्थित होकर भोलेनाथ का अभिषेक कर भगवान शिव शंकर की कृपा की पात्र बने समस्त कार्यक्रम पंडित मुन्ना हरि के सानिध्य में संपन्न होगा।यह जानकारी कार्यक्रम सेवादार अश्वनी त्यागी ने दी।

### स्पेन से आएगा 20 लाख रुपये का एक्सरे मशीन का पुर्जा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**रामपुर।** जिला अस्पताल में खराब एक्सरे मशीन का पुर्जा स्पेन से 20 लाख रुपये का आएगा। इसके बाद ही मरीजों के एक्सरे कराए जाएंगे। हालांकि अस्पताल ने मरीजों के लिए वैकल्पिक सुविधा की है। पोस्टमार्टम हाउस के सामने बने टीबी वार्ड में मरीजों के एक्सरे कराए जा रहे हैं। जिससे कि मरीजों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो।



जिला अस्पताल

जिला अस्पताल की पहली मंजिल पर बना एक्सरे रूम में रखी एक्सरे मशीन करीब दो सप्ताह से खराब की स्थिति में है। मशीन में खराबी आ जाने के कारण रोगी-तीमारदार प्राइवेट सेंटर की ओर रूख कर रहे हैं। ऐसे में अस्पताल प्रशासन ने मशीन में आई खराबी को सही कराए जाने के लिए बाहर से इंजीनियर को बुलाया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार मशीन का पुर्जा स्पेन से आएगा। तब तक के लिए मरीजों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था कराई गई है। सीएमएस डॉ.बीसी सक्सेना ने बताया कि मरीजों के एक्सरे टीबी वार्ड में कराए जा रहे हैं। सड़क हादसे में घायलों के एक्सरे मैनुअली तरीके से कराए जा रहे हैं।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com
दैनिक बुलन्द संदेश

## सम्पादकीय

# समझौते कृषक हितों के खिलाफ



अब्दुल सलाम सैफी
संपादक

कहना कठिन है कि किसानों का संघर्ष कितना प्रभावी होगा। लेकिन यह साफ है कि किसान- मजदूर वर्गों में वर्तमान आर्थिक नीतियों के खिलाफ लामबंद होने की जरूरत का अहसास लगातार गहरा रहा है। किसान संगठन फिर आंदोलन की राह पर हैं। गुजरे दस अगस्त को उन्होंने 'जेल भरोइ मुहिम चलाई। अब वे सांसद और विधायकों सहित सभी निर्वाचित प्रतिनिधियों को अपना मांग-पत्र सौंप रहे हैं। उनकी मांगों और घोषित रणनीति पर गौर करें, तो संकेत मिलता है कि अकेले लड़ाई लड़ने की अपर्याप्तता का उन्हें अहसास हुआ है। इसलिए उन्होंने अपने संघर्ष में खेतिहर और शहरी मजदूरों को शामिल करने के साथ-साथ अपने मांग-पत्र में संघीय व्यवस्था तथा अर्थव्यवस्था की आम दिशा से जुड़े मुद्दों को भी शामिल किया है। उनका आरोप है कि केंद्र 'कॉरपोरेट केंद्रितइ नीतियों को आगे बढ़ा रहा, जिसकी मार किसान, मजदूर एवं आम मध्यम वर्ग पर पड़ी है। इसलिए अपने को कृषि क्षेत्र तक सीमित रखने के बजाय संयुक्त किसान मोर्चा ने अपने मांग-पत्र को आजीविका, रोजगार एवं सामाजिक सुरक्षा के बड़े दायरे से जोड़ा है। उनकी एक प्रमुख मांग है कि कर राजस्व का राज्यों को दिए जाने वाले हिस्से की मात्रा 31 से बढ़ा कर 50 फीसदी की जाए। मोर्चा का तर्क है कि कृषि संकट हल करने, कृषि आधारित औद्योगीकरण और जरूरी इन्फ्रास्ट्रक्चर बनाने के लिए राज्यों को अधिक वित्तीय स्वायत्तता मिलना अनिवार्य है। मांग पत्र में भारत- अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के लिए जारी वार्ता पर विरोध जताया गया है। साथ ही हाल में हुए तमाम मुक्त व्यापार समझौतों को रद्द करने की मांग की गई है। किसान संगठनों का दावा है कि ये सारे समझौते कृषक हितों के खिलाफ हैं। स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के मुताबिक न्यूनतम समर्थन मूल्य, व्यापक कृषि कर्ज माफी, 200 दिन काम की गारंटी और 700 रुपये प्रति दिन मजदूरी के प्रावधान के साथ मनरेगा की बहाली, चार श्रम संहिताओं को रद्द करने, भूमि अधिकारों के संरक्षण, और बिजली निजीकरण एवं बीज विधेयकों की वापसी की मांग भी दोहराई गई है। फिलहाल, कहना कठिन है कि इस बार अधिक बड़ा मोर्चा बनाकर किसानों ने संघर्ष का जो एलान किया है, वह असल में कितना प्रभावी होगा। लेकिन यह जरूर है कि किसान- मजदूर वर्गों में आर्थिक नीतियों की वर्तमान दिशा के खिलाफ लामबंद होने की जरूरत का अहसास लगातार गहराता जा रहा है।




# पानी बहे,विवाद नहीं,सोन जल समझौते से सहकारी संघवाद की नई राह



डॉ.सत्यवान सौरभ



अंतरराज्यीय नदियाँ केवल बहते पानी की नदियाँ ही नहीं हैं, बल्कि ये जीवन रेखाएँ हैं जो कृषि उत्पादन, पेयजल आपूर्ति, उद्योगों, पारिस्थितिकी तंत्र और लाखों लोगों की आजीविका को सहारा देती हैं। हालाँकि, नदियों का प्रवाह राज्य की सीमाओं को भी पार कर सकता है, इसलिए इनका प्रबंधन राज्यों के बीच टकराव का कारण बन सकता है। हाल ही में बिहार-झारखंड के बीच सोन नदी को लेकर हुआ समझौता, जिसका उद्देश्य लगभग 25 वर्षों से चले आ रहे जल विवाद को बातचीत के माध्यम से हल करना है, सतत जल प्रबंधन का एक महत्वपूर्ण उदाहरण है झ एक ऐसा जल मुद्दा जिसे केवल सहयोग से ही सुलझाया जा सकता है, न कि टकराव से।

अंतरराज्यीय जल संघर्षों के निरंतर बने रहने का मुख्य कारण जल विकास के लिए परस्पर विरोधी हित हैं। एक राज्य सिंचाई के लिए अधिक जल का उपयोग कर सकता है, जबकि दूसरा पेयजल, उद्योग या शहरी विकास के लिए। ये सभी आवश्यकताएँ जायज हैं, लेकिन जल सीमित है। यदि कई राज्य एक ही नदी पर निर्भर हैं, तो संसाधन दुर्लभ हो जाते हैं और इन आवश्यकताओं को संतुलित करना संघीय प्रशासन के लिए एक चुनौती बन जाता है।

विभिन्न क्षेत्रों और ऋतुओं में जल असंतुलन से जटिलताएं और बढ़ जाती हैं। मानसून के मौसम में अच्छी वर्षा प्राप्त करने वाले क्षेत्रों में उस दौरान भारी वर्षा हो सकती है, लेकिन ग्रीष्म ऋतु में वर्षा की कमी हो सकती है। इस प्रकार, एक नदी एक वर्ष भरपूर जल से भरी हो सकती है और दूसरे वर्ष विरल हो सकती है। जलवायु परिवर्तन के कारण यह स्थिति और भी अनिश्चित होती जा रही है। वर्षा के बदलते पैटर्न से नदियों के प्रवाह में परिवर्तन हो रहा है, जबकि लंबे समय तक सूखा पड़ने और चरम मौसम की घटनाएं भी जल उपलब्धता को प्रभावित कर रही हैं और जल उपलब्धता के बारे में अनुमानों को कम विश्वसनीय बना रही हैं।

प्रशासनिक पुनर्गठन से ऐतिहासिक समझौतों पर असहमति भी उत्पन्न हो सकती है। बिहार-झारखंड संबंधों के मामले में भी यही स्थिति है। एक ही प्रशासनिक ढांचे के भीतर हुए समझौतों पर पुनर्विचार करना पड़ सकता है यदि राज्यों का पुनर्गठन हो और उनकी कृषि, जनसंख्या और आर्थिक आवश्यकताएं विकसित हों। दशकों पहले प्रचलित 'निष्पक्षता' की अवधारणा वर्तमान संदर्भ में लागू होना आवश्यक नहीं है।

संघर्ष का एक अन्य बड़ा कारण ऊपरी इलाकों में चल रही परियोजनाओं का विकास और उनका उपयोग है। बांधों, बैराजों और सिंचाई योजनाओं के कारण निचले इलाकों में पानी की मात्रा और निकासी का कार्यक्रम प्रभावित हो सकता है। सूचना साझाकरण और राज्यों के बीच परियोजना समन्वय के अभाव में, तकनीकी कार्य में निपुणता भी अविश्वास का कारण बन सकती है।

पारदर्शी और वास्तविक समय के जलवैज्ञानिक आंकड़ों की अनुपलब्धता विवादों को और बढ़ा देती है। राज्यों के बीच आवंटित जल की मात्रा और उपलब्ध जल की मात्रा को लेकर अलग-अलग लक्ष्य हो सकते हैं। यदि वर्षा की मात्रा, नदी के प्रवाह, जलाशयों के स्तर और जल उपयोग के बारे में कोई साझा, वैज्ञानिक रूप से स्वीकृत जानकारी उपलब्ध नहीं है, तो बातचीत आसानी से परस्पर विरोधी मांगों पर बहस में बदल सकती है।

अगर लोग राजनीतिक रूप से संगठित हो जाते हैं तो स्थिति और बिगड़ सकती है। पानी का मुद्दा भावनात्मक है और इसका किसानों, परिवारों और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं पर सीधा प्रभाव पड़ता है। अगर तकनीकी समस्या क्षेत्रीय मुद्दा या राजनीतिक विवाद बन जाती है, तो समझौता करना मुश्किल हो जाता है। संस्थागत संवाद का यही उद्देश्य है, ताकि यह एक लंबा संघीय संघर्ष न बन जाए।

सोन नदी के लिए बिहार-झारखंड का दर्जा समझौता वार्ता के महत्व का एक उदाहरण है। दोनों राज्यों ने आपसी सहमति से समाधान खोजने के लिए एक-दूसरे से संपर्क साधकर अहिंसक तरीके से विवाद को सुलझाने का प्रयास किया है। रिपोर्ट के अनुसार, बिहार को 575 करोड़ एकड़-फीट (MAF) और झारखंड को 2 करोड़ एकड़-फीट (MAF) जल आवंटन प्राप्त हुआ है। लेकिन इस समझौते का प्रभाव केवल इन आंकड़ों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसके दूरगामी परिणाम भी हैं। इसका वास्तविक महत्व यह संदेश देना है कि राज्य अपने हितों की रक्षा करने के साथ-साथ अन्य राज्यों की आवश्यकताओं को भी समझने में सक्षम हैं। बातचीत से साझा अवसंरचना के बेहतर उपयोग के अवसर भी मिल सकते हैं। खंडित जल प्रबंधन की बजाय समन्वित जल प्रबंधन से इंद्रपुरी बैराज और उससे जुड़े नहर नेटवर्क से अधिक लाभ प्राप्त हो सकते हैं। साझा अवसंरचना को सहयोग का आधार बनना चाहिए, न कि विभाजन का नया कारण।

अब भारत के लिए राज्य-आधारित दृष्टिकोण से हटकर नदी-बेसिन-आधारित दृष्टिकोण अपनाने का समय आ गया है। नदी बेसिन एक एकल पारिस्थितिक-आर्थिक इकाई है। इसलिए जल नियोजन के लिए नदी के ऊपरी और निचले समुदायों, भूजल, पर्यावरणीय प्रवाह, कृषि, पेयजल और औद्योगिक उपयोगों को ध्यान में रखा जाना चाहिए। सर्वप्रथम, जलविज्ञानीय डेटा साझा करने की खुली और अद्यतन प्रक्रियाओं को स्थापित करना महत्वपूर्ण है। रुचि रखने वाले सभी राज्यों को एक ही विश्वसनीय जानकारी तक पहुंच प्राप्त होनी चाहिए। प्रौद्योगिकी नदियों की निगरानी की सटीकता में सुधार करने और विभिन्न स्रोतों से प्राप्त डेटा पर विवाद को कम करने में सहायक हो सकती है। दूसरे, मध्यस्थता के तंत्र को मजबूत करने की आवश्यकता है। अंतर-राज्य परिषद और क्षेत्रीय परिषदों द्वारा उपलब्ध कराए गए संरचित मंचों का उपयोग मुकदमेबाजी या न्यायिक कार्यवाही से पहले उभरते जल मुद्दों पर चर्चा करने के लिए किया जा सकता है, जिससे भविष्य के विवादों को रोकने में मदद मिलेगी। यद्यपि न्यायालयों और न्यायाधिकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका है, फिर भी बातचीत के माध्यम से किए गए समझौते बदलती परिस्थितियों के अनुरूप होने और दीर्घकालिक संबंधों को बनाए रखने में अधिक सहायक हो सकते हैं। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अंतरराज्यीय नदियों को किसी एक राज्य की संपत्ति नहीं बल्कि राज्यों द्वारा साझा की जाने वाली एक पारिस्थितिक और आर्थिक प्रणाली के रूप में माना जाना चाहिए। जो राज्य एक ही जल बेसिन साझा करने वाले अन्य राज्यों के हितों की अनदेखी करता है, वह दीर्घकालिक रूप से जल सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकता। सहयोग करना कोई समझौता नहीं, बल्कि एक आवश्यकता है।

# बारिश को आने दो
## ( व्यंग्य )

शाम ढलते ही सरकारी महकमे के कुछ अधिकारियों और संबंधित ठेकेदारों की महफिल सज गई...जाम पर जाम टकराए और धीरे-धीरे रात गहराने लगी...शराब के साथ माहौल भी नशे में डूबता गया...कुछ देर पहले तक संभ्रांत नजर आने वाले लोगों की भाषा और व्यवहार बदलने लगे...आप से तुम और तुम से सीधे तू पर आ गए...इसी दौरान एक अधिकारी ने सामने बैठे सड़क और नाले-नालियों के निर्माण के ठेकेदार से नशे में पूछा...अबे! तू फॉरेन ट्रिप कब लगवा रहा है ?

ठेकेदार ने पहले एक आंख दबाई, फिर खींसे निपोरते हुए शातिराना अंदाज में सुर साधा...ह्बारिश्श्श... को आने दो... होऽऽ... बारिश को आने दो...!

उसका बेसुरा गाना सुनते ही महफिल में बैठे सभी लोग एक-दूसरे का चेहरा देखने लगे...अगले ही पल ठहाके गूंज उठे...बात समझने में किसी को देर नहीं लगी थी...जाम फिर भरे गए...छलके भी और टकराए भी...

महफिल में हंसी का दौर चलता रहा... बस अब सबकी नजरें आसमान पर थीं...बारिश जो आने वाली थी...



अनवर खान

**अखबार में अपना लेख कहानी, कविता या किसी विभाग के खिलाफ शिकायत या सुझाव देने के इच्छुक हो तो बेझिझक होकर हमारे पास भेजे हैं जिसे प्रकाशन योग्य होने पर अवश्य प्रकाशित करेंगे। हमें इस ईमेल पर भेज सकते हैं। भेजते समय विषय अवश्य लिखें।**
**bulandsandesh@ gmail.Com**

**वैधानिक सूचना**

**पाठकों को सलाह दी जाती है कि बुलन्द संदेश दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच पड़ताल कर लें, समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।**

# पूजा हेगड़े का रेड हॉट अवतार हुआ वायरल, इंडो-वेस्टर्न लुक में दिखीं बेहद ग्लैमरस

बॉलीवुड और साउथ सिनेमा की गॉर्जियस एक्ट्रेस पूजा हेगड़े एक बार फिर अपने फैशनेबल और ग्लैमरस अवतार को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका लुक देखते ही बन रहा है। तस्वीरों में पूजा हेगड़े ब्राइट रेड कलर का बेहद अट्रैक्टिव इंडो-वेस्टर्न फ्यूजन एंसेंबल पहने नजर आ रही हैं। उनकी यह ड्रेस एक प्री-ड्रैप्ड साड़ी और पेपलम स्टाइल कांबिनेशन का बेहतरीन मेल है। आउटफिट पर बारीक मिरर वर्क, सेक्विन और गोल्डन एम्ब्रॉयडरी का काम किया गया है।




ट्रेडिशनल टच के साथ-साथ इसमें एक मॉडर्न ट्विस्ट भी दिया गया है। स्ट्रैपलेस कॉर्सेट-स्टाइल ब्लाउज और बैक पर बनी क्रॉस-डिटेलिंग पूजा हेगड़े के पूरे लुक को बोल्ड और एलिगेंट बना रही है। अपने इस गॉर्जियस रेड आउटफिट को कम्प्लीट करने के लिए पूजा ने ज्वेलरी को बेहद मिनिमल रखा है। उन्होंने हैवी गोल्ड और स्टोन-स्टडेड डैंगलर इयररिंग्स चुने हैं, जो उनके एथनिक टच को और बढ़ा रहे हैं।

हेयर स्टाइलिंग की बात करें तो, उन्होंने अपने शॉर्ट हेयर को सॉफ्ट वेव्स के साथ ओपन रखा है। वहीं, न्यूड लिपकलर, सॉफ्ट स्मोकी आइज और हाइलाइटेड चीकबोन्स के साथ उनका सटल मेकअप उनके फेशियल एक्सप्रेशन को और उभार रहा है।

रॉयल बैकड्रॉप और क्लासिक इंटीरियर के बीच खिंचवाई गई इन तस्वीरों में पूजा के बोल्ड और ग्रेसफुल पोज फैंस का ध्यान खींच रहे हैं। कभी सीढ़ियों के पास तो कभी विंटेज डोर के सहारे पोज देते हुए पूजा का कॉन्फिडेंस और एक्सप्रेशन पूरी तरह से ऑन-पॉइंट नजर आ रहा है।

# अंतर्विरोधों से घिरा 'वचन भागवत'



तनवीर जाफरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में सरसंघचालक मोहन भागवत ने पिछले दिनों अमेरिका,कनाडा व ब्रिटेन की 17 दिवसीय यात्रा की। इस त्रिदेशीय यात्रा में जहाँ एक तरफ बड़ी संख्या में स्थानीय हिंदू और प्रवासी भारतीय संगठनों द्वारा उनका स्वागत किया गया वहीं दूसरी तरफ कई संगठनों द्वारा उनका कड़ा विरोध भी किया गया। विरोध करने वाले समूहों व प्रदर्शनकारी संगठनों का आरोप है कि आरएसएस एक अति-दक्षिणपंथी और बहुसंख्यकवादी विचारधारा को बढ़ावा देने वाला संगठन है, जो भारत के धर्मनिरपेक्ष लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है। कई सिविल सोसाइटी समूहों ने संघ के ढांचे को "तानाशाही और सैन्यवादी" करार देते हुए इसके वैश्विक प्रभाव पर चिंता जताई। मोहन भागवत का विरोध मुख्य रूप से मानवाधिकार संगठनों, प्रवासी भारतीय अल्पसंख्यक समुहों और कुछ विदेशी राजनेताओं द्वारा किया गया। 'हिंदूज फॉर ह्यूमन राइट्स', 'इंडियन अमेरिकन मुस्लिम काउंसिल' साउथ एशिया सॉलिडेरिटी ग्रुप और कई अन्य मानवाधिकार संगठनों ने इन विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व किया। इसके अतिरिक्त न्यूयॉर्क के मेयर जोहरान ममदानी, अमेरिकी सांसद रशीदा तालेब व जिम मैकगवर्न, और ब्रिटिश लेबर पार्टी की सांसद नादिया व्हिटोम ने सार्वजनिक रूप से इस यात्रा का विरोध व आलोचना की।

इस विरोध के बीच संघ समर्थकों का कहना है कि मोहन भागवत की यात्रा का उद्देश्य वैश्विक कल्याण, सामाजिक सद्भाव और 'वसुधैव कुटुम्बकम्' के संदेशों का प्रसार करना है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने न्यूयॉर्क में बीबीसी द्वारा आयोजित 'फेथ लीडर्स कॉन्फ्रेंस' के दौरान यह कहा कि "जो हिंदू यह मानता है कि मुसलमानों को भारत से बाहर निकाल देना चाहिए, वह हिंदू नहीं रह सकता।"उन्होंने कहा कि 'मुसलमानों को देश से बाहर करने की सोच रखना पूरी तरह से हिंदुत्व के खिलाफ है'। उन्होंने कहा कि' हिंदू होने का मतलब सभी धार्मिक रास्तों को एक ही लक्ष्य की ओर जाने वाला मानना और हर इंसान की गरिमा को स्वीकार करना है'। उन्होंने 'वसुधैव कुटुम्बकम' और " डल्ली का नारा देते हुए कहा कि विविधता से हमारी साझा पहचान को कोई खतरा नहीं होना चाहिए। परन्तु भारत में मोहन भागवत के इस बयान के बाद राजनीतिक बहस छिड़ गई है। जहाँ भाजपा ने इसे हिंदू धर्म की सहिष्णुता और वास्तविक संदेश के रूप में सराहा, वहीं कांग्रेस, और अन्य विपक्षी दलों ने सवाल उठाया कि आरएसएस प्रमुख ऐसा ही कड़ा संदेश भारत में अपने कार्यकताओं को क्यों नहीं देते। एक सवाल यह भी है कि आखिर भागवत को अमेरिका में जाकर यह बात कहनी ही क्यों पड़ी ? दरअसल आलोचकों द्वारा भागवत के बयान को मूल रूप से दो सन्दर्भों में देखा जा रहा है। पहला संघ के मुस्लिम विरोधी वह सिद्धांत जो और किसी के द्वारा नहीं बल्कि स्वयं आरएसएस के दूसरे सरसंघचालक एम. एस. गोलवलकर (गुरुजी) द्वारा लिखित किताब 'बंच ऑफ थॉट्स' में मुसलमानों,ईसाईयों और कम्युनिस्टों को लेकर व्यक्त किये गए हैं। उन्होंने इस पुस्तक के एक विशेष अध्याय, जिसका शीर्षक "आंतरिक खतरे" है, में मुसलमानों को लेकर गोलवलकर ने लिखा कि भारत में रहने वाले कई मुसलमानों की निष्ठा भारत के बजाय उन मुस्लिम देशों के प्रति अधिक है जिन्हें वे पवित्र मानते हैं। उन्होंने दावा किया कि देश के कई हिस्सों में मुस्लिम आबादी भारत विरोधी और पाकिस्तान समर्थक गतिविधियों में शामिल रहती है। उनका मानना था कि मुस्लिम समुदाय खुद को भारत की मुख्य सांस्कृतिक और राष्ट्रीय धारा से अलग रखता है, जो देश की अखंडता के लिए चुनौती है। उन्होंने इतिहास का हवाला देते हुए कहा कि मुस्लिम आक्रमणकारियों ने भारत की संस्कृति और मंदिरों को नष्ट किया, और वह मानसिकता आज भी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है।" गोलवलकर के इन विचारों की वजह से ही 'बंच ऑफ थॉट्स' की हमेशा तीखी आलोचना होती रही है। सवाल यह है कि इन साहित्यों व संस्कारों के मध्य पला बढ़ा कोई भी स्वयं सेवक और गोलवलकर की विचारधारा का अनुसरण करने वाले लोग उनके इस साम्प्रदायिकतावादी नफरती विचारों से स्वयं को दूर कैसे कर सकते हैं ? दूसरा यह कि आज प्रधानमंत्री से लेकर देश के अनेक भाजपाई मंत्रियों मुख्यमंत्रियों बड़े नेताओं व जिम्मेदार लोगों द्वारा देश की संसद से लेकर जनसभाओं तक में सरे आम अल्पसंख्यकों को अपमानित किया जा रहा हैं। उन्हें धमकाया जाता है,समुदाय विशेष के लोगों की मॉब लिंचिंग की जाती है,उनके घर मदरसे,चर्च।मस्जिद आदि गिराए जाते हैं या उनमें तोड़ फोड़ की जाती है। कभी मौलवियों कभी पादरियों तो कभी नन्स पर हमले होते हैं। दुनिया भर के अखबारों में इस संबंध में खबरें व लेख प्रकाशित होते हैं। इससे निश्चित रूप से हमारे धर्मनिरपेक्ष देश की बदनामी होती है।




सवाल यह है कि इस तरह के कृत्य में शामिल लोगों के लिये क्या आज तक संघ ने कोई सीधा कड़ा सन्देश दिया ? किसी को ऐसी गैर जिम्मेदाराना बातों के लिये भाजपा या संघ से बाहर निकाला गया ? प्रधानमंत्री स्वयं शमशान व कब्रिस्तान में अंतर का सन्देश देते हैं। लोकसभा में एक भाजपाई सांसद एक मुस्लिम सांसद को धर्म सूचक गलियां देता है। विश्व हिन्दू परिषद की फायरब्रांड नेता साध्वी प्राची यह कहती हैं कि "जिस दिन भारत में मस्जिदें और मदरसे बंद हो जाएंगे, उस दिन लव जिहाद खत्म हो जाएगा और पूरी दुनिया में शांति आ जाएगी।" उन्होंने हिंदुओं से अधिक बच्चे पैदा करने का आह्वान करते हुए नारा दिया, "हिंदू घटेंगे तो कटेंगे", जिसमें उन्होंने मुस्लिम आबादी के बढ़ने को हिंदुओं के अस्तित्व के लिए खतरा बताया। संघ,परिषद,भाजपा व बजरंग दल के पदाधिकारी अक्सर रैलियों, 'शौर्य यात्राओं' और गो-रक्षण प्रदर्शनों के दौरान सीधे तौर पर मुसलमानों को चेतावनी देते हैं।

# मंगलवार का राशिफल

**मेष** - किराएनामा,बेनामा करवा सकते, मस्तिष्क रोग सम्भव हैं, अकाउंट, मेनेजमेंट,रिसर्च में पढ़ाई करेंगे, फर्नीचर, सौंदर्य प्रसाधन,आर्टिफिशल ज्वेलरी,वस्त्र व्यवसाय में अच्छी पकड़ बनेगी। भाग्य प्रतिशत-74

**वृषभ** - घर परिवार के लोग इकठ्ठा होंगे कोई दुख सम्भव हैं, टिकट लेने में पैसे खर्च होंगे, मेडिकल स्टोर चलेगा, अखबार, इलेक्ट्रोनिक मीडिया, एचआर में जॉब मिल सकता है। भाग्य प्रतिशत-62

**मिथुन** - मेहनत के लिए तैयार रहेंगे, लिखित परीक्षा की तैयारी करेंगे, प्रवक्ता,वकील,अर्थशास्त्री, आढ़ती के कार्य में उन्नति होगी, पैसे की कमी सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-63

**कर्क** - बुद्धिमानी बढ़ेगी, लीवर, पाचनतंत्र में परेशानी सम्भव हैं, कोई ऐसा कार्य करेंगे जिससे अचानक प्रसिद्धि मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-60

**सिंह** - किसी कार्यवाही का अपने विरुद्ध अंदेशा रहेगा,सम्बन्धों का लाभ मिलेगा,टूर-ट्रैवल,सेलफोन, मनोरंजन सम्बन्धित कार्य चलेगा, बाहर जॉब मिलने में परेशानी होगी। भाग्य प्रतिशत-56

**कन्या** - जोश अच्छा रहेगा,रुचि लेकर काम करेंगे,पैसे की अच्छी आमदनी होगी, किसी रोग की दवा बढ़ेगी,विदेश में रहने से उन्नति मिलेगी। भाग्य प्रतिशत-59

**तुला** - जीवन साथी से सहयोग मिलता रहेगा,किसी चीज का पछतावा रहेगा, घर से दूर रहना चाहेंगे, मोटापा दूर करने को व्यायाम करें। भाग्य प्रतिशत-52

**वृश्चिक** - काम प्लानिंग मेनेजमेंट करके ही करेंगे,पद उन्नति सम्भव हैं कोई दूसरी कम्पनी भी बुला सकती है,घर बदलने पर रोग में कमी सम्भव हैं। भाग्य प्रतिशत-81

**धनु** - बड़ा धन मैच्योर होकर मिलने वाला है, सरकारी क्षेत्र में उन्नति मिलेगी, दूर की यात्रा में परेशानी आयेगी, सच्चे प्रेम की अभिलाषा रहेगी। भाग्य प्रतिशत-63

**मकर** - स्वास्थ्य के लिए शुभ समय नहीं हैं, काम बनने में रूकावटे होगी, इंटरव्यू में शायद सफलता मिले,फैक्ट्री में नकली माल पकड़ में आएगा। भाग्य प्रतिशत-50

**कुंभ** - संतान और जॉब एकसाथ मेनेज करना मुश्किल होगा, जीवन साथी की अपने काम में दिलचस्पी बढ़ेगी, तकनीकी शिक्षा में आगे बढ़ेंगे। भाग्य प्रतिशत-51

**मीन** - सेहत में सुधार होगा, ईश्वर के प्रति आस्था बढ़ेगी, नजदीकी मित्र से बातचीत बिगड़ सकती हैं, घर बनाने के लिए काफी मेहनत बढ़ेगी। भाग्य प्रतिशत-54



अशनिका शर्मा ज्योतिष।
हस्तरेखा। अंकशास्त्र। वास्तु विशेषज्ञ। मो:9568962423

# गणेश मेले में आ सकती हैं कमिश्नर,रथ यात्रा और समापन समारोह में शामिल होने की दी सहमति

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मेला गणेश चौथ-2026 के 66वें महोत्सव में शामिल होने के लिए मेला आयोजकों ने मुरादाबाद मंडल की कमिश्नर संगीता सिंह को निमंत्रण दिया। उन्होंने निमंत्रण स्वीकार करते हुए मेले की रथ यात्रा और समापन समारोह में शामिल होने की सहमति दी है। उनके आने की सहमति से मेला आयोजकों में उत्साह है। साथ ही आयोजकों ने बताया कि रविवार को सीता रोड स्थित प्राचीन श्री गणेश मंदिर सिद्धपीठ में बाबा गणपति का 31 गंगा कुंडों के पवित्र जल और पंचामृत से महाभिषेक किया गया। विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद आरती और प्रसाद वितरण हुआ। सोमवार से मंदिर के भव्य श्रृंगार और सजावट का कार्य शुरू किया जाएगा।



# एडवांस फाइट कैंप में 55 खिलाड़ियों ने सीखी ताइक्वांडो की बारीकियां

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी (मयंक सक्सेना)।** संस्कार वैली फेस-2 स्थित चंदौसी ताइक्वांडो एकेडमी में एडवांस फाइट कैंप के साथ पुम्से कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में करीब 55 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान खिलाड़ियों को ताइक्वांडो की फाइटिंग तकनीक और खेल से जुड़ी विभिन्न बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया।

कैंप में खिलाड़ियों को फाइट प्रैक्टिस, ड्रिल ट्रेनिंग, स्टांस, फंडामेंटल, ब्लॉक्स और अटैक आदि का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने खिलाड़ियों की कमियों को पहचानकर उनमें सुधार करने के लिए आवश्यक टिप्स दिए। साथ ही बेहतर तकनीक और आत्मविश्वास के साथ मुकाबला करने के लिए प्रेरित किया।

सम्भल ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव सुरेश कुमार ने बताया कि करीब तीन घंटे चले कैंप का मुख्य उद्देश्य खिलाड़ियों की फाइटिंग क्षमता को उच्च स्तर तक पहुंचाना है, ताकि आगामी प्रतियोगिताओं में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। कैंप में चैरी, आदित्य यादव, प्रिंस, तन्मय त्यागी, शिवांश मिश्रा, आराध्या, त्रिशान, आरुष, प्रणय, रोली गोयल, नियति, पायल, समृद्धि, कनक, आरव, अंश यादव, आर्यन यादव, सिद्धार्थ कुमार, वेदांश, देवांश, आलोक, अक्षत मिश्रा, कृष्ण, काजल, दीक्षा, मानविका, आशीष राघव, अपर्णा सिंह, अंकिता, परी, ध्रुव, ओम, अंकित, देवांशी, शिवांगी और आयुष सहित अन्य खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। सीनियर खिलाड़ी पूर्वी, मनन, श्याम और रिद्धिमा का विशेष सहयोग रहा।





# गणेश चौथ मेले के लिए रात-दिन जुटे कलाकार, झांकियों को दे रहे आकर्षक रूप

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** मेला गणेश चौथ-2026 को लेकर नगर में तैयारियां तेज हो गई हैं। मेले में निकलने वाली झांकियों और प्रतिमाओं को भव्य रूप देने के लिए कलाकार दिन-रात मेहनत कर रहे हैं। नगर के कई व्यापारी भी दिनभर दुकान पर कारोबार करने के बाद रात में झांकियों की तैयारियों में जुट जाते हैं। दुकान बंद करने के बाद देर रात तक मूर्तियों पर रंग-रोगन, सजावट और झांकियों को अंतिम रूप देने का काम चलता है। कलाकारों का प्रयास है कि इस बार रथ यात्रा में श्रद्धालुओं को आकर्षक और मनमोहक झांकियां देखने को मिलें। मेले को लेकर नगरवासियों में भी उत्साह बढ़ता जा रहा है।





# कड़ी सुरक्षा के बीच शांतिपूर्ण संपन्न हुई गुमसानी की फूलडोल शोभायात्रा

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**असमोली/संभल।** असमोली थाना क्षेत्र के गांव गुमसानी में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य फूलडोल शोभायात्रा निकाली गई। प्रशासन की देखरेख और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शोभायात्रा हर्षोल्लास एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई।शोभायात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस-प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। छह थानों की पुलिस सहित भारी पुलिस बल को प्रमुख मार्गों और संवेदनशील स्थानों पर तैनात किया गया। क्षेत्राधिकारी असमोली अमन सिंह एवं प्रशासनिक टीम ने सुरक्षा व्यवस्था पर नजर बनाए रखी। शोभायात्रा के दौरान श्रद्धालुओं और सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों के लिए भाजपा मंडल उपाध्यक्ष रितिक राजपूत की ओर से शीतल जल एवं जलजीरा वितरण का स्टॉल लगाया गया। ग्रामीणों और कार्यकर्ताओ ने सेवा भाव के साथ श्रद्धालुओं को ठंडा पानी एवं जलजीरा वितरित किया।इस दौरान रितिक राजपूत, लाला नरेश पाल सिंह, सुनील ठाकुर, राहुल ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, शुभम ठाकुर, कमल कश्यप, चित्रेश राघव आदि मौजूद रहे। प्रशासन और पुलिस की निगरानी में शोभायात्रा निर्धारित मार्गों से गुजरते हुए सकुशल एवं शांतिपूर्वक संपन्न हुई।

## ग्रामीणों ने श्रद्धालुओं और पुलिसकर्मियों के लिए की जलसेवा



# सराय तरीन सड़क निर्माण की मांग को लेकर कोटला सराय तरीन के लोगों का प्रदर्शन

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल।** मौहल्ला कोटला सराय तरीन के लोगों ने सड़क की बदहाल स्थिति को लेकर प्रदर्शन करते हुए नगर पालिका से जल्द सड़क निर्माण कराने की मांग की। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क लंबे समय से खराब पड़ी है, जिसके चलते बच्चों, महिलाओं, बुजुर्गों और आने-जाने वाले लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि सड़क की हालत इतनी खराब है कि आए दिन ऑटो पलटने की घटनाएं भी हो रही हैं। इन हादसों में कई लोग चोटिल हो चुके हैं। सड़क पर बने गड्ढों और खराब रास्ते के कारण पैदल चलने वालों को भी काफी दिक्कत होती है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए स्थिति और भी परेशानी वाली बनी हुई है।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण को लेकर कई बार नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी मुशीर और संबंधित वार्ड मेंबर से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद अभी तक समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सका है। लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधियों और नगर पालिका अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराने के बाद भी सड़क निर्माण की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाया गया। प्रदर्शनकारियों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की कि मौहल्ले की सड़क का जल्द से जल्द निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को आवागमन में हो रही परेशानी से राहत मिल सके और हादसों पर भी रोक लग सके।



# दिव्यांग बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेट बनाने को लगा कैंप, विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की जांच

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**संभल।** नई तहसील स्थित ब्लॉक संसाधन केंद्र (BRC), संभल पर कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेट बनाए जाने के लिए मेडिकल असेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों ने बच्चों की जांच कर उनकी दिव्यांगता का आकलन किया।

जिला समन्वयक शेलजा मिश्रा ने बताया कि कैंप का उद्देश्य कक्षा 1 से 8 तक पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों के मेडिकल सर्टिफिकेट बनाना है। कैंप में ईएनटी सर्जन, आई सर्जन, ऑर्थो सर्जन और साइकेट्रिस्ट द्वारा बच्चों की जांच की जा रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### फैजपुर गांव में बिजली के झुलसने से लड़की अंग-भंग, ग्रामीणों ने बिजलीघर पर दिया धरना

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**सम्भल (लल्ला सलमानी )।** थाना रजपुरा क्षेत्र के गांव फैजपुर में दिनांक 3 सितम्बर 2026 को बिजली के करंट की चपेट में आने से एक लड़की गंभीर रूप से झुलस गई, जिसके कारण उसका अंग-भंग हो गया। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। घटना के विरोध में गांव के लोगों ने रजपुरा बिजलीघर पर धरना प्रदर्शन किया। ग्रामीणों की मांग थी कि गांव में लगी 11 हजार वोल्ट की विद्युत लाइन काफी समय से खुली एवं जर्जर अवस्था में है, जिसके कारण गांव में अब तक लगभग 20 बिजली संबंधी घटनाएं हो चुकी हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि इस 11 हजार वोल्ट की लाइन को हटाकर छळ लाइन की व्यवस्था की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लग सके।

ग्रामीणों की दूसरी प्रमुख मांग थी कि बिजली विभाग द्वारा हादसे में घायल लड़की के समुचित इलाज की व्यवस्था करने के साथ-साथ आर्थिक सहायता भी दी जाए। ग्रामीणों का आरोप है कि धरने की सूचना मिलते ही बिजलीघर के जेई मौके से चले गए। धरने के दौरान अवधेश यादव, सुनील यादव, अतर सिंह प्रधान सहित गांव के सैकड़ों लोग मौजूद रहे। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से जल्द से जल्द उनकी मांगों पर कार्रवाई करने की मांग की।



### जायंट्स ग्रुप आफ उत्थान के, अध्यक्ष बने सुशील बाष्णेय कुमार

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई।** जायन्टस ग्रुप ऑफ बहजोई को नवीन शाखा जायंट्स ग्रुप ऑफ बहजोई (उत्थान) के रूप में जन्म लिया जिसको सौचने का कार्य वन्दना सिंह (अध्यक्ष) जायन्टस ग्रुपवा लाई (जीक धारा) ने किया, जिस का अधिष्टापन समारोह कार्यक्रम ड्रिग्री कालेज. रेलवे रोड. बहजोई में हुआ।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे नीरज बाष्णेय (अध्यक्ष) ड्रिग्री कालेज बहजोईः Fed 5 से जायन्टस ग्रुप के सम्मानि सदस्यों में पदमा भार्गव (50m), डा० सुधा चौधरी (CCM) डा० उमेश अग्रवाल (I.PP.) एव बविता शर्मा (उपाध्यक्ष) ने संयुक्त रूप से माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यो का माला पहनाकर एवं बैच लगाकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात वन्दना सिंह ने कार्यक्रम को प्रास्य करने की इजाजत दी और कार्यक्रम प्रास्म हुआ। अधिष्ठापन अधिकारी रश्मि शर्मा ने सभी सदस्यों को पद एवं गोपीनी पता को शपथ दिलाई।

ग्रुप के अध्यक्ष सुशील कुमार वा बेय ने सभी सदस्यों को साम लेकर सेवा व समर्पण के साथ कार्यों को करने शपथली. सचिव दिलीप किशोर ने ग्रुप द्वारा सेवा व समर्पण के ऐसे कार्यों को करने का बादा किया जिससे लोगों के चेहरे पर मुस्कान आये और समाज को नई दिशा मिले। सभी अतिथियों ने ग्रुप हेतु अपने आशविचन दिये। कार्यक्रम में आयुतोष भोला (DOF), जितेन्द्र, रामबाबूशर्मा सत्यपाल सिंह, अंपुर वाषोध, निखिल वार्ष्णय, अतुल कुमार अमर वार्षीय, रूपकिशोर वार्ष्णेय, शुभम वार्षीय आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन लव कुमार वार्ष्णय द्वारा किया गया।



# बबराला इंदिरा चौक पर यातायात टीएसआई सुरेश कुमार सिंह द्वारा अभियान के तहत ड्रिंक एवं ड्राइव के किया चालान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बबराला (सम्भल)।** बबराला इंदिरा चौक पर आज सम्भल में यातायात टीएसआई सुरेश कुमार सिंह ने शराब चेकिंग में दो वाहन चालकों के चालान किए गए एक ई रिक्शा चालक सेट किया गया जो शराब के नशे में चल रहा था उनके चालान 10500,10500 के किए गए हैं।

यूपी के जनपद सम्भल में पुलिस अधीक्षक विकास चन्द्र त्रिपाठी जनपद सम्भल के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक सम्भल एवं यातायात क्षेत्राधिकार बहजोई सम्भल एवं यातायात प्रभारी जगरोशन सिंह के कुशल नेतृत्व में यातायात ळरक सुरेश कुमार सिंह द्वारा अभियान के तहत ड्रिंक एवं ड्राइव के चालान किए गए हैं इंदिरा चौक बबराला पर शराब चेकिंग में दो वाहन चालकों के चालान किए गए एक ई रिक्शा सीज किया गया जो ड्राइवर शराब के नशे में चला रहा था उनके चालान 10500-10500 के किए गए हैं।



# शिक्षक दिवस पर संगीता भार्गव को वोकेशनल अवार्ड से किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**चंदौसी।** रोटरी क्लब चंदौसी की ओर से शिक्षक दिवस के अवसर पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें शिक्षा और समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए समाजसेविका डॉ. संगीता भार्गव और संगीता गोयल को वोकेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया। क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने दोनों सम्मानित अतिथियों का अभिनंदन कर उनके योगदान की सराहना की।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डीजीएन रोटेरियन प्रतीश सिंह ने रोटरी क्लब चंदौसी की ओर से किए जा रहे सामाजिक एवं सेवा कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने क्लब के सदस्यों को भविष्य में भी इसी तरह सेवा कार्य जारी रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का आयोजन क्लब अध्यक्ष रोटेरियन मुकेश अग्रवाल और सचिव रोटेरियन एसके अग्रवाल के नेतृत्व में हुआ। अध्यक्ष और सचिव ने अतिथियों व सदस्यों का स्वागत किया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने शिक्षक दिवस की महत्ता पर विचार व्यक्त करते हुए समाज के निर्माण में शिक्षकों के अमूल्य योगदान को सराहा।

इस अवसर पर रोटेरियन दिनेश अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, फूल प्रकाश वार्ष्णेय, अनिल अग्रवाल, संतोष बंसल, ओम शंकर रस्तोगी, नितिन अग्रवाल, रितेश रस्तोगी और अनुग्रह अग्रवाल सहित क्लब के अनेक सदस्य मौजूद रहे। कार्यक्रम सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ।



**पैमाइश** लगभग पूरे सेक्टर की नाप-जोख के बाद अब चौथी बार पहुंचेगी राजस्व टीम, जिस जमीन को लेकर विवाद उस पक्ष की मौजूदगी पर भी सवाल

# 32 एयर जमीन के लिए तीन बार पैमाइश,फिर भी नहीं निकला समाधान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**बहजोई।** थाना बहजोई क्षेत्र के ग्राम फतेहपुर शरीफनगर में करीब 32 एयर जमीन की पैमाइश को लेकर चल रहा विवाद लगातार गहराता जा रहा है। राजस्व विभाग की टीम अब तक तीन बार मौके पर पहुंचकर नाप-जोख कर चुकी है। बताया जा रहा है कि पैमाइश के दौरान लगभग पूरे सेक्टर की जमीन नापी जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद विवाद का कोई समाधान नहीं निकल सका। अब राजस्व टीम द्वारा चौथी बार पैमाइश किए जाने की बात सामने आ रही है।

**सुबह से शामतक चली पैमाइश,पुलिस बल भी रहा मौजूद**

बताया गया कि एक बार राजस्व टीम ने सुबह करीब 11 बजे से रात 10 बजे तक मौके पर रहकर नाप-जोख की थी। इसके बाद टीम दोबारा और फिर तीसरी बार मौके पर पहुंची। तीसरी पैमाइश के दौरान थाना पुलिस निरीक्षक के साथ करीब 25 पुलिसकर्मी और महिला पुलिसकर्मी भी मौजूद रहीं। पर्याप्त पुलिस बल की मौजूदगी के बावजूद पैमाइश की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी।

जमीन मालिकों का आरोप है कि उनकी पैतृक भूमि की बार-बार नाप-तौल कर उन्हें परेशान किया जा रहा है। उनका यह भी आरोप है कि दूसरे पक्ष को लाभ पहुंचाने के लिए उनकी भूमि के रकबे को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है।

**जिस जमीन को लेकर विवाद, वह पक्ष मौके पर मौजूद नहीं**

इस पूरे मामले में एक और सवाल खड़ा हो रहा है। जमीन की पैमाइश जिस पक्ष के दावे को लेकर की जा रही है, शिकायतकताओं के मुताबिक वह व्यक्ति मौके पर उपस्थित ही नहीं था। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब संबंधित पक्ष ही मौके पर मौजूद नहीं है, तो बार-बार की जा रही पैमाइश का आधार क्या है और इसका अंतिम समाधान आखिर कैसे निकलेगा?

शिकायतकताओं का कहना है कि संबंधित गाटों और पूरे सेक्टर की भूमि को लेकर मामला न्यायालय में विचाराधीन है। उनका कहना है कि राजस्व अभिलेखों और वास्तविक कब्जे के आधार पर निष्पक्ष एवं विधिवत पैमाइश कराकर ही स्थिति स्पष्ट की जानी चाहिए।

अब लगभग पूरे सेक्टर की नाप-जोख के बाद भी समाधान न निकलने और चौथी बार पैमाइश की तैयारी ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आखिर तीन बार की पैमाइश के बाद भी स्थिति स्पष्ट क्यों नहीं हो सकी और चौथी पैमाइश के बाद क्या तस्वीर बदल पाएगी?

मामले में लगाए गए आरोप शिकायतकताओं के हैं। वास्तविक स्थिति प्रशासनिक जांच, राजस्व अभिलेखों और विधिवत पैमाइश के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।



# लॉ कॉलेज में आयोजित दीक्षारंभ कार्यक्रम में नवप्रवेशित विद्यार्थियों को दी महत्वपूर्ण जानकारी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**





**शिकारपुर।** सरस्वती विद्या मंदिर लॉ कॉलेज में नवप्रवेशित बीएएलएलबी प्रथम वर्ष एवं एलएलबी प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए तीन दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का शुभारंभ सोमवार को उत्साहपूर्ण वातावरण में हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि उपजिलाधिकारी प्रतीक्षा पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया।

प्रथम सत्र में वरिष्ठ प्रवक्ता प्रमोद कुमार ने विद्यार्थियों का स्वागत कर महाविद्यालय के शिक्षकों एवं उनकी जिम्मेदारियों से परिचित कराया। प्राचार्य डॉ. विनोद कुमार सिंह ने विधि शिक्षा के उद्देश्य बताते हुए विद्यार्थियों को न्याय, संविधान, सामाजिक उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों एवं विधिक चेतना के प्रति जागरूक किया। डॉ. गौरव सोलंकी ने महाविद्यालय परिसर, पुस्तकालय, मूट कोर्ट व रजिस्ट्रार कार्यालय की जानकारी दी। रजिस्ट्रार निखिल जैन ने प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्थाओं से अवगत कराया। कार्यक्रम का समापन विद्यार्थियों द्वारा ह्यवंदे मातरम्ह्ल के उद्घोष के साथ हुआ। इस अवसर पर श्वेता सिंह, उत्तम वीर सिंह, रश्मि राघव, डॉ. गौरव सोलंकी, निखिल जैन (रजिस्टार), सुहेल आलम, डॉ. अरविंद कुमार, लक्ष्मी, सुमन्त चकमा, काजल आदि मौजूद रहे।

# एनडीए गठबंधन की सरकार हो,अपना दल एस की जय-जयकार हो राजकुमार भुर्जी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**स्याना (वसीम खॉन)।** अपना दल एस की मासिक समीक्षा बैठक जिला पंचायत मॉल स्थित पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अपना दल (एस) बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने की, जबकि बैठक का संचालन जिला महासचिव खालिक अंसारी ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कहा कि अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल जी ने समाज के दबे-कुचले, पिछड़े, शोषित एवं वंचित वर्गों की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाने का कार्य किया है। उन्होंने सामाजिक न्याय, समान अवसर और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए लगातार संघर्ष किया है।



उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन की सरकार हो, अपना दल एस की जय-जयकार हो के नारे को पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संकल्प के रूप में लेकर आगे बढ़े और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करे राजकुमार भुर्जी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार तथा मा. अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में अपना दल (एस) जनहित एवं सामाजिक न्याय के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की नीतियों को गांव-गांव एवं जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में मजबूत भारत योगी के नेतृत्व में मजबूत उत्तर प्रदेश और अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में मजबूत अपना दल एस के संकल्प को प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ साकार करे। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की गई तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने संगठन को मजबूत बनाने और एनडीए गठबंधन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया। बैठक में राजकुमार भुर्जी जिला अध्यक्ष, खालिक अंसारी जिला महासचिव, पुरुषोत्तम सैन, नीरज शर्मा, हाजी सबील अंसारी, जिला उपाध्यक्ष, भगवत जाटव, प्रेम बैरागी,पुष्पेंद्र राघव,नवाब मिस्त्री जिला सचिव, भूप सिंह प्रधान जिला अध्यक्ष अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति मंच, खुशी सागर जिला अध्यक्ष महिला मंच, हामिद अली सैफी जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मंच, गंगाशरण चौहान जिला अध्यक्ष शिक्षक मंच, धर्मेन्द्र चौहान जिला अध्यक्ष किसान मंच, गोपाल शर्मा जिला अध्यक्ष बौद्धिक मंच, एडवोकेट आरिफ अंसारी जिला अध्यक्ष युवा मंच, डॉक्टर संजीव कुमार जिला अध्यक्ष चिकित्सा मंच, डा राजीव अग्रवाल जिला अध्यक्ष व्यापार मंच, मोहम्मद असलम विधान सभा अध्यक्ष सदर, दीपक गौतम विधान सभा अध्यक्ष स्याना, डॉक्टर राम सिंह विधान सभा अध्यक्ष खुर्जा, राजकुमार राजपूत विधान सभा अध्यक्ष अनूपशहर, नितिन भाटी विधान सभा अध्यक्ष सिकंदराबाद, प्रमुख कुमार विधान सभा अध्यक्ष डिवाई, प्रतीक भारद्वाज जिला उपाध्यक्ष युवा मंच, आजाद सिंह शिकारपुर, राजवती देवी, ब्रह्मकौर, आरती सागर, कुमारी मोहिनी, भानु कुमार, हेमराज लोधी, डॉ प्रशांत लोधी चिकित्सा मंच,अंकुर पाल जोन अध्यक्ष उपस्तिथ रहे।

# सरकार को न तो दलितों के सम्मान की फिक्र है ना उनकी समृद्धि की चिंता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**खुर्जा।** केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार महंगाई और बेरोजगारी ही नहीं सामाजिक न्याय के मोर्चे पर भी विफल रही है। यहां पॉटरी नगरी के विपक्षी पार्टियों के नेताओं और समाजसेवियों का कहना है कि भाजपा शासन में दलित उत्पीड़न की वारदातें आम हो गई हैं। उनका कहन है कि दलित उत्पीड़न के मामलों को लेकर भाजपा और उसकी सरकार गंभीर भी नहीं हैं। यही कारण है कि दलित बेटी एक्टीविस्ट निशु आजाद को अपने पिता पर हुए हमले की रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए ढाई माह तक थानों के चक्कर काटने पड़ते हैं। और देश के वरिष्ठ दलित नेता मल्लिकार्जुन खरगे के अपमान के खिलाफ उत्तराखंड सरकार एक माह बाद भी रिपोर्ट दर्ज नहीं करती है। अब, यक्ष प्रश्न यह है कि आखिर दलित विरोध के संग भाजपा विस और लोस चुनाव में कैसे उतरेगीं। कांग्रेस के पूर्व विधायक नरेन्द्र कुमार का कहना है कि भाजपा शासन में दलित उत्पीड़न की घटनाएं आम हो चली हैं। कभी अध्यापक की बोतल से दलित युवक का पानी पीना गुनाह हो जाता है और उसका हाथ तोड़ दिया जाता है। तो कभी एक दलित गरीब का स्वर्ण समाज के खेत की मेड़ से घास खोदना उसके अपमान का शबव बन जाती है। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ दलित नेता मल्लिकार्जुन खरगे के अपमान की घटना बेहद शर्मनाक है। जब उत्तराखंड की हलद्वानी में भाजपा समर्थकों द्वारा उनके रैली स्थल का शुद्धिकरण किया जाता है लेकिन आरोपियों के खिलाफ एक माह बाद भी मामला दर्ज नहीं किया जाता है। उ0 प्र0 कांग्रेस कमेटी एससी विभाग के प्रदेश सचिव डॉ. अजय कुमार सिंह का कहना है कि बीते बारह माह में कोई सा भी महिना ऐसा नहीं गुजरा जब देश में दलितों के उत्पीड़न की घटनाएं ना घटी हों। दलित विरोधी मानसिकता के भाजपाई कभी किसी दलित दूल्हा को घोड़ी से उतार कर अपमानित कर देते हैं तो कभी कोई भाजपाई आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब कर देता है। उन्होंने कहा कि आजादी के अस्सी वर्ष के बाद भी भाजपाईयों की दलित विरोधी मानसिंकता गई नहीं हैं। उन्होंन कहा कि देश के वरिष्ठ दलित नेता मल्लिकार्जुन खरगे के अपमान की वारदात पर भाजपा का दलित प्रेम उजागर हो गया है। नगर के वरिष्ठ समाजसेवी और संत रविदास मंदिर समिति के अध्यक्ष अशोक भास्कर ने कहा कि देश का संविधान प्रत्येक देशवासी को समान रूप से सम्मान प्राप्त करने का अधिकार देता है।

# सपा का प्रस्तावित पीडीए महासम्मेलन स्थगित, 11 सितंबर को बुलंदशहर में राष्ट्रीय अध्यक्ष करेंगे प्रेस वार्ता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष मतलूब अली ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का बुलंदशहर दौरा कार्यक्रम में बदलाव किया गया

जिलाध्यक्ष के अनुसार, 12 सितंबर 2026 को बुलंदशहर में प्रस्तावित पीडीए महासम्मेलन किसी कारणवश स्थगित कर दिया गया है। वहीं, 11 सितंबर 2026 को समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव बुलंदशहर पहुंचेंगे

इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष ग्रीन इंडिया होटल, डीएम कॉलोनी रोड, निकट चार-चार मुरखेड़ा पर प्रेस को संबोधित करेंगे। इसके बाद पार्टी कार्यकर्ताओ और पदाधिकारियों से संवाद भी करेंगे। सपा जिलाध्यक्ष ने बताया कि कार्यक्रम से संबंधित जानकारी और संशोधित कार्यक्रम की छायाप्रति प्रेस विज्ञप्ति के साथ जारी की गई



# रघुवर दयाल प्रभु दयाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय जहांगीराबाद में पोषण सप्ताह के अंतिम दिवस "पोषण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता" का आयोजन किया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**जहांगीराबाद।** रघुवर दयाल प्रभु दयाल कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय जहांगीराबाद में पोषण सप्ताह के अंतिम दिवस "पोषण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया। जिसमें चार समूह आहार, पोषण, सेहत और स्वास्थ्य में से सेहत समूह जिसमें कीर्ति निगम, अफशीन नाज और प्रियंका थी,ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गृह विज्ञान विषय में होने वाले इस आयोजन की सभी ने सराहना की क्योंकि इससे स्वास्थ्य को संतुलित करते हुए भोजन की उपयोगिता पर विशेष ध्यान दिया गया। कार्यक्रम की संयोजिका कुमकुम वर्मा और सीमा शर्मा रही। वही दूसरी ओर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में मनाए जाने वाले "हिंदी सप्ताह" के अंतर्गत "लघु कथा लेखन प्रतियोगिता" का आयोजन किया गया जिसमें कनिष्ठ वर्ग से पावनी शर्मा ने प्रथम,साक्षी राघव ने द्वितीय तथा दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, तो दूसरी ओर वरिष्ठ वर्ग से विमल इंदु ने प्रथम,खुशबू ने द्वितीय और निधि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

महाविद्यालय की छात्राएं साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी पूर्ण भागीदारी से यह सिद्ध कर चुकी हैं कि वे अपनी सांस्कृतिक पहचान के साथ-साथ अध्ययन को भी प्राथमिकता देती आयी हैं। महाविद्यालय प्रबंधन गिरीश गर्ग ,निदेशक शरद अग्रवाल, संयोजक कुलदीप गर्ग ,हर्ष अग्रवाल तथा प्राचार्य डॉ शीनू चौधरी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि छात्राएं इसी प्रकार अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाती रहे तो महाविद्यालय द्वारा किया गया अध्यापन का प्रयास अपने आप ही सफल हो जाएगा। इस अवसर पर हिंदी प्राध्यापक धनेश शर्मा तथा बृजबाला भी उपस्थित रहीं।

# मासूम अल्फेज की मौत से जागा स्वास्थ्य विभाग

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**औरंगाबाद (बुलंदशहर)।** मौहल्ला सईदगढी में दस साल के मासूम, बुखार पीड़ित बच्चे अल्फेज की झोलाछाप के इलाज से हुई मौत पर संज्ञान लेते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भावसी रोड़ पर एक क्लीनिक को

**झोलाछाप का क्लीनिक सील बिना डिग्री बिना रजिस्ट्रेशन कर रहा था मरीजों की जान से खिलवाड़**

सील कर दिया। स्वास्थ्य विभाग की इस कड़क कार्रवाई से कस्बे के झोलाछापों में हड़कंप मच गया और अनेक चिकित्सक अपने क्लीनिकों पर ताला जड़ खिसक लिए।

मौहल्ला सईदगढी निवासी अनीस शेख का पुत्र अल्फेज को, जो कि मौहल्ले के प्राथमिक विद्यालय में कक्षा तीन का छात्र था, बुखार आ गया। उसके गले में गांठ दिखाई पड़ने पर परिजनों ने उसे भावसी रोड़ स्थित एक निजी चिकित्सक को दिखाया। चिकित्सक ने दवा दे दी। लेकिन शुक्रवार को अल्फेज को तेज बुखार हो गया परिजनों ने उसे सईदगढी मौहल्ले में स्थित एक निजी चिकित्सक को दिखाया तो उसने बर्फ की पट्टी रखवाकर अपने क्लीनिक पर इलाज शुरू कर दिया। हालत बिगड़ते देख परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी पर ले जाकर चिकित्सक को दिखाया तो उन्होने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजनों नेए गमगीन माहौल में बच्चे का अंतिम संस्कार कर दिया।



मामला मुख्य चिकित्सा अधिकारी के संज्ञान में आया तो उन्होने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी के अस्पताल अधीक्षक डॉ हरेंद्र सिंह को मामले की जांच करते हुए कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डॉ हरेंद्र सिंह ने डाक्टर प्रशांत सिंह को मौके पर भेजकर जांच करने के निर्देश दिए। डॉ प्रशांत सिंह ने भावसी रोड़ स्थित चिकित्सक के क्लीनिक पर पहुंचकर चिकित्सक से डिग्री और रजिस्ट्रेशन प्रमाणपत्र दिखाने को कहा लेकिन चिकित्सक कोई भी वैध चिकित्सीय प्रमाणपत्र दिखाने में असमर्थ रहा। जिसके चलते क्लीनिक पर सील लगा दी गई। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया।

डॉ हरेंद्र सिंह ने बताया कि सी एम ओ के आदेश पर डॉ वीर सिंह का क्लीनिक सील किया गया है।

# मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने किया राजगढ़ी का दौरा, लंपी पीड़ित गौवंशों का कराया उपचार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिला पशु चिकित्सा अधिकारी ने लंपी पीड़ित गौवंशों की देखरेख करने की गरज से सोमवार को अपनी टीम के साथ ग्राम राजगढ़ी का दौरा किया। गांव में सात गौवंश लंपी रोग पीड़ित पाये गये सभी का तत्काल उपचार शुरू किया गया।

ब्लाक लखावटी अंतर्गत ग्राम राजगढ़ी में पिछले दिनों गौ वंशों में लम्पी रोग दिखाई दिया था। जानकारी मिलने पर जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ अनिल कुमार शर्मा सोमवार को पशु चिकित्सकों व पशु वेटनरी मोबाइल वैन के साथ गांव पहुंचे। गांव में लगभग 128 पशुओं को टीकाकरण होना पाया गया। सात गौवंश बीमार पाये गये जिनमें लंपी रोग लक्षण दिखाई दिए। पशुओं की चिकित्सा की गई और ग्रामीणों को आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए गए। टीम में उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा वीपी सिंह, मोबाइल वेटनरी चिकित्सक डॉ सचिन,पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ मोहन सिंह व अन्य कर्मचारी शामिल रहे।

# तपेंद्र सिंह की माता के निधन पर दिनेश गुर्जर ने व्यक्त की शोक संवेदना

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के गांव बगराई निवासी बड़े भाई तपेंद्र सिंह जी की पूज्य माताजी के निधन का समाचार सुनकर अखिल भारतीय गुर्जर महासभा के प्रांतीय

**खुर्जा विधानसभा क्षेत्र के गांव बगराई में शोकाकुल परिवार से मिले दिनेश गुर्जर**

अध्यक्ष एवं समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष दिनेश गुर्जर उनके आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिवार से मुलाकात कर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा दिवंगत पुण्यात्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिनेश गुर्जर ने कहा कि माता-पिता का साया उठ जाना परिवार के लिए अत्यंत पीड़ादायक क्षण होता है। इस दुःख की घड़ी में वह शोकाकुल परिवार के साथ खड़े हैं। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति दें। इस दौरान उन्होंने सभी परिजनों को ढांढस बंधाते हुए दिवंगत पुण्यात्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।





# स्वास्थ्य विभाग ने लगाया सईदगढी में स्वास्थ्य शिविर, जांच में किसी की रिपोर्ट निगेटिव नहीं पाई गई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों लखावटी के सौजन्य से सईदगढी मौहल्ले में स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में आये मरीजों की डेंगू टाइफाइड मलेरिया आदि की जांच की गई सभी रिपोर्ट निगेटिव पाईं गईं।

कस्बे के मौहल्ला सईदगढी में अनीस शेख के मासूम बच्चे अल्फेज की हाल ही में हुई तेज बुखार से मौत को देखते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी के अस्पताल अधीक्षक डॉ हरेंद्र सिंह ने सोमवार को मौहल्ला सईदगढी में जाहिद हुसैन के आवास पर स्वास्थ्य शिविर लगवाया। स्वास्थ्य शिविर में मैडिकल आफिसर डॉ तहसीन रजा एवं डॉ निखत अफसाना ने सैंकड़ों मरीजों की जांच पड़ताल कर आवश्यकता अनुसार दवायें दीं। शिविर में 21 लोगों का रक्त परीक्षण किया गया जिसमें डेंगू मलेरिया टाइफाइड आदि की जांच की गई सभी रिपोर्ट निगेटिव पाईं गईं।

डॉ तहसीन रजा ने लोगों को बदलते मौसम में खान-पान में सावधानी बरतने और बुखार के लक्षण दिखाई देने पर तुरंत अस्पताल में इलाज कराने का आग्रह किया। वार्ड सभासद फिरोज सैफी ने शिविर में सहयोग किया।

**विवाद** | रास्ता बंद करने के आरोप पर विवाद, पुलिस ने रुकवाया निर्माण कार्य

# रास्ता बंद करने के आरोप पर विवाद, पुलिस ने रुकवाया निर्माण कार्य

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गुलावठी।** नगर के मोहल्ला रामनगर-करनपुरी स्थित नई आबादी में रास्ता बंद किए जाने के

**रामनगर-करनपुरी की नई आबादी का मामला, नगर पालिका ने शुरू की जांच**

आरोप को लेकर स्थानीय लोगों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और क्षेत्र में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से फिलहाल संबंधित कार्य को रुकवा दिया।

बताया जाता है कि नई आबादी क्षेत्र में रास्ते को लेकर कुछ लोगों ने आपत्ति जताते हुए आरोप लगाया कि सार्वजनिक अथवा आवागमन के लिए उपयोग किए जाने वाले रास्ते को बंद करने का प्रयास किया जा रहा है। इसको लेकर स्थानीय निवासियों ने विरोध जताया और मामले की शिकायत संबंधित अधिकारियों से की।

विवाद बढ़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने हस्तक्षेप करते हुए मौके पर चल रहे कार्य को अस्थायी रूप से रुकवा दिया है, ताकि किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न हो सके। पुलिस द्वारा दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील भी की गई।

उधर, मामले की जानकारी मिलने पर नगर पालिका प्रशासन ने भी प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। नगर पालिका की ओर से संबंधित भूमि, रास्ते और अभिलेखों की जांच कर वास्तविक स्थिति स्पष्ट करने की कार्रवाई की जा रही है।



स्थानीय लोगों का कहना है कि जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि विवादित स्थान सार्वजनिक रास्ते की श्रेणी में आता है या किसी निजी संपत्ति का हिस्सा है। फिलहाल पुलिस की मौजूदगी और नगर पालिका की जांच के चलते क्षेत्र में स्थिति नियंत्रण में बताई जा रही है। नगर पालिका प्रशासन का कहना है कि जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# एनडीए गठबंधन की सरकार हो, अपना दल एस की जय-जयकार हो: राजकुमार भुर्जी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर ।** अपना दल (एस) की मासिक समीक्षा बैठक जिला पंचायत मॉल स्थित पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक का संचालन जिला महासचिव खालिक अंसारी ने किया। बैठक में संगठन की मजबूती, आगामी कार्यक्रमों और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर चर्चा की गई। जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने कहा कि पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने दबे-कुचले, पिछड़े, शोषित एवं वंचित वर्गों की आवाज को सड़क से संसद तक मजबूती से उठाने का कार्य किया है। उन्होंने कार्यकर्ताओ से एनडीए गठबंधन की सरकार हो, अपना दल एस की जय-जयकार हो के संकल्प के साथ संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार,



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार और अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में अपना दल (एस) जनहित एवं सामाजिक न्याय के लिए कार्य कर रहे हैं। कार्यकर्ता सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की नीतियों को गांव-गांव एवं जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई। पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ ने संगठन को मजबूत करने तथा एनडीए गठबंधन को सशक्त बनाने का संकल्प लिया।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद (बुलन्दशहर)**

**सार्वजनिक सूचना**

**दिनांक 22.08.2026**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौ0 लोधान में मकान/दुकान/गाटा संख्या 2286 का जुज भाग श्री चन्द्रभान व नन्ने पुत्र श्री निरोत्तम के स्थान पर चामुण्डा माता मन्दिर (प्रबन्धक चन्द्रपाल पुत्र श्री जय सिंह) का रजि0 दानपत्र के आधार पर नाम दर्ज होने पर किसी को कोई आपत्ति हो, तो प्रकाशन तिथि के एक माह तक आपत्ति मय साक्ष्य के प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद समय कोई आपित्त मान्य नहीं होगी।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद जहॉगीराबाद**
**जिला बुलन्दशहर**

# सांसद ने शहीद स्तम्भ का किया निरीक्षण, सौन्दर्यकरण कराने को रखा प्रस्ताव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** सोमवार को मेरठ रोड स्थित गेस्ट में जनता की समस्याओं को सुनकर व उनका निस्तारण करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित करने के उपरांत मेरठ-हापुड़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद अरुण गोविल नगर के अतरपुरा

- **जन संवाद कार्यक्रम में सांसद ने जनता की सुनी समस्याएं**
- **जनता की शिकायतों का निस्तारण करने को अधिकारियों को किया निर्देशित**
- **सांसद का भाजपा कार्यकताओं ने स्वागत किया**
- **सांसद ने डीएम,वीसी व सीडीओ को राम चरित मानस भेंट की**

चौपला स्थित ऐतिहासिक शहीद स्तम्भ पहुंचे। वहां उन्होंने भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले अमर शहीदों की प्रतिमा और स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया।

सांसद ने अतरपुरा चौपला स्थित शहीद स्तम्भ के भव्य सौंदर्यीकरण और स्मृति द्वार के निर्माण को लेकर जिलाधिकारी कविता मीना से वार्ता की तथा लिखित रूप से पत्र सौंपकर जल्द से जल्द प्रशासनिक स्तर पर ठोस कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

भाजपा सांसद अरुण गोविल ने शहीद स्थल के निरीक्षण के दौरान कहा कि हापुड़ का यह शहीद स्तम्भ हमारी आने वाली पीढियों के लिए देशप्रेम और







राष्ट्रभक्ति की महान प्रेरणा का केंद्र है। उन्हें लंबे समय से इस ऐतिहासिक धरोहर की जानकारी मिल रही थी, जिसके बाद उन्होंने स्वयं यहां आकर शहीदों को श्रद्धांजलि देने और स्थल का निरीक्षण करने का निर्णय लिया।

सांसद ने बताया कि उन्होंने जिलाधिकारी के समक्ष शहीद स्तम्भ के जीर्णोद्धार, सौंदर्यीकरण और यहां एक भव्य स्मृति द्वार के निर्माण का प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप हापुड़ के इस पावन स्थल के विकास के लिए हर संभव वित्तीय व प्रशासनिक सहयोग मुहैया कराया जाएगा।

अतरपुरा चौपला स्थित शहीद स्थल के ऐतिहासिक महत्व के बारे में सांसद अरुण गोविल को उनके सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता और अशोक बबली ने विस्तार से जानकारी दी। और बताया कि स्वतंत्रता प्राप्ति के उपरांत नगर के इसी अतरपुरा चौपला पर अमर बलिदानियों की स्मृति में शहीद स्मारक का निर्माण कराया गया। इस स्मारक पर अंग्रेजी हुकूमत द्वारा चलाई गई गोलियों के निशान आज भी स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं, जो हापुड़ के निवासियों को उनके पूर्वजों के अदम्य साहस की याद दिलाते हैं। प्रतिवर्ष 11 अगस्त को इस पावन स्थल पर दीप प्रज्वलित कर समूचा नगर अपने अमर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है।

भाजपा सांसद को कार्यकताओं व स्थानीय लोगों ने ने सांसद अरुण गोविल को क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं से भी अवगत कराया। भाजपा कार्यकर्ता महेश तोमर सहित स्थानीय लोगों ने बताया कि शहीद स्तम्भ तथा पास में स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा के आसपास लगातार अतिक्रमण बढ? व गोल मार्केट क्षेत्र में जलभराव की विकट समस्या के कारण व्यापारियों और आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सांसद ने नागरिकों को आश्वस्त किया कि इन दोनों समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर जिलाधिकारी के समक्ष रखा गया है और जल्द ही नाले-नालियों की सफाई व अतिक्रमण हटाकर जनता को राहत दिलाई जाएगी।

इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि विनोद गुप्ता, अशोक बबली,वरिष्ठ भाजपा नेता व कार्यकर्ता महेश तोमर, संजीव वर्मा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय व्यापारी व अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना : 350 जोड़ों ने योजना का लाभ उठाने को किया आवेदन: दिग्विजय


बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शासन ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए

- **शासन से वित्तीय वर्ष 2026-27 में 718 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य मिला**
- **विवाह कराने को शासन से मिली,1 करोड़ 5 लाख की धनराशि**
- **एक जोड़े पर खर्च होगी एक लाख की धनराशि**

जनपद में 718 जोड़ों का विवाह करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। शासन ने जोड़ों का





विवाह संपन्न कराने के लिए एक करोड़ 5 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुसार एक जोड़ें पर अब एक लाख की धनराशि खर्च की जायेगी। जिसमें 60 हजार रुपये वधू के खाते में जायेंगे। योजना का लाभ उठाने को 350 जोड़ों द्वारा आवेदन किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत शासन ने वर्ष 2026-27 के लिए सभी वर्गों के 718 जोड़ों का विवाह कराने का लक्ष्य दिया गया है। विवाह संपन्न कराने के लिए शासन से एक करोड़ 5 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। शेष धनराशि भी शीघ्र प्राप्त हो जायेगी। विवाह बंधन में बंधने वाले प्रत्येक जोड़े पर एक लाख की धनराशि खर्च होगी। जिसमें 60 हजार लड़की के खाते में,25 हजार का सामान व 15 हजार रुपये खान पान पर खर्च होंगे। कार्यक्रम में लड़की व लड़के पक्ष से पांच-पांच लोग शामिल होंगे। जिला समाज कल्याण अधिकारी दिग्विजय सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के लिए प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष में जनपद को 718 जोड़ों को विवाह कराने का लक्ष्य दिया है। एक जोड़े का विवाह संपन्न कराने के लिए एक लाख की धनराशि खर्च होगी। विवाह संपन्न कराने के लिए शासन से एक करोड़ 5 लाख की धनराशि प्राप्त हुई है। योजना का लाभ उठाने के लिए अभी तक 350 जोड़ों ने ऑन लाइन आवेदन किया है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत जोड़ों का विवाह कराने के लिए भव्य आयोजन किया जायेगा। जिसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू की जा रही है। जिसके शीघ्र पूर्ण होने की संभावना है। विवाह संपन्न कराने की निधि निर्धारित की जायेगी।

# ध्वस्तीकरण व सीलिंग: एचपीडीए ने वित्तीय वर्ष में 15 अवैध प्लाटिंग को किया ध्वस्त: सचिव

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद में 15 स्थानों पर विकसित की जा रही अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने के साथ-साथ 15 अवैध निमार्णों को भी सील करने की कार्यवाही की है। इसके अलावा शमन स्वीकृत कर 8 करोड़ 56 लाख 91 हजार की धनराशि प्राप्त की है। गत सितंबर माह में भी एचपीडीए द्वारा अवैध प्लाटिंग व निमार्णों को ध्वस्त करने को अभियान चलाया जा रहा है।

आपको बता दें, कि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण क्षेत्र में कालोनाइजरों द्वारा हापुड़, पिलखवा, सिंभावली व गढ़ में कृषि योग्य भूमि को क्रय कर अथवा किसान को भागीदार बनाकर प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना व अवैध रूप से छोटे-छोटे भूखंडों की रजिस्ट्री करा दी जाती है। अधिकांश कालोनियों में कालोनाइजरों द्वारा कोई विकास कार्य, रोड, सीवर, पार्क आदि का निर्माण नहीं कराया जाता है। जिस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ती है।





एचपीडीए के अधिसूचित महायोजना विकास क्षेत्र हापुड़ पिलखुवा व गढ़मुक्तेश्वर, ब्रजघाट में भू-माफियाओं, कालोनाइजरों द्वारा अवैध रूप से विकसित अवैध कालोनियों में भूखंडों का क्रय विक्रय कर निर्माण कराया जाता है,कि उत्तर प्रदेश नगर योजना एवं विकास अधिनियम -1973 के तहत कार्यवाही करते हुए अवैध निर्माण व प्लाटिंग को ध्वस्त किया जायेगा। हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के प्रभारी सचिव अमित कादियान ने बताया कि प्राधिकरण ने बीते वित्तीय वर्ष 2026-27 में जिले में 15 स्थानों पर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करने व 15 अवैध निमार्णों को सील करने की कार्यवाही की गई है। इसके अलावा शमन स्वीकृत कर 8 करोड़ 56 लाख 91 हजार की धनराशि प्राप्त की है। उन्होंने बताया कि प्राधिकरण द्वारा जनपद में प्राधिकरण क्षेत्र में अभियान चलाकर मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की मौजूदगी में अवैध कालोनियों को ध्वस्त करेगा प्राधिकरण की कार्यवाही से बचने के लिए कालोनाइजर कालोनी का मानचित्र स्वीकृत कराये। निर्माणकत्र्ता निर्माण कार्य रोककर आवासीय व कार्मिशियल बिल्डिंग का नक्शा स्वीकृत कराये।

प्रभारी सचिव ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा मजिस्ट्रेट व पुलिस बल की मौजूदगी में 8 सितंबर,10,15,17,22 व 24 सितंबर को जिले में प्राधिकरण क्षेत्र में ध्वस्तीकरण व सीलिंग अभियान चलाया जायेगा।

- **जिले में विभिन्न स्थानों पर 15 अवैध निर्माण किये सील**
- **शमन स्वीकृत से 8 करोड़ 56 से अधिक की धनराशि प्राप्त की**
- **हापुड़ सिटी,पिलखुवा व गढ़ में चलाया जा रहा है,सीलिंग व ध्वस्तीकरण अभियान**

# प्रदर्शन से पहले गौरव राघव को हाउस अरेस्ट करने का दावा, घर पर सौंपा ज्ञापन

बुलन्द संदेश ब्यूरो



**पिलखुवा।** यूजीसी के फैसले के विरोध में प्रस्तावित आंदोलन को लेकर सोमवार को पिलखुवा में राजनीतिक और सामाजिक गतिविधियां तेज रहीं। हिंदूवादी नेता गौरव राघव ने दावा किया कि आंदोलन में शामिल होने से रोकने के लिए पुलिस-प्रशासन ने उन्हें देर रात हाउस अरेस्ट कर लिया।

गौरव राघव के अनुसार, सुबह उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को अपने आवास पर बुलाया और हाउस अरेस्ट की स्थिति में ही अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा कि यूजीसी के फैसले को लेकर उनका विरोध जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। उनका कहना था कि आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्ति की स्थिति को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था में बदलाव किया जाना चाहिए। उन्होंने आरक्षण का आधार आर्थिक स्थिति किए जाने और यूजीसी के फैसले को वापस लेने की मांग उठाई।

गौरव राघव ने कहा कि उनकी ओर से आंदोलन के माध्यम से अपनी मांगों को प्रशासन और सरकार तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं, प्रस्तावित प्रदर्शन को देखते हुए पुलिस-प्रशासन की ओर से भी सतर्कता बरती गई।

# भगवान श्री परशुराम सेवा दल ने जन्माष्टमी पर्व पर आकर्षक सजी झांकी संचालकों को किया सम्मानित

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना ।** जन्माष्टमी पर्व पर श्री परशुराम सेवा दल प्रमुख आदित्य वशिष्ठ के नेतृत्व में कस्बा धौलाना में विशेष रूप से आकर्षक सजी झांकियों के संचालकों को भगवान श्री कृष्ण और राधा रानी की शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

कस्बे में इस बार बेहद सुंदर झांकियां सजाई गईं, श्री राधा कृष्ण की शील्ड भेंट की गई। दल के प्रमुख आदित्य वशिष्ठ ने बताया कि हमारे दादा परम कृष्ण भक्त सेवा निवृत्त बीडीओ स्व. श्री एस.एस. वशिष्ठ जी की प्रेरणा से कस्बा धौलाना में विशेष रूप से अच्छी तरह आकर्षक सजाई गई झांकियों के संचालकों को सम्मानित किया गया।





सभी को श्री राधा कृष्ण और श्री भगवान परशुराम जी के चित्र की शील्ड प्रदान की गई। इस मौके पर दल के सदस्यों ने प्रसाद वितरण भी किया और बाल गोपालों में खिलौनों का भी वितरण किया। इस कार्य में विशेष सहयोग परशुराम सेवा दल के संरक्षक वरिष्ठ पत्रकार संजीव वशिष्ठ, मनीष शर्मा, दीपक आत्रेय, विकास कौशिक, राहुल गहलोत, भास्कर पंडित, विनीत भट्ट, दिव्यांशु शर्मा, शिवकुमार राणा, चेतन शर्मा, खेदू पंडित, राजेश कुमार, प्रधान मुकेश रावल,अंकित गौतम, भूपेन्द्र राणा, मुकेश राणा, जय राणा सहित मुख्य सेवा देने वाले रहे।

# ट्रैफिक पुलिस तैनात,फिर भी जनता जाम का शिकार, सोमवार के जाम से जनता बेहाल,आज तक नहीं निकला समाधान

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**हापुड़।** देश विदेश में पापड़ नगरी के नाम से विख्यात हापुड़ नगर में प्रत्येक सोमवार को लगने वाले जाम से जनता बेहाल हो रही है।

- **करोड़ों खर्च करने के बावजूद जाम की समस्या बरकरार**
- **स्थानीय अधिकारी प्रतिदिन होते है जाम का शिकार**
- **ध्वनि प्रदूषण के कारण बहरेपन के शिकार हो रहे है नागरिक**

सुबह से शाम तक लगने वाले जाम के कारण अब यह जाम नगरी के नाम से मशहूर हो गया है। करोड़ों की लागत से बना बाईपास भी जाम में सुधार नहीं ला सका है। शहर में प्रत्येक चौराहा पर ट्रैफिक पुलिस तैनात होने के बावजूद भी जनता प्रतिदिन हो जाम का शिकार हो रही है। आपको बता दें कि चार दशक पूर्व हापुड़ के पापड़ की विदेशों तक धूम थी। जिस कारण यह दुनिया भर में हापुड़ पापड़ नगरी के नाम से विख्यात हो गया। मौजूदा समय में पापड़ नगरी की पहचान धीरे धीरे अपना अस्तित्व खोती जा रही है। इस मुख्य कारण हापुड़ नगर के प्रमुख तहसील चौराहा व मेरठ तिराहा पर प्रत्येक सोमवार को लगने वाला जाम है। इससे न सिर्फ यहां का व्यापार प्रभावित हो रहा है। बल्कि आये दिन राहगीरों के साथ साथ दुकानदारों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। जनता को हाल तो बेहाल हो रहा है। जाम की समस्या से निजाम दिलाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा निजाम से लेकर ततारपुर तक करोड़ों की लागत ने बाईपास का निर्माण कराया गया। जिसका उद्घाटन तत्कालीन राजग सरकार में भूतल परिवहन केन्द्रीय मंत्री रहे चन्द्रभुवन खंडूरी ने किया था। साथ ही उन्होंने जनपद की जनता को आश्वस्त किया था कि अब हापुड़ नगर की जनता को जाम की समस्या से नहीं जूझना पड़ेगा। किन्तु स्वार्थी वाहन चालक नहीं चाहते कि वह बाहर जाने के लिए बाईपास का प्रयोग करे। यहीं कारण है कि शहर में डग्गामार वाहनों की तादात इतनी अधिक बढ़ गयी है कि जाम पर काबू पाना टेढ़ी खीर लगती है। दिलचस्प बात तो यह है कि यातायात पुलिस को परिवहन सुचारु कराने के लिए मुख्य चौराहों पर तैनात किया गया है किन्तु वह अपने कर्तव्य सही ढंग से निर्वाह नहीं कर पा रहे है। सच्चाई तो यह है कि वह अपनी जेबें भरे या यातायात सुचारु करायें। इतना ही नहीं स्थानीय पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी जाम का प्रतिदिन शिकार होते है। अब उन्हें भी जाम झेलने की आदत पड़ गयी है।



हापुड़ नगर में तहसील चौराहा पर लगे भीषण जाम का नजारा

वही ट्रैफिक पुलिस द्वारा भी जाम की समस्या समाप्त करने के लिए कई उपाय किये। लेकिन सभी विफल साबित हुए हैं।

वहीं हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा लाखों की लागत से तहसील चौपला,मेरठ तिराहा,पक्का बाग चौराहा पर ट्रैफिक लाइटें लगवायी,जो एक भी नहीं चली,और कबाड़ में तब्दील हो गयी। पुलिस विभाग उक्त चौराहों पर लाखों की लागत से ट्रैफिक लाइट लगवायी,जो अभी तक शुरू नहीं हो सकी है। और खंभों से टूटकर नीचे आ गयी है।

# यूजीसी के फैसले के खिलाफ सड़कों पर उतरे प्रदर्शनकारी, नारेबाजी कर जताया विरोध

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**पिलखुवा।** यूजीसी के फैसले के विरोध में सोमवार को पिलखुवा में स्वर्ण समाज के लोगों ने प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया।







रामलीला मैदान के गेट पर एकत्र हुए लोगों ने केंद्र की शिक्षा एवं आरक्षण व्यवस्था से जुड़ी मांगों को लेकर आवाज उठाई। प्रदर्शन के दौरान काफी देर तक नारेबाजी होती रही। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में सभी वर्गों को समान अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने जातिगत आधार पर आरक्षण व्यवस्था में बदलाव कर आर्थिक आधार को प्राथमिकता देने की मांग की। इसके साथ ही सवर्ण आयोग के गठन की मांग भी उठाई गई। पवन तोमर ने कहा कि यूजीसी के फैसले को वापस लेने के साथ शिक्षा में समानता और आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज की ओर से लंबे समय से इन मांगों को उठाया जा रहा है। प्रदर्शन समाप्त होने के बाद लोग पैदल मार्च करते हुए नगर पालिका परिसर पहुंचे। यहां पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के पास प्रदर्शनकारियों ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों पर कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शन और पैदल मार्च के मद्देनजर पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखी। हाईवे और आसपास के इलाकों में पुलिसकर्मी तैनात रहे तथा यातायात व्यवस्था पर भी नजर रखी गई।

इस दौरान पवन तोमर जिलाध्यक्ष एएचपी, नीरज ठाकुर, अर्जुन तोमर, अरुण तोमर, दीपक चौहान, भूपेंद्र तोमर चंदपुरा, नागेंद्र तोमर, मूलेन्द्र तोमर, सिंटू तोमर, ब्रह्म सिंह राणा, सचिन चौहान, पवन शर्मा, लटूर सिंह, नेपाल सोम, सुमित शर्मा, मूलचंद तोमर, अंकित तोमर, अमित सैन, पंकज गिरि, मनोज तोमर एडवोकेट, अमित बंसल, संजय तिवारी, अजय और रविंद्र आदि मौजूद रहे।

**हाउस अरेस्ट** सरकार पर आंदोलन कुचलने का आरोप , काले कानून वापस होने तक शांत नहीं बैठेगा सवर्ण और ओबीसी समाज : विनोद शिशोदिया

# धौलाना बार अध्यक्ष विनोद शिशोदिया को गांव कंदौला में साथियों सहित किया हाउस अरेस्ट

बुलन्द संदेश ब्यूरो

**धौलाना।** धौलाना तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट विनोद कुमार शिशोदिया को आज सोमवार को उनके पैतृक गांव कंदौला में पुलिस ने उनके साथियों सहित हाउस अरेस्ट कर लिया। बताया जा रहा है कि वे पिलखुवा से हापुड़ तक निकलने वाले UGC के नए प्रावधानों और SC/ST एक्ट के खिलाफ प्रस्तावित शांतिपूर्ण प्रोटेस्ट के मुख्य संयोजक थे। इस प्रोटेस्ट में सवर्ण और डइउ समाज के लोगों के साथ अधिवक्ताओं को भी शामिल होना था और जिलाधिकारी हापुड़ के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाना था। लेकिन आंदोलन का वृहत रूप देख घबराए प्रशासन ने ये कार्रवाई कर दी । जिससे आंदोलन के कर्णधार ओर मजबूती से अगली रणनीति की तैयारी में जुट गए ।

**वहीं वरिष्ठ समाजसेवी सतीश राणा ने कहा कि विनोद शिशोदिया जी ने हमेशा युवाओं और समाज के हित की लड़ाई लड़ी है, ये कानून युवाओं के भविष्य पर सीधा हमला है**



हाउस अरेस्ट के बाद विनोद शिशोदिया ने कहा कि इस लड़ाई में वो पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि ये UGC और SC/ST एक्ट हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए थोपा जाने वाला काला कानून है। जब तक ये कानून वापस नहीं होता, सवर्ण समाज और OBC समाज का संघर्ष जारी रहेगा। मोदी सरकार को युवाओं के भविष्य और हित को देखते हुए इसे जल्द समाप्त करने की घोषणा करनी चाहिए। नहीं तो सड़कों पर महासंघर्ष देखने को मिलेगा । न्याय मिलने तक सवर्ण ओबीसी समाज चुप नहीं बैठेगा । इस कार्रवाई पर वरिष्ठ अधिवक्ता राजीव तोमर ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि बार अध्यक्ष का हाउस अरेस्ट पूरी तरह से अलोकतांत्रिक है। अधिवक्ता शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बात सरकार तक पहुंचाना चाहते थे, पुलिस को उन्हें रोकने की बजाय सुरक्षा देनी चाहिए थी। हम इस कार्रवाई का पुरजोर विरोध करते हैं और अध्यक्ष विनोद शिशोदिया के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। वहीं वरिष्ठ समाजसेवी सतीश राणा ने कहा कि विनोद शिशोदिया जी ने हमेशा युवाओं और समाज के हित की लड़ाई लड़ी है। ये कानून युवाओं के भविष्य पर सीधा हमला है। सवर्ण और डइउ समाज को बांटने वाला ये कानून किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम सभी अधिवक्ता साथी इस संघर्ष में उनके साथ हैं और जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन और तेज होगा। वही धौलाना बार एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि जल्द हापुड़ में महाप्रदर्शन किया जाएगा । जिसमें सवर्ण ओर ओबीसी समाज को हर तरह का अधिवक्तागण का सहयोग मिलेगा ।

## सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है,कि हापुड़ पिलखुवा विकास प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में मै.मैडन फोरजिंगस लि. द्वारा डायरेक्टर श्री निशान्त गर्ग पुत्र श्री संजय गर्ग द्वारा ग्राम नाहली (जलालाबाद) तहसील मोदीनगर व जिला गाजियाबाद के खसरा सं.974 व 977 मि. क्षेत्रफल 15200.00 वर्ग मी. औद्योगिक मानचित्र की स्वीकृति हेतु प्रस्तावना दी गयी है। हापुड़ महायोजना 2031 के अनुसार स्थल का भू-उपयोग वर्तमान मार्ग के मध्य से मार्गाधिकारी की भूमि छोड? के उपरांत कृषि है। मॉडल भवन निर्माण एवं विकास उपविधि एवं मॉडल जोनिंग रेगुलेशन-2025 के अनुसार कृषि भू-उपयोग में औद्योगिक क्रिया अनुमन्य है। महायोजना भू-उपयोग अथवा अनुमोदित लेआउट में परिभाषित भू-उपयोग के अतिरिक्त अन्य क्रियाओं की अनुज्ञा से पूर्व जनता से आपत्ति-सुझाव प्राप्त किये जाने का प्राविधान है। अतःकृषि भू-उपयोग में औद्यागिक मानचित्र स्वीकृत करने से जनता से आपत्ति-सुझाव आमंत्रित किये जाते है। कि यदि उक्त स्वीकृति के संबंध में किसी भी व्यक्ति-संस्था को कोई आपत्ति-सुझाव हो,तो प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति-सुझाव प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज करा सकते है।

**प्रभारी सचिव**
**हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण**
**हापुड़**

# मिशन शक्ति की डिजिटल परीक्षा में महिला आरक्षियों का दबदबा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर संचालित मिशन शक्ति अभियान के तहत अलीगढ़ परिक्षेत्र में तैनात पुलिसकर्मियों की डिजिटल परीक्षा आयोजित की गई। पुलिस

**अलीगढ़ परिक्षेत्र के चार जनपदों के 379 पुलिसकर्मियों ने लिया हिस्सा, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को मिलेगा प्रशस्ति पत्र व नकद पुरस्कार**

उपमहानिरीक्षक कार्यालय, अलीगढ़ परिक्षेत्र की ओर से आयोजित ऑनलाइन परीक्षा में अलीगढ़, एटा, हाथरस एवं कासगंज जनपदों के विभिन्न थानों पर तैनात कुल 379 पुलिसकर्मियों ने प्रतिभाग किया।

परीक्षा में महिला सुरक्षा से संबंधित योजनाओं, हेल्पलाइन नंबरों, मिशन शक्ति केंद्रों की कार्यप्रणाली तथा मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) से जुड़े सवाल पूछे गए। 75 प्रश्नों की परीक्षा में प्रत्येक प्रश्न दो अंक का था। इसका उद्देश्य मिशन शक्ति केंद्रों पर तैनात पुलिसकर्मियों की दक्षता एवं महिला संबंधी मामलों के निस्तारण को लेकर उनकी जानकारी को परखना था।




तीनों स्थानों पर महिला आरक्षियों ने बनाई जगह

परीक्षा परिणाम में महिला आरक्षियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीनों शीर्ष स्थानों पर कब्जा जमाया। अलीगढ़ के थाना मडराक पर नियुक्त महिला आरक्षी 1188 मोना शर्मा ने 130 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं एटा के थाना मारहरा में तैनात महिला आरक्षी आशा देवी ने 126 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया। एटा के थाना कोतवाली देहात में नियुक्त महिला आरक्षी 23 रितु रानी ने भी 126 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।

मिशन शक्ति केंद्रों की स्थापना 22 सितंबर 2025 को महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के उद्देश्य से की गई थी। इन केंद्रों के माध्यम से महिला संबंधी शिकायतों को प्राथमिकता के आधार पर सुनने और उनका संवेदनशीलता के साथ निस्तारण करने पर जोर दिया जा रहा है।

**उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों का होगा सम्मान**

परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों की पुलिस उपमहानिरीक्षक, अलीगढ़ परिक्षेत्र द्वारा सराहना की गई। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कर्मियों को शीघ्र ही प्रशस्ति पत्र एवं नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई है।

अधिकारियों का कहना है कि इस तरह की डिजिटल परीक्षाओं से पुलिसकर्मियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित होती है। साथ ही महिला एवं बालिका सुरक्षा से जुड़े मामलों में पुलिसकर्मियों की जानकारी, संवेदनशीलता और कार्यक्षमता में भी सुधार होता है। इससे पीड़ित महिलाओं की शिकायतों का त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।

# किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है युवा शक्तिः मंविवि में युवा संवाद

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**


**अलीगढ़।** मंगलायतन विश्वविद्यालय में युवा संवाद कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरिगढ़ विभाग प्रचारक गोविंद ने कहा कि युवा शक्ति किसी भी राष्ट्र की रीढ़ होती है। युवाओं को वैचारिक रूप से सजग होकर राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। उन्होंने स्वामी विवेकानंद व डॉ. कलाम के आदर्शों पर चलने का आह्वान किया।कुलपति प्रो. पीके दशोरा ने कहा कि समसामयिक मुद्दों पर संवाद से विद्यार्थियों की तार्किक क्षमता बढ़ती है और उन्हें राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। संचालन शिवम तिवारी ने किया। इस दौरान कुलसचिव कमांडर मनोज के., जिला संघचालक विनय भारद्वाज, लक्ष्मण सिंह, दाऊदयाल सहित अन्य मौजूद रहे।



# ओडीओपी योजना ने खोले सफलता के द्वार

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अभिनेश कुमार पुत्र तोताराम निवासी 322, ज्वालापुरी गली नंबर-4 ने ताला एवं बिल्डिंग हार्डवेयर निर्माण के क्षेत्र में अपनी उद्यमशीलता की शुरूआत एक मशीन ऑपरेटर के रूप में की। ग्राहकों की बढ़ती मांग और बेहतर उत्पाद उपलब्ध कराने की आवश्यकता को समझते हुए उन्होंने स्वयं की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट स्थापित करने का निर्णय लिया। प्लांट स्थापित करने के लिए वित्तीय संसाधनों की चुनौती सामने आई। इसी दौरान जिला उद्योग एवं उद्यम प्रोत्साहन केंद्र के माध्यम से उन्हें एक जनपद एक उत्पाद योजना की जानकारी मिली। डिप्टी कमिश्नर इंडस्ट्रीज के मार्गदर्शन में उन्होंने ओडीओपी की मार्जिन मनी योजना के तहत आवेदन किया।



योजना के सहयोग से एचडीएफसी बैंक, रामघाट रोड, अलीगढ़ से एक करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त कर अभिनेश कुमार ने अपना मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया। इस वित्तीय सहयोग ने उनके सपने को नई दिशा दी और छोटे स्तर से शुरू हुआ कारोबार तेजी से आगे बढ़ने लगा। आज उनके उत्पाद देश के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी अपनी पहचान बना रहे हैं। व्यवसाय में आधुनिक तकनीक और बेहतर उत्पादन व्यवस्था अपनाने से पिछले 2-3 वर्षों में उनके वार्षिक राजस्व में लगभग 75 प्रतिशत की वृद्धि हुई और कारोबार का टर्नओवर 5.6 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। व्यवसाय के विस्तार के साथ स्थानीय स्तर पर 30 से अधिक लोगों को रोजगार मिला है। अभिनेश कुमार की सफलता यह दशार्ती है कि ओडीओपी जैसी योजनाएं वित्तीय सहायता के साथ-साथ उद्यमियों को सही मार्गदर्शन और आत्मनिर्भरता का अवसर प्रदान कर रही हैं। ओडीओपी योजना के सहयोग से एक मशीन ऑपरेटर से सफल उद्यमी बने अभिनेश कुमार आज अलीगढ़ के ताला एवं बिल्डिंग हार्डवेयर उद्योग की बढ़ती संभावनाओं और स्थानीय उद्यमिता की नई तस्वीर प्रस्तुत कर रहे हैं।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग क्विज में युवा करें प्रतिभागः सोनाली नेगी

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** माय भारत अलीगढ़ (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) के तत्वाधान में श्री वार्ष्णेय कॉलेज एवं डी.एस. कॉलेज में जिला युवा अधिकारी सोनाली नेगी के मार्गदर्शन में युवाओं को विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2027 क्विज में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान संबंधित महाविद्यालयों के एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गुंजन अग्रवाल एवं कृष्ण कुमार का भी महत्वपूर्ण सहयोग रहा। युवाओं को जानकारी दी गई कि टठल्स्व 2027 क्विज का आयोजन 30 सितंबर तक किया जा रहा है। जिले के विभिन्न विकासखंडों के युवा विभाग द्वारा जारी फत ब्वकम को स्कैन करके ऑनलाइन क्विज में प्रतिभाग कर सकते हैं। क्विज में 20 बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे, जिन्हें हल करने के लिए प्रतिभागियों को 600 सेकंड यानी 10 मिनट का समय दिया जाएगा। प्रत्येक प्रतिभागी को क्विज में एक बार प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। प्रतिभागियों को मोबाइल से दिए गए फत ब्वकम को स्कैन करने के बाद खुलने वाले लिंक पर जाकर पंजीकरण कर क्विज को निर्धारित समय में पूरा करके सबमिट करना होगा। इस अवसर पर युवाओं को बताया गया कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग का उद्देश्य युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ना तथा विकसित भारत के संकल्प में उनकी भागीदारी को बढ़ाना है। जिला युवा अधिकारी सुश्री सोनाली नेगी ने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग की पहल का महत्वपूर्ण हिस्सा है और युवाओं को इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। इस अभियान के माध्यम से स्कूल, कॉलेज, महाविद्यालय एवं अन्य शैक्षणिक संस्थानों में युवाओं को क्विज में प्रतिभाग करने के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवकों, युवाओं एवं ग्रामीण समुदायों से संपर्क कर उन्हें भी क्विज की जानकारी दी जा रही है।

# छात्रा आईसीएमआर की अल्पकालिक छात्रवृत्ति के लिए चयनित

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के डॉ. जियाउद्दीन अहमद डेंटल कॉलेज की वर्ष 2024 बैच की बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा गौरी गुप्ता का भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली 2026 की अल्पकालिक छात्रवृत्ति के लिए चयन हुआ है। आईसीएमआर की अल्पकालिक छात्रवृत्ति योजना के तहत चिकित्सा और दंत चिकित्सा के स्नातक विद्यार्थियों को अनुभवी शोधकताओं के साथ काम करके शोध की कार्यप्रणाली सीखने और शोध का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त करने का अवसर मिलता है। गौरी गुप्ता को ह्अलीगढ़ जिले में बिना धुआं वाले तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों में मुंह न खुलने की बीमारी की व्यापकताह्व विषय पर शोध परियोजना के लिए यह छात्रवृत्ति मिली है।यह शोध परियोजना ओरल पैथोलॉजी, माइक्रोबायोलॉजी एवं फोरेंसिक ओडोंटोलॉजी विभाग की अध्यक्ष डॉ. नासिर ए. सलाती के मार्गदर्शन में और डॉ. शाहला खान के निर्देशन में पूरी की जाएगी। डॉ. सलाती ने गौरी गुप्ता को उनके चयन पर बधाई दी

# काली नदी में 14 घंटे बाद मिला महिला का शव, आत्महत्या की आशंका

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अकराबाद, अलीगढ़।** थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर गांव में रविवार सुबह काली नदी में लापता हुई 50 वर्षीय महिला का शव 14 घंटे बाद सोमवार को बरामद हुआ। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।ग्रामीण चंद्रभान सिंह की पत्नी सुगढ़वती शनिवार रात परिवार के साथ सामान्य थीं। रविवार सुबह करीब 4 बजे परिजन जागे तो वह घर पर नहीं मिलीं। तलाश में घर से 100 मीटर दूर काली नदी पुल पर उनकी चप्पल और घर की चाबी का गुच्छा मिला। सूचना पर पुलिस ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया।थाना प्रभारी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि रविवार को 10 घंटे तलाश के बाद भी पता नहीं चला। सोमवार को दोबारा चले 4 घंटे के अभियान के बाद पुल के पास शव बरामद हुआ। परिजनों ने आत्महत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर जांच शुरू कर दी है।



# टीकाराम कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्ति पर संस्कृत सूक्तियों का हुआ पाठ

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** टीकाराम कन्या महाविद्यालय में नशा मुक्ति संकल्प योजना के अंतर्गत संस्कृत विभाग द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें छात्राओं ने संस्कृत में निहित नशा मुक्ति सूक्तियों पर अपने विचार रखे।छात्राओं ने बताया कि संस्कृत साहित्य में ऐसी कई सूक्तियां हैं जो मानव को नशे से दूर रहने का उपदेश देती हैं। पतंजलि के योगशास्त्र में प्राणायाम के माध्यम से नशा छुड़ाने में सहायता मिलती है। इस दौरान छात्रा आकृति, पूजा गौतम, विजयलक्ष्मी, मधु आदि ने श्लोक वाचन किया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रो. लकी गुप्ता ने कहा कि युवा राष्ट्र की नींव हैं, उन्हें हर प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। नोडल अधिकारी प्रो. सपना सिंह ने छात्राओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। विभागाध्यक्ष प्रो. सुमन रघुवंशी ने कहा कि नशा परिवार, समाज और राष्ट्र के लिए चिंताजनक विषय है। कार्यक्रम में डॉ. शहला चंदेल, वीरेंद्र सिंह व रंजन श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।



# खाद्य पदार्थों और दवाओं की गुणवत्ता से समझौता नहीं

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** जनसामान्य को सुरक्षित एवं मानक के अनुरूप खाद्य पदार्थ और गुणवत्तापरक औषधियां उपलब्ध कराने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग प्रवर्तन कार्रवाई को और प्रभावी बनाए। खाद्य पदार्थों में मिलावट और अधोमानक दवाओं की बिक्री किसी भी स्थिति में बर्दाश्त न की जाए। सूचना तंत्र को मजबूत करते हुए नियमित रूप से छापेमारी और नमूना संग्रह की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। यह निर्देश अपर जिलाधिकारी नगर किंशुक श्रीवास्तव ने सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय खाद्य एवं औषधि बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य-ग्रेड टू दीपक कुमार ने विभागीय कार्यों की जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य कारोबारियों को लाइसेंस एवं पंजीकरण उपलब्ध कराना विभाग की प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल है। खाद्य सामग्री और औषधियां मानव जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। ऐसे में लोगों को सुरक्षित खाद्य पदार्थ एवं गुणवत्तापूर्ण औषधियां उपलब्ध कराने के लिए जागरूकता के साथ-साथ प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई लगातार की जा रही है।

एडीएम सिटी ने खाद्य कारोबारियों को अनिवार्य खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण के दायरे में लाने के लिए संबंधित विभागों से बेहतर समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाल विकास, आबकारी, मंडी, उद्यान, बेसिक शिक्षा और वाणिज्य कर विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों से खाद्य सुरक्षा विभाग को आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराने को कहा। अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए कि खाद्य लाइसेंस एवं पंजीकरण की ऑनलाइन प्रक्रिया का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार हो। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यालयों में विद्यार्थियों को स्वस्थ, सुरक्षित एवं पौष्टिक भोजन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से चार विद्यालयों को ह्यईट राइट स्कूलह्व के रूप में आच्छादित किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों में सुरक्षित एवं पौष्टिक खाद्य पदार्थों के सेवन की आदत विकसित करना और विद्यालयों में सुरक्षित भोजन की व्यवस्था को बढ़ावा देना है।

**सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि विभाग द्वारा अब तक 1122 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया है**

सहायक आयुक्त खाद्य ने बताया कि विभाग द्वारा अब तक 1122 खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया है। इसके अलावा 136 छापामार कार्रवाई करते हुए 357 खाद्य पदार्थों के नमूने संग्रहित किए गए हैं। इनमें से 197 नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, जिनमें 95 नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। न्यायालय में विचाराधीन वादों में अर्थदंड अधिरोपित कराने एवं उसकी वसूली की कार्रवाई भी जारी है।

# गोरई थाने की कमान संभाली एसआई विनोद कुमार ने

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़,गोरई।** कानून-व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए उप निरीक्षक विनोद कुमार ने गोरई थाने का चार्ज संभाल लिया। पदभार के बाद उन्होंने पुलिसकर्मियों से इलाके की स्थिति व पुराने मामलों की जानकारी ली।उन्होंने कहा कि गरीब, असहाय और पीड़ितों को निष्पक्ष न्याय दिलाना पहली प्राथमिकता है। थाने पर आने वाले हर फरियादी की समस्या गंभीरता से सुनी जाएगी। अपराध रोकना और पुलिस पर भरोसा बढ़ाना भी प्राथमिकता में है। उन्होंने लोगों से संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने की अपील की।



# एएमयू में नेत्रदान पखवाड़ा संपन्न, दाता परिवारों का सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** इंस्टीट्यूट ऑफ ऑप्थैल्मोलॉजी, जेएन मेडिकल कॉलेज, एएमयू में नेत्रदान पखवाड़ा 2026 का समापन समारोह आयोजित हुआ। समारोह नेत्रदान करने वाले परिवारों और स्वैच्छिक संगठनों को समर्पित रहा।विभागाध्यक्ष प्रो. सिमी जका उर रब के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में बताया गया कि पखवाड़े के दौरान 30 नेत्रदान प्राप्त हुए, जिनसे 20 से अधिक कॉर्निया प्रत्यारोपण किए गए।




असिस्टेंट आई बैंक इंचार्ज डॉ. मोहम्मद साकिब ने बताया कि एनपीसीबीवीआई सर्वे के अनुसार कॉर्नियल अपारदर्शिता 50 प्लस उम्र में 8.2 प्रतिशत और 0-49 उम्र में 37.5 प्रतिशत अंधत्व का कारण है। प्रो. आदिब आलम खान ने बताया कि देश में सालाना 1 लाख कॉर्निया की जरूरत है, पर उपलब्धता कम है। आई बैंक इंचार्ज डॉ. जिया सिद्दीकी ने कहा कि कॉर्निया उपयोग दर 22 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक है, इसे बढ़ाने की जरूरत है।समारोह में दाता परिवारों ने अपने अनुभव साझा किए। देहदान संस्था के सदस्यों व डॉ. एसके गौर को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान प्रो. एके अमितावा, प्रो. अब्दुल वारिस, प्रो. हिना कौसर, डॉ. शरद कुमार, डॉ. जोहरा अंसारी, रजत सक्सेना मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद के पूर्व चेयरमैन ओपी अग्रवाल का निधन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़।** नगर पालिका परिषद अलीगढ़ (अब नगर निगम) के पूर्व चेयरमैन ओपी अग्रवाल (94) का सोमवार सुबह तड़के निधन हो गया। उन्होंने मैरिस रोड स्थित अपने आवास पर अंतिम सांस ली। उन्हें तीन दिन पहले ह्दय घात होने पर रामघाट रोड स्थित एक निजी हास्पिटल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था। हालत अधिक खराब होने व कई अंग काम न करने चलते चिकित्सकों की टीम ने घर पर ही सेवा करने का सुझाव दिया था। वह गत चार वर्ष से बीमार चल रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही शहर के राजनीतिक, सामाजिक और व्यापारिक क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

नन्नूमल देशी घी ब्रांड के मालिक होने के चलते घी की मंडी दोपहर तक बंद रही। बड़ी संख्या में लोग उनके निधन पर शोक व्यक्त करने और परिजनों को सांत्वना देने पहुंचे। वर्ष 1989 से पहले करीब 30 वर्ष पहले प्रदेश की सभी निकाय की सुपर सीट थीं। इसके बाद वर्ष 1989 में हुए निकाय के चुनाव में अलीगढ़ नगर पालिका परिषद का चुनाव काफी रोचक रहा था। उस दौर में सभासद ही अपने अध्यक्ष को चुनते थे। ओपी अग्रवाल व लिंक लाक के मालिक जफर आलम में पालिका परिषद के लिए आमने सामने की टक्कर थी। ये मात्र महापौर के रूप में उन्होंने शहर के विकास और जनसमस्याओं से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया। लंबे सार्वजनिक जीवन के दौरान शहर के विभिन्न वर्गों से उनका संपर्क रहा। उनके निधन की खबर सामने आते ही राजनीतिक और सामाजिक क्षेत्र के लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। परिचितों और समर्थकों ने उनके निधन को शहर के लिए अपूरणीय क्षति बताया। परिजनों के अनुसार वह पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वर्ष 1989 से पहले नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत व नगर निगम सुपर सीट थीं। एसडीएम, डीएम प्रशासक के रूप में इस व्यवस्था को देखते थे। अध्यक्ष पद के लिए सदस्य वोट करते थे। अलीगढ़ नगर पालिका परिषद का जब चुनाव हुआ। 40 निर्वाचित सभासद जीत कर आए। जिसमें मात्र चार सभासद भाजपा समर्थित थे। उन दिनों कल्याण सिंह अतरौली से विधायक थे।

**परिजनों के अनुसार वह पिछले काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे, वर्ष 1989 से पहले नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत व नगर निगम सुपर सीट थीं, एसडीएम, डीएम प्रशासक के रूप में इस व्यवस्था को देखते थे, अध्यक्ष पद के लिए सदस्य वोट करते थे, अलीगढ़ नगर पालिका परिषद का जब चुनाव हुआ**

भाजपा की ओर से उन्होंने कमान संभाली। दिसंबर का माह था। कल्याण सिंह ने महावीरगंज स्थित दाऊदयाल जिंदल की प्रतिष्ठान पर बुलाया। ओपी अग्रवाल खुद चर्चा करते थे कि भाई साहब (कल्याण सिंह) मूंगफली व गजक खाने का शौक था। उनके सामने विपक्ष में जफर आलम व तारिक मंसूर (एमएलसी व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष) के नामों की चर्चा थी। ओपी अग्रवाल कहते थे कि उन्हें हराने के लिए ऊपर कोट में आयोजित बैठक में तारिक मंसूर ने दावेदारी छोड़ने का ऐलान किया। इससे चुनाव और रोचक और चुनौती पूर्ण हो गया।

**संवाद कार्यक्रम** | कासिमपुर स्थित दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर में युवा संवाद बोलें

# युवाओं की सकारात्मक भूमिका राष्ट्र के लिए जरूरी : राज नारायण

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**अलीगढ़** । संघ शताब्दी वर्ष के अवसर पर आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं को राष्ट्र निर्माण में जुटने के लिए प्रेरित किया। युवा राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है उसका बोध कराया गया। भारत माता और वंदेमातरम के जयघोष से पूरा विद्यालय गूंज उठा।

कासिमपुर पावर हाउस स्थित दयानंद सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम वंदेमातरम के साथ शुभारंभ हुआ। मुख्य वक्ता और आरएसएस के विभाग सह सेवा प्रमुख राज नारायण सिंह, खंड संघचालक उल्फत सिंह चौहान, प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र कुमार चतुर्वेदी और जिला सह कार्यवाह देवराज शर्मा ने मां सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित किया। मुख्य वक्ता राज नारायण सिंह ने कहा कि विश्व में भारत सबसे बड़ा युवा शक्ति संपन्न देश है। यदि यह शक्ति सकारात्मक लग जाए तो फिर भारत 2047 तक निश्चित विकसित राष्ट्र बन जायेगा। युवाओं को अपने गौरवशाली इतिहास को जानने की जरूरत है। हमारे देश में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई, रानी हाड़ा, रानी दुर्गावती, रानी पद्मावती जैसी वीरांगनाएं हुई हैं, जिन्होंने राष्ट्र की अस्मिता के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए, मगर देश पर आंच आने नहीं दी। दुनिया में इतना गौरवशाली इतिहास किसी भी देश में मातृशक्तियों का नहीं है। यहां पर वीरों ने हंसते हंसते फांसी के फंदे पर झूल जाना स्वीकार किया। राष्ट्र को प्रथम रखा। हमारा इतिहास वीरता और साहस से भरा हुआ है। प्रधानाचार्य पुष्पेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने कहा कि बच्चों के लिए सुनहरा अवसर है। वह मेहनत करके अपनी मंजिल हासिल कर सकते हैं। उल्फत सिंह चौहान ने कहा कि 11वीं और 12वीं में पढ़ने वाले छात्रों को सावधान रहना चाहिए। क्योंकि यह उम्र उनके जीवन को बदलने वाली होती है। थोड़ा असावधानी बरती तो वह भटक भी सकते हैं। देवराज शर्मा ने कहा कि संघ शताब्दी वर्ष के माध्यम से हम युवाओं को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित कर रहे हैं। इस मौके पर प्रचारक जीतू, चेतन वार्ष्णेय आदि मौजूद थे।






# मेधावी छात्रा को लैपटॉप वितरित, शिक्षक को मिला समाजवादी शिक्षक रत्न सम्मान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गढ़मुक्तेश्वर (गुफरान अली)** । सिंभावली ब्लॉक क्षेत्र के गांव बक्सर में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधीर चौहान ने सोमवार को मेधावी छात्रा बीएससी बी ऐड गजाला मलिक पुत्री अनवर मलिक को लैपटॉप वितरित कर सम्मानित किया। इस अवसर पर मास्टर मुस्ताक अहमद को समाजवादी शिक्षक रत्न से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सुधीर चौहान ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने सत्ता में रहते हुए तथा सत्ता से बाहर रहने के दौरान भी मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने का कार्य किया है। उन्होंने कहा कि सपा सरकार के दौरान लाखों छात्र-छात्राओं को लैपटॉप वितरित किए गए। उन्होंने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि सरकार स्कूलों को बंद करने की दिशा में काम कर रही है।



कार्यक्रम में हापुड़ के जिलाध्यक्ष बबलू गुर्जर, अख्तर मलिक, फारूक मलिक, यूथ ब्रिगेड के जिला उपाध्यक्ष अब्दुल मलिक, साबिर मलिक, साजिद चौधरी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अख्तर मलिक ने किया।

Email Id : Bulandsandesh@gmail.com

दैनिक बुलन्द संदेश


# लगातार हो रही बारिश ने व्यवस्था की खोली पोल, पार्षद ने गली में उतारी नाव

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** लगातार हो रही बारिश ने शहर की जलनिकासी व्यवस्था की पोल खोल दी है। स्मार्ट सिटी के दावों के बीच वार्ड 64 सिक्लापुर (फर्नीचर मंडी) की गलियां पानी में डूब गईं। हालात इतने खराब हो गए कि लोगों की मदद के लिए वार्ड पार्षद जयप्रकाश राजपूत को गली में नाव उतारनी पड़ी। पार्षद ने नाव के सहारे जलभराव वाले इलाके में पहुंचकर लोगों की मदद की। इस दौरान क्षेत्र में जलभराव की तस्वीरें और वीडियो भी सामने आए।

**बारिश के बाद गलियां बनीं तालाब, आवागमन हुआ मुश्किल**

बारिश के बाद सिक्लापुर की कई गलियों में पानी भर गया। सड़क और नाली का अंतर तक दिखाई नहीं दिया। घरों और दुकानों के आसपास पानी जमा होने से लोगों को आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों के मुताबिक जलभराव की समस्या नई नहीं है। तेज बारिश होते ही इलाके में पानी भर जाता है और कई घंटे तक लोगों को इसी स्थिति से जूझना पड़ता है।



**लोगों ने थमाकील की नाव से जताया विरोध**

जलभराव से परेशान लोगों ने थमाकील की नाव बनाकर अपना विरोध भी जताया। इसके बाद पार्षद खुद नाव लेकर जलभराव वाले इलाके में पहुंच गए। पार्षद का कहना है कि जब सामान्य रास्ते से लोगों तक पहुंचना मुश्किल हो गया तो नाव का सहारा लेना पड़ा। यह स्थिति नगर निगम की जलनिकासी व्यवस्था पर सवाल खड़े करती है।

**स्मार्ट सिटी के दावों के बीच उठे सवाल**

बरेली को स्मार्ट सिटी बनाने के लिए करोड़ों रुपये की परियोजनाओं पर काम हुआ है। इसके बावजूद बारिश में शहर के कई हिस्सों में जलभराव की समस्या सामने आती रही है। सिक्लापुर की तस्वीरों ने भी नगर निगम की ड्रेनेज व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। क्षेत्रवासियों का सवाल है कि अगर जलनिकासी की व्यवस्था दुरुस्त है तो हर तेज बारिश के बाद गलियां तालाब क्यों बन जाती हैं।

**पार्षद ने व्यवस्था पर उठाए सवाल**

पार्षद जयप्रकाश राजपूत ने जलभराव को लेकर नगर निगम की व्यवस्था पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि इलाके में पानी निकासी की समस्या का स्थायी समाधान जरूरी है। केवल बारिश के समय पानी निकालने से समस्या खत्म नहीं होगी। नालों की सफाई और जलनिकासी की व्यवस्था को स्थायी तौर पर बेहतर करना होगा।

# मुरादाबाद मंडल ने देवीपाटन मंडल को 2-1 से पराजित किया : प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** डॉ. भीमराव आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल, डाभासेमर में दीनदयाल उपाध्याय जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में प्रदेश स्तरीय सीनियर पुरुष हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। प्रतियोगिता के पहले दिन खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन किया। प्रदेश के 18 मंडलों की टीमें इसमें हिस्सा ले रही हैं। दूसरे मैच में मुरादाबाद मंडल ने देवीपाटन मंडल को 2-1 से शिकस्त दी

पहले मुकाबले में गोरखपुर मंडल ने वाराणसी मंडल को 2-1 से हराकर जीत से शुरूआत की। दूसरे मैच में मुरादाबाद मंडल ने देवीपाटन मंडल को 2-1 से शिकस्त दी। तीसरे मुकाबले में आगरा मंडल और बरेली मंडल के बीच रोमांचक भिड़ंत हुई। आगरा ने बरेली को 3-2 से पराजित किया।चौथे मैच में लखनऊ मंडल ने मेरठ मंडल को एकतरफा मुकाबले में 7-0 से हराया। लखनऊ की ओर से शाहरुख ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल किए। पांचवें मैच में झांसी मंडल ने मिजार्पुर मंडल को 7-0 से करारी शिकस्त दी। झांसी की ओर से साजन यादव ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। छठे मुकाबले में चित्रकूट मंडल ने आजमगढ़ मंडल को 5-0 से पराजित किया। चित्रकूट की ओर से अरुण और विवेक ने दो-दो गोल किए।सातवें मैच में बस्ती मंडल ने कानपुर मंडल को 4-0 से हराया। दिन के आठवें और अंतिम मुकाबले में मेजबान अयोध्या मंडल का सामना बरेली मंडल से हुआ। बरेली ने एकतरफा मुकाबले में अयोध्या को 4-0 से हराकर प्रतियोगिता में जीत के साथ आगाज किया।प्रतियोगिता का उद्घाटन जिला ओलंपिक संघ अयोध्या के सचिव परमेंद्र सिंह ने किया। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अनिमेष सक्सेना ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। सहायक प्रशिक्षक मुकेश कुमार सिंह ने बैज लगाकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

# मूसलाधार बारिश में गिरा कच्चा घर, विधवा फराहनाज का परिवार बेघर, लाखों का नुकसान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**



**बिशारतगंज (बरेली)।** थाना बिशारतगंज क्षेत्र के गाँव भिण्डौरा में आज सुबह मूसलाधार बारिश के चलते एक कच्चा घर ढह गया।

मकान स्वामी फराहनाज पत्नी स्वर्गीय समसूल हसन खाँ ने बताया कि वह अपने छोटे-छोटे बच्चों के साथ इसी घर में रहती हैं। पिछले कई दिनों से हो रही लगातार बारिश और कल रात हुई तेज बारिश से घर की मिट्टी की दीवारें कमजोर हो गई थीं और सुबह अचानक भरभराकर गिर पड़ीं। गनीमत रही कि जिस समय मकान गिरा फराहनाज अपने बच्चों के साथ आंगन में थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया। लेकिन घर में रखा सारा सामान मलबे में दब गया, जिससे लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

फराहनाज ने बताया कि उनके परिवार में कोई कमाने वाला नहीं है। उनके पति का पिछले साल एक सड़क हादसे में निधन हो गया था। पति की मौत के बाद वह मजदूरी करके बच्चों का पेट पाल रही थी, अब छत भी छिन गई। पीड़िता ने तहसील प्रशासन आँवला से मुआवजे और आवासीय मदद की गुहार लगाई है।

# भाजपा का 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ, मुरादाबाद (सुदेश बिश्नोई)।** भारतीय जनता पार्टी का सेवा संकल्प अभियान एक महीने चलेगा। 17 सितंबर से अभियान की शुरूआत होगी। इस दौरान पार्टी में विभिन्न सेवा व जन जागरण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सोमवार को भाजपा कार्यालय पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश मंत्री दीपमाला संतोषी रहीं। प्रदेश मंत्री ने कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने पर पार्टी 'सेवा संकल्प अभियान चला रही है। इसके के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न सेवा एवं जनजागरण कार्यक्रम आयोजित होंगे। बैठक में 'आशीर्वाद का दीया', '25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत', 'युवा सेवा गाथा', 'आंगन का उत्सव', 'कहानी बदलाव की', 'विकसित भारत संकल्प यात्रा', 'सेवा ज्योति यात्रा', 'वडनगर से वाराणसी जल, जन और सेवा संकल्प यात्रा', 'सेवा मेरा योगदान', 'सेवा सेतु अभियान', 'रंगोली राष्ट्र', 'राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज' तथा 'जनलेखक महाकुंभ' सहित 13 कार्यक्रमों के संचालन पर मंथन किया गया। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कार्यकताओं से कार्यक्रमों को निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ सफल बनाकर केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह,राजपाल चौहान, पूर्व विधायक राजेश कुमार सिंह उर्फ चुन्नू,परमेश्वर लाल सैनी,नवीन चौधरी,आदित्य शंख्यधर, ओमपाल सैनी,मीडिया प्रभारी संजय ढाका, हुकुम सिंह, आचार्य नरेंद्र,जिला उपाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह सैनी,गजेंद्र चौधरी,मयूर भाटिया, कमल प्रजापति,चकित चौधरी,डॉ यशवीर सिंह,आदेश चौधरी, अरुण पंडित, ज्योति वाल्मीकि,सिंपल चौहान, लवी सक्सेना, सत्येंद्र चौधरी, सुमित दिवाकर, विकास शर्मा, सत्येंद्र गडकरी, दीपक गोस्वामी समेत तमाम कार्यकर्ता व मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी आदि मौजूद थे ।


**केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने का आह्वान**



# तेंदुए से निपटने को 46 पिंजरे 40 ट्रैप कैमरों से निगरानी: कांठ तहसील के आठ गांवों में आठ पिंजरे लगाए गए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** तेंदुओं के लगातार बढ़ते खौफ के बीच वन विभाग ने प्रभावित गांवों में निगरानी और रेस्क्यू अभियान तेज कर दिया है। ठाकुरद्वारा तहसील के 24 संवेदनशील गांवों में 34 और कांठ तहसील के आठ गांवों में आठ पिंजरे लगाए गए हैं। इस तरह कुल 46 पिंजरों की नियमित निगरानी वनकर्मियों की ओर से की जा रही है। जरूरत के अनुसार कुछ पिंजरों का स्थान भी बदला गया है।वन विभाग की टीम ने बलिया, बहापुर, लालापुर पीपलसाना, नाहरवाला मुनीमपुर, रामपुर घोघर, सुरजननगर, मेसूवाला, नारायनपुर और दूल्हापुर समेत संवेदनशील गांवों में पहुंचकर पिंजरों का निरीक्षण किया। भारी बारिश के बावजूद लाउडस्पीकर लगे वाहनों और मुनादी के जरिए ग्रामीणों को तेंदुए से बचाव के उपाय बताए गए। तेंदुए की मौजूदगी और उसकी पहचान के लिए बलिया समेत प्रभावित गांवों में 40 ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। वाइल्डलाइफ ट्रस्ट ऑफ इंडिया की टीमें कैमरों की तस्वीरों का अध्ययन कर रही हैं। वनकर्मियों की ओर से लगातार गश्त के साथ थर्मल ड्रोन से भी क्षेत्र की स्कैनिंग की जा रही है। वन विभाग ने ग्रामीणों को अकेले खेत या जंगल की ओर नहीं जाने की सलाह दी है। तीन-चार लोगों के समूह में निकलने, चलते समय आवाज करते रहने और रात में टॉर्च व लाठी साथ रखने को कहा गया है। बच्चों को अकेला बाहर नहीं भेजने तथा मवेशियों को सुरक्षित बाड़े में रखने की अपील की गई है। तेंदुआ दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग या पुलिस को सूचना देने के निर्देश हैं। हमलों में मृत लोगों के परिजनों को मुआवजा दिया जा चुका है, जबकि घायलों का निशुल्क उपचार जारी है।



# तहसील प्रशासन की टीम ने महदूद कलमी में "अवैध कब्जे की चक रोड को कब्जा मुक्त "कराया

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** तहसील प्रशासन के निर्देश पर सोमवार को कई बरसों से बंद अवैध कब्जे से ग्रस्त चकरोड कि भूमि को नायब तहसीलदार सिद्धार्थ सक्सेना, लेखपाल टीम एवं पुलिस बल की उपस्थिति में कब्जा मुक्त कर दिया गया' मौके पर कई तरीके के व्यवधान आए किन्तु आवश्यक कार्रवाई को रोक नहीं गया अब गांव के लोगों को आवाजाही में कोई परेशानी नहीं होगी ' नायब तहसीलदार सिद्धार्थ सक्सेना ने देर शाम "बुलंद संदेश" को बताया जल्द ही कब्जा मुक्त चकरोड पर ब्लॉक को लेटर प्रेषित कर मिट्टी डलवा कर बेहतर कनेक्टिव चकरोड में परिवर्तित कर दिया जाएगा ' रोड के कब्जा मुक्त होने से लोगों ने राहत की सांस ली है ।





## संक्षिप्त समाचार

### मुरादाबाद में "अब शत प्रतिशत सील होंगे "जर्जर" भवनः नौ सितंबर को अहम बैठक बुलाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** बरबालान में तीन मंजिला कंडम इमारत गिरने के बाद प्रशासन कोई भी जोखिम लेने की स्थिति में नहीं है। तकनीकी मूल्यांकन में खतरनाक पाए गए शहर और देहात के शत प्रतिशत जर्जर भवनों को सील कराने की तैयारी है। नौ सितंबर को अहम बैठक बुलाई गई है। बैठक में जर्जर भवनों को तत्काल खाली कराने, सील करने और उनमें रह रहे परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर विस्थापित करने की कार्ययोजना तय की जाएगी। बरवालान मे गिरे तीन मंजिला मकान की सूचना तीन सितंबर की रात डीएम को मिली थी। अगले ही दिन प्रशासन, नगर निगम और पुलिस की टीम ने मकान को खाली करा सील कर दिया। डीएम ने कहा कि सभी चिह्नित जर्जर, निष्प्रयोज्य भवनों की सूची अपडेट की जाए। बताया गया कि 37 जर्जर भवनों का तकनीकी मूल्यांकन, 12 भवनों को खाली कराने तथा 28 भवनों की नीलामी व ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया लंबित है।

### सऊदी अरब में सजेगा "मुरादाबाद के हस्तशिल्प उत्पादों का "पवेलियन" रियाद में 15 से 17 सितंबर तक इंडेक्स सऊदी अरेबिया-2026 में पवेलियन लगाया जाएगा

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई)।** सऊदी अरब के बाजार में मुरादाबाद के हस्तशिल्प और इंटीरियर उत्पादों की पहुंच बढ़ाने के लिए निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय मंच मिलने जा रहा है। हस्तशिल्प निर्यात संवर्धन परिषद (ईपीसीएच) की ओर से रियाद में 15 से 17 सितंबर तक इंडेक्स सऊदी अरेबिया-2026 में पवेलियन लगाया जाएगा। मेले में भारतीय निर्यातक अपने उत्पाद प्रदर्शित करने के साथ विदेशी खरीदारों से सीधे कारोबारी संपर्क बना सकेंगे। ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने बताया कि मेला रियाद इंटरनेशनल कन्वेंशन एंड एग्जीबिशन सेंटर में होगा। इसमें दुनियाभर के 600 से अधिक प्रदर्शकों और 17 हजार से ज्यादा खरीदारों के पहुंचने की उम्मीद है। ऐसे में भारतीय निर्यातकों को सऊदी अरब के साथ पश्चिम एशिया के अन्य बाजारों में भी नए कारोबारी संपर्क बनाने का अवसर मिलेगा। मेले में नौ वर्ग मीटर के बिल्ट-अप बूथ की वास्तविक भागीदारी फीस आठ लाख रुपये है। वस्त्र मंत्रालय के विकास आयुक्त (हस्तशिल्प)कार्यालय की एमएसएस योजना के तहत पात्र सदस्य निर्यातकों को 3.50 लाख रुपये की वित्तीय सहायता मिलेगी।इसके बाद बूथ के लिए निर्यातक को 4.50 लाख रुपये का भुगतान करना होगा। हालांकि यात्रा, होटल, वीजा और उत्पादों की शिपिंग समेत अन्य खर्च निर्यातकों को स्वयं वहन करने होंगे।

### मुरादाबाद में "286 आंगनबाड़ी केंद्र "जर्जर पाए गए

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ ( सुदेश बिश्नोई)।** जामा मस्जिद क्षेत्र में भवन के भरभराकर गिरने के बाद प्रशासन ने स्कूलों के जर्जर भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों की समीक्षा शुरू कर दी है। समीक्षा में 286 आंगनबाड़ी केंद्र जर्जर पाए गए हैं। डीएम ने 10 सितंबर से रोजाना ध्वस्तीकरण की समीक्षा के निर्देश दिए।डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर परिषदीय विद्यालयों के परिसरों में बने जर्जर भवनों और आंगनबाड़ी केंद्रों के ध्वस्तीकरण की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा में 37 जर्जर भवनों का तकनीकी मूल्यांकन लंबित पाई गई। जबकि 12 जर्जर भवनों को अभी खाली नहीं कराया गया। 28 भवनों के नीलामी और ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया लंबित पाई गई। समीक्षा में मुख्य सेविकाओं के निरीक्षण के दौरान 286 आंगनबाड़ी केंद्रों को प्रथम द्दष्टया जर्जर पाया गया। इन भवनों का तकनीकी मूल्यांकन अधिशासी अभियंता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, विकास खंड मुरादाबाद के माध्यम से कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं।डीएम ने निर्देशित किया है कि 10 सितंबर से हर दिन शाम सात बजे कैंप कार्यालय में जर्जर भवनों व आंगनबाड़ी केंद्रों के ध्वस्तीकरण की समीक्षा सुनिश्चित की जाए। डीएम ने बताया कि किसी भी जर्जर या असुरक्षित भवन के कारण जनहानि की स्थिति उत्पन्न न हो।




# बरसात की नमी से भरभराकर गिरी कच्चे मकान की छत, महिला घायल

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**संभल ।** तीन दिनों से पड़ रही बरसात की नमी से शहर के हल्लू सराय में कच्चे मकान की छत भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से बुजुर्ग महिला घायल हो गई। गनीमत रही कि अन्य स्वजन बाहर बैठे थे। स्वजन ने महिला को मलबे से निकालकर उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया है। वहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। हल्लू सराय निवासी लक्ष्मी देवी का मकान कच्चा है। आर्थिक स्थिति के चलते वह जर्जर मकान में ही गुजर बसर कर रही थीं। बताते हैं कि रविवार की रात करीब नौ बजे बेटा पंकज और बहू आंगन में बैठे थे। जबकि लक्ष्मी देवी कमरे में काम कर रही थीं। इसी दौरान नमी के कारण मकान की कच्ची छत अचानक भरभराकर गिर गई। जिसके मलबे में दबकर लक्ष्मी देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्वजन ने देखा तो उनकी चीख निकल गई। इस दौरान आसपास के लोग भी वहां पहुंच गए और मलबा हटाकर लक्ष्मी देवी को बाहर निकाला। साथ ही उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया। वहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है ।




# मुरादाबाद में "स्वाइन फ्लू मरीजों की संख्या "21 पहुंची

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कांठ (सुदेश बिश्नोई )।** रेलवे हरथला कॉलोनी में एक ही परिवार के तीन सदस्यों के स्वाइन फ्लू संक्रमित होने से स्वास्थ्य विभाग की चिंता बढ़ गई है। बुजुर्ग दंपती के बाद अब उनके तीन वर्षीय पोते में भी स्वाइन फ्लू की पुष्टि हुई है। तीनों मरीजों को होम आइसोलेशन में रखा गया है और स्वास्थ्य विभाग उनकी नियमित निगरानी कर रहा है। जिले में स्वाइन फ्लू के मरीजों की संख्या 21 पहुंच गई है। इनमें तीन मरीज उपचार के बाद स्वस्थ हो चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग की सर्विलांस टीम संक्रमित मरीजों और उनके संपर्क में आए लोगों की जानकारी जुटाने के साथ घर-घर जाकर स्थिति पर नजर रख रही है। मरीजों के परिजनों को संक्रमण से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं और जरूरत के अनुसार दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मानसरोवर कॉलोनी पहुंचकर वहां स्वाइन फ्लू संक्रमित मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। टीम ने परिजनों को दवा उपलब्ध कराने के साथ सावधानी बरतने की सलाह दी।अधिकारियों के मुताबिक होम आइसोलेशन में रखे मरीजों से लगातार संपर्क किया जा रहा है ताकि स्वास्थ्य में किसी तरह की गिरावट होने पर तत्काल उपचार उपलब्ध कराया जा सके।डिप्टी सीएमओ डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि

अधिकांश संक्रमितों की स्थिति सामान्य है। अगवानपुर निवासी बुजुर्ग महिला का दिल्ली एम्स में उपचार चल रहा है और उनकी हालत पर स्वास्थ्य विभाग नजर रख रहा है। जिला अस्पताल में स्वाइन फ्लू की एंटीजन जांच की सुविधा भी शुरू कर दी गई है। इससे संदिग्ध मरीजों की प्रारंभिक जांच में तेजी आने की उम्मीद है।




**हाहाकार** हजियापुर में जलभराव से हाहाकार, रात तीन बजे से घर छोड़ने को मजबूर हुए लोग

# बरेली के हजियापुर में जलभराव से बदतर हालात

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बरेली।** शहर के हजियापुर क्षेत्र में जलभराव की गंभीर समस्या ने लोगों का जीवन बेहाल कर दिया है। नंदराम की चक्की और मुन्ना ट्रैक्टर वाली गली के आसपास भारी मात्रा में पानी जमा होने से सोमवार तड़के हालात बेहद खराब हो गए। स्थानीय लोगों के अनुसार क्षेत्र में रात करीब तीन बजे से लोग परेशान हैं और जलभराव बढ़ने के कारण कई परिवार अपने घर छोड़कर सुरक्षित स्थानों की ओर जाने को मजबूर हो गए।

बताया गया कि जलभराव और लगातार खराब होते हालात के बीच एक मकान गिर गया, जबकि एक अन्य मकान की दीवार भी ढह गई। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गई। कई लोगों ने अपने घर खाली कर दिए, वहीं कुछ लोग पानी से घिर जाने के कारण अपने घरों की छतों पर फंस गए। स्थानीय निवासियों को पानी से भरे रास्तों के बीच बाहर निकलने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

**निचले इलाके में जमा होता है पूरे क्षेत्र का पानी**

स्थानीय लोगों का कहना है कि नंदराम की चक्की और मुन्ना ट्रैक्टर वाली गली का यह क्षेत्र काफी निचले स्थान पर स्थित है। हजियापुर के आसपास के हिस्सों का पानी बहकर इसी इलाके में जमा हो जाता है। बारिश होने पर स्थिति और अधिक भयावह हो जाती है।

क्षेत्रवासियों का आरोप है कि केवल बारिश के समय ही नहीं, बल्कि सामान्य दिनों में भी यहां पानी जमा रहता है। लंबे समय तक पानी भरा रहने के कारण इलाके में गंदगी, कीचड़ और दुर्गंध की समस्या बनी रहती है, जिससे स्थानीय लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है।

**पक्की सड़क तक नहीं, गड्ढेनुमा कच्चे रास्ते ने बढ़ाई मुश्किल**

स्थानीय निवासियों के अनुसार जलभराव से सबसे अधिक प्रभावित स्थान पर आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं कराया गया है। सड़क के स्थान पर कच्ची और गड्ढेनुमा जमीन होने के कारण बारिश या जलभराव के समय लोगों का आवागमन लगभग ठप हो जाता है।

**नंदराम की चक्की-मुन्ना ट्रैक्टर वाली गली में मकान गिरने और दीवार ढहने से दहशत, कई लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंचे**

लोगों का कहना है कि पानी की उचित निकासी की व्यवस्था न होने के कारण हर वर्ष यही स्थिति पैदा होती है। बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ती है।

**जनप्रतिनिधियों पर उपेक्षा का आरोप**

स्थानीय लोगों ने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों पर समस्या की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि लंबे समय से जलभराव, गंदगी, सड़क और जलनिकासी की समस्या बनी हुई है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी है। इस मामले को लेकर AIMIM नेता रेहान कुरैशी, बरेली जिला सोशल मीडिया प्रभारी एवं बरेली महानगर महासचिव यूथ, ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।उन्होंने कहा कि हजियापुर के लोग लंबे समय से जलभराव और गंदगी की समस्या से जूझ रहे हैं। बारिश के दौरान हालात बेहद गंभीर हो जाते हैं और अब मकान व दीवार गिरने की घटनाओं के बाद प्रभावित लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्राथमिकता होनी चाहिए। स्थायी जलनिकासी और पक्की सड़क की मांग

रेहान कुरैशी ने मांग की है कि प्रभावित क्षेत्र में तत्काल राहत एवं बचाव कार्य कराया जाए और जलभराव में फंसे लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने की व्यवस्था की जाए। साथ ही इलाके में भराव कराकर पक्की सड़क का निर्माण और पानी की निकासी के लिए स्थायी व्यवस्था की जाए। उन्होंने शहर के नालों और नालियों की नियमित सफाई कराने की भी मांग की, ताकि भविष्य में जलभराव की समस्या को कम किया जा सके।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते जलनिकासी, सड़क निर्माण और क्षेत्र के विकास की दिशा में ठोस कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में किसी बड़े हादसे की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। अब सवाल यह है कि मकान और दीवार गिरने जैसी घटनाओं के बाद प्रशासन और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि इस गंभीर समस्या का संज्ञान कब लेते हैं और हजियापुर के लोगों को जलभराव की स्थायी समस्या से कब राहत मिलेगी।

# सत्य निकेतन हादसे के बाद सीएम रेखा गुप्ता का 'एक्शन मोड'

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सोमवार को सत्य निकेतन में इमारत गिरने की घटना के बाद बड़ी कार्रवाई की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इमारत के मालिक के खिलाफ एफआईआर

### 5वीं मंजिल वाले सभी भवनों को सील करने का निर्देश

दर्ज की गई है और लापरवाही या चूक के दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि दिल्लीवासियों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं होगा, लापरवाही पर किसी को बख्शा नहीं जाएगा।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने मीडिया से बातचीत में कहा, यह बहुत पुरानी इमारत थी। बेसमेंट में पानी भरने से इसके पिलर कमजोर हो गए, जिससे पूरी इमारत गिर गई। इस मामले में कार्रवाई पहले ही की जा चुकी है और इमारत के मालिक के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। इसके ठीक पीछे बनी इमारत को पूरी तरह खाली करा लिया गया है और एहतियात के तौर पर उसे गिरा दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा, नगर निगम के साथ मिलकर सरकार एक ऐसी पॉलिसी बना रही है जिससे यह पक्का किया जा सके कि पब्लिक डोमेन में चलने वाले पीजी अकोमोडेशन, नर्सिंग होम और स्कूल का समय-समय पर स्ट्रक्चरल ऑडिट हो। जिन



इमारतों को स्ट्रक्चरल रूप से सुरक्षित प्रमाणित नहीं किया जाएगा, उनमें किसी भी तरह की पब्लिक एक्टिविटी की इजाजत नहीं होगी।

रेखा गुप्ता ने कहा, हम छात्रों को असुरक्षित पीजी अकोमोडेशन में रहने नहीं देंगे। इलाके से निकाले गए छात्रों के रहने की व्यवस्था कर दी गई है और सरकार उनकी जरूरतों और भलाई का पूरा ध्यान रख रही है। हम इस घटना से प्रभावित लोगों के माता-पिता के भी सीधे संपर्क में हैं। लापरवाही या चूक के दोषी पाए जाने वाले किसी भी अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**सत्य निकेतन हादसे के बाद ष्टरू रेखा गुप्ता ने लिए सख्त एक्शन**

सीएम रेखा गुप्ता ने आज सुबह दोबारा घटनास्थल का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था एवं चल रही कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान सख्त एक्शन भी लिए गए।

# खुर्जा पॉटरी उद्योग को मिलेगी नई उड़ान, 9.55 करोड़ रुपये की लागत से बनेगा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्री कुमार हर्ष की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय समिति (ओडीओपी) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में एक जनपद एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना के अंतर्गत खुर्जा के प्रसिद्ध पॉटरी एवं सिरेमिक उद्योग के विकास के लिए सीएसआईआर-सीजीसीआरआई, खुर्जा द्वारा प्रस्तावित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) की स्थापना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक के दौरान उपस्थित समिति के सदस्यों, उद्योग प्रतिनिधियों एवं उद्यमियों से परियोजना के संबंध में सुझाव प्राप्त किए गए। अधिकारियों ने बताया कि जनपद बुलंदशहर के सिरेमिक क्लस्टर से जुड़े उद्यमियों, औद्योगिक संगठनों, निर्यातकों तथा अन्य हितधारकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए शासनादेश एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप ओडीओपी के तहत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना की जाएगी। इस परियोजना के माध्यम से सिरेमिक क्लस्टर से जुड़े अधिकाधिक उद्यमियों, कारीगरों एवं अन्य लाभार्थियों को आधुनिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा।

# एयरटेल ग्राहकों को 1 साल के लिए मुफ्त मिलेगा 'सुपर डुओलिंगो' सब्सक्रिप्शन, भाषा सीखना हुआ आसान

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**लखनऊ ।** दुनिया के प्रमुख ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म 'डुओलिंगो' ने भारत की प्रमुख टेलीकॉम कंपनी 'भारती एयरटेल' के साथ एक बड़ी साझेदारी की घोषणा की है। इस रणनीतिक साझेदारी के तहत एयरटेल के लगभग 37.6 करोड़ ग्राहकों को बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के 12 महीने (1 साल) के लिए 'सुपर डुओलिंगो' का फ्री सब्सक्रिप्शन दिया जाएगा।

**एयरटेल ऐप से मिलेगा लाभ**

यह विशेष ऑफर एयरटेल के मोबाइल, वाई-फाई और डीटीएच–तीनों तरह के उपभोक्ताओं के लिए उपलब्ध होगा। इसे क्लेम करने के लिए ग्राहकों को एयरटेल ऐप का उपयोग करना होगा। इसके लिए किसी भी क्रेडिट कार्ड या हिडन चार्ज की आवश्यकता नहीं होगी।

**सुपर डुओलिंगो की प्रमुख सुविधाएं:**

विज्ञापन-मुक्त अनुभव पढ़ाई के दौरान किसी भी प्रकार का विज्ञापन नहीं आएगा अनलिमिटेड एनर्जी बिना रुके लगातार पाठ पूरा करने की सुविधा एआई फीचर्स रियल-टाइम बोलने का अभ्यास और एआई-संचालित बातचीत। गलतियों की समीक्षा व्यक्तिगत जरूरतों के हिसाब से अभ्यास और सुधार का मौका।

डुओलिंगो ऐप पर 40 से अधिक भाषाओं के अलावा शतरंज, गणित और संगीत सीखने का भी विकल्प मिलता है। हाल ही में कंपनी ने "पंजाबी से अंग्रेजी सीखें" कोर्स भी शुरू किया है, जिससे हिंदी, बांग्ला, तेलुगु, तमिल और उर्दू के बाद अब पंजाबी भाषी भी आसानी से अंग्रेजी सीख सकेंगे। डुओलिंगो इंडिया की बिजनेस डेवलपमेंट प्रमुख राशि धनानी ने कहा कि भारत उनके सबसे महत्वपूर्ण बाजारों में से एक है। इस साझेदारी का उद्देश्य देश भर के छात्रों और पेशेवरों के लिए भाषा सीखना सुलभ, रोचक और तनावमुक्त बनाना है। यह पहल भारतीय उपयोगकर्ताओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ने में एक बड़ा कदम साबित होगी।

# कानपुर में बहू ने ही करवाई थी करोड़पति की हत्या, नौकर साथी संग गिरफ्तार, बहु से भी पूछताछ शुरू

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**कानपुर (सुनील बाजपेई)।** यहां बीते शनिवार को कल्याणपुर थाना क्षेत्र में हुए बहुचर्चित करोड़पति दवा व्यवसायी हत्याकांड का खुलासा कर दिया गया है। उसकी हत्या उसकी ही बहू ने नौकर को पैसे का लालच देकर कार्रवाई थी। घटना में हत्यारे नौकर के साथ ही उसके दोस्त को भी मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। अब पुलिस पूछतांछ कर बहू को भी जेल भेजने की तैयारी कर रही है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार बहु ससुर द्वारा मनमाने तरीके से रहन-सहन और खान-पान पर रोक-टोक करने की वजह से नाराज थी,जिसके चलते ही उसने नौकर के जरिए उनकी हत्या करवा दी।

विनीत मिनोचा रतन आर्बिट के भूतल स्थित सी-104 फ्लैट में रहते थे। वह करीब 45 वर्ष से दवा कारोबार से जुड़े थे। शनिवार रात 9:38 बजे उनका बेटा सुब्रत और बहू



शालू, छह वर्षीय पोता श्रीजय पार्टी में शामिल होने यशोदा नगर गए थे। कैमरों में दिखा कि रात 10:58 बजे विनीत दुकान बंद करके फ्लैट पहुंचे। बेटा-बहू घर लौटे तो विनीत का शव बेडरूम में रक्तरंजित मिला था। इसके बाद पुलिस ने हत्या करने वालों की तलाश शुरू की थी जब पुलिस ने घटना की छानबीन शुरू की तो सीसीटीवी फुटेज में दो युवक फ्लैट में जाते और बाहर निकलते भी दिखे थे। जिसकी पहचान पहचान कारोबारी के घर काम करने वाले पूर्व नौकर विशाल गौतम के रूप में हुई थी। जिसपर पुलिस ने दोनों की तलाश शुरू की थी , और पुलिस की यहां तलाश तब पूरी हुई जब हत्यारोपी नौकर विशाल गौतम और उसके साथी राजकिशोर से पुलिस की मुठभेड़ हो गई और उसने दोनों को गिरफ्तार कर लिया।

घटना के खुलासे के बारे में जानकारी देते हुए एसीपी कल्याणपुर दिलीप सिंह ने बताया कि अब तक की पूछताछ में आरोपित ने जो जानकारी दी है, उसके मुताबिक उसने कारोबारी की हत्या उसकी बहू के कहने पर रुपये के लालच में की थी। पुलिस सूत्रों के अनुसारबहु ससुर से इसलिए नाराज थी क्योंकि उन्होंने उसके मनमाने तरीके से कपड़े खरीदने पहनने और खाने-पीने आदि पर भी प्रतिबंध लगा रखा था।

फिलहाल अब पुलिस घटना में करोड़पति ससुर की हत्या करवाने वाली उसकी बहु से भी पूछताछ कर रही जिससे निकले निष्कर्ष के आधार पर उसे भी जेल भेजा जाएगा। घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव से पहले स्थानीय निकायों में ओबीसी के राजनीतिक पिछड़ेपन पर होगी अनुभवजन्य जांच

# बुलंदशहर में 9 सितंबर को पिछड़ा वर्ग आयोग की सार्वजनिक सुनवाई

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के दृष्टिगत उत्तर प्रदेश के स्थानीय ग्रामीण निकायों में नागरिकों के अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की स्थिति, राजनीतिक पिछड़ेपन के स्वरूप एवं उसके प्रभावों के अध्ययन के लिए गठित उत्तर प्रदेश राज्य स्थानीय ग्रामीण निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा बुलंदशहर में सार्वजनिक सुनवाई आयोजित की जाएगी।

पंचायती राज विभाग, उत्तर प्रदेश की अधिसूचना संख्या 1274/33-3-2026, दिनांक 18 मई 2026 के तहत आयोग का गठन किया गया है। आयोग



का उद्देश्य स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग के संबंध में समकालीन एवं सतत अनुभवजन्य जांच करना तथा पिछड़ेपन की प्रकृति और उसके प्रभावों का अध्ययन कर आवश्यक अनुशंसाएं प्रस्तुत करना है।

यह आयोग माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा विभिन्न मामलों में निर्धारित विधिक व्यवस्थाओं तथा माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद की लखनऊ खंडपीठ द्वारा जनहित याचिका संख्या 878/2022, वैभव पांडेय बनाम उत्तर प्रदेश राज्य एवं अन्य में दिए गए निर्देशों के क्रम में गठित किया गया है।

आयोग स्थानीय ग्रामीण निकायों में राजनीतिक पिछड़ेपन के स्वरूप एवं प्रभावों की समकालीन और कठोर अनुभवजन्य जांच करेगा। इसी क्रम में संदर्भ की शर्तों के अनुसार आयोग द्वारा जनसुनवाई आयोजित कर संबंधित पक्षों एवं नागरिकों के विचार और सुझाव प्राप्त किए जाएंगे। बुलंदशहर में यह सार्वजनिक सुनवाई 9 सितंबर 2026 को अपराह्न 2 बजे से शाम 5 बजे तक जिला पंचायत सभागार, कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित की जाएगी।

इस संबंध में सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि स्थानीय ग्रामीण निकायों में अन्य पिछड़ा वर्ग की स्थिति एवं राजनीतिक प्रतिनिधित्व से संबंधित विषयों पर आयोजित इस सार्वजनिक सुनवाई में संबंधित नागरिक अपने विचार एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। आयोग द्वारा प्राप्त तथ्यों, सुझावों और अनुभवजन्य अध्ययन के आधार पर आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के संबंध में आवश्यक अनुशंसाएं तैयार की जाएंगी।

# स्वर्गीय फैज सैफी की पुण्य स्मृति में 10 सितंबर को प्रार्थना सभा का आयोजन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** स्वर्गीय फैज सैफी की पुण्य स्मृति में एक श्रद्धांजलि एवं प्रार्थना सभा का आयोजन गुरुवार, 10 सितंबर 2026 को दिल्ली में किया जाएगा। इस अवसर पर परिजन, रिश्तेदार, मित्र एवं

### दिल्ली के सैफी पैलेस में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक आयोजित होगी श्रद्धांजलि सभा

समाज के गणमान्य लोग दिवंगत फैज सैफी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे और उनकी मगफिरत एवं परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए दुआ करेंगे।

आयोजकों द्वारा जारी सूचना के अनुसार प्रार्थना सभा सुबह 10:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगी। कार्यक्रम का आयोजन सैफी



पैलेस, RTZ-100, निहाल विहार, नांगलोई, दिल्ली-110041 में किया जाएगा। इस प्रार्थना सभा का आयोजन हाजी शकील सैफी, चेयरमैन वर्ल्ड पीस हार्मनी, हाजी रिजवान सैफी, हाजी हमजा सैफी एवं सैफी परिवार द्वारा किया जा रहा है। श्रद्धांजलि संदेश में कहा गया है कि कुछ लोग भले ही दुनिया से चले जाते हैं, लेकिन उनकी यादें और उनकी मौजूदगी का एहसास हमेशा दिलों में जीवित रहता है। दिवंगत फैज सैफी की स्मृतियों को याद करते हुए परिवार की ओर से सभी शुभचिंतकों से प्रार्थना सभा में शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि देने की अपील की गई है।

# वरिष्ठ अधिवक्ता जहीरुल हसन के निधन को अधिवक्ता समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** जिला बार एसोसिएशन, बुलंदशहर के वरिष्ठ अधिवक्ता जहीरुल हसन एडवोकेट के निधन पर अधिवक्ताओं में शोक व्यक्त किया है। जिला बार एसोसिएशन की ओर से उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक सभा आयोजित की।

जिला बार एसोसिएशन, बुलंदशहर के महासचिव चंद्र सिंह खालौर एडवोकेट द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि वरिष्ठ अधिवक्ता श्री जहीरुल हसन का 5 सितंबर 2026 को निधन हो गया। उनके निधन पर जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों वं



अधिवक्ताओं ने गहरा शोक व्यक्त किया है। दिवंगत वरिष्ठ अधिवक्ता के सम्मान और श्रद्धांजलि स्वरूप जिला बार एसोसिएशन बुलंदशहर एवं सिविल बार एसोसिएशन बुलंदशहर की संयुक्त रूप से ज्वाइंट रेफरेंस बैठक आयोजित की गई।

जिला बार एसोसिएशन ने जनपद न्यायाधीश महोदय को भी इस संबंध में सूचना देते हुए अनुरोध किया है कि दोनों बार एसोसिएशनों की संयुक्त ज्वाइंट रेफरेंस बैठक निर्धारित समय पर आयोजित किए जाने की कृपा करें। वरिष्ठ अधिवक्ता जहीरुल हसन के निधन को अधिवक्ता समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति बताया गया है। उनके निधन की खबर मिलते ही न्यायिक एवं अधिवक्ता जगत में शोक का माहौल व्याप्त हो गया। जिला बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों और अधिवक्ताओं ने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है।

# श्री कृष्ण जन्मोत्सव द्रोण मेले में कवि सम्मेलन

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा (एन.जी. वर्मा)।** क्षेत्र के दनकौर स्थित विश्व प्रसिद्ध गुरु द्रोणाचार्य मंदिर प्रांगण में श्री कृष्ण जन्माष्टमी से श्री द्रोण गौशाला प्रबंध मेला समिति के अध्यक्ष राकेश गर्ग प्रबंधक रजनीकांत अग्रवाल के सानिध्य में तत्वावधान में चल रहे 12 दिवसीय में श्री कृष्ण जन्मोत्सव द्रोण मेले में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसका संचालन हास्य कवि दिनेश दिग्गज ने किया कवि सम्मेलन में माङ्ग सज्जन सिंह यादव, प्रख्यातकवि मुकेश शर्मा, सुदीप भोला, दिनेश दिग्गज के अलावा मुन्ना बैटरी श्रृंगार कवित्री शिखा दीप्ति, हास्य व वीर रस कवि गौरव चौहान, वीर रस कवि सुमित ओरछा, हास्य कवि सतीश मधुप, विनोद पाल, सुनील त्रिपाठी निराला आदि कवियों ने अपने-अपने काव्य पाठ सुनाएं सुनकर श्रोतागण विख्यात कवि



मुकेश शर्मा के बोल जिंदगी जिंदा है सिर्फ कफन के लिए और कफन है आंगन के लिए या दफन के लिए यारों जिओ फक्त उम्र के चार दिन दो कलाम के लिए दो वतन के लिए सुनकर मंत्र विभोर हो गए। कवि सम्मेलन देर रात तक चला।




### आयोजन | नंदग्राम में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरआयोजित बिराज फाउंडेशन और...

# गणेश अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में लोगों को मिला स्वास्थ्य परामर्श

**बुलन्द संदेश ब्यूरो**

**गाजियाबाद (आशा चौधरी)।** बिराज फाउंडेशन और गणेश अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में नंदग्राम स्थित श्री राधाकुंज, गली नंबर-4 में वीके पैथकैयर पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने पहुंचकर स्वास्थ्य संबंधी जांच और चिकित्सकीय परामर्श का लाभ उठाया।शिविर में फिजिशियन एवं अन्य विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों





की जांच की गई। इस दौरान लंबाई, वजन, ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, पीएफटी, ईसीजी और हीमोग्लोबिन समेत विभिन्न स्वास्थ्य जांच की गईं। चिकित्सकों ने जांच रिपोर्ट के आधार पर मरीजों को आवश्यक परामर्श और स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों की जानकारी दी। शिविर में डॉ. ललित, डॉ. इकरा, लोकेन्द्र, शिवानी, निधि मोहन सैनी और रीना समेत चिकित्सकीय टीम मौजूद रही।

बिराज फाउंडेशन के संस्थापक बिराज सिंह ने वीके पैथकैयर का आभार जताते हुए कहा कि संस्था और गणेश अस्पताल की ओर से समय-समय पर इस तरह के निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए जाते हैं। इनका उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को उनके क्षेत्र में ही स्वास्थ्य जांच और चिकित्सकीय परामर्श की सुविधा उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी जनहित से जुड़े ऐसे कार्यक्रम जारी रहेंगे।




मुद्रक, प्रकाशक व संपादक अब्दुल सलाम सैफी ने बुलन्द मीडिया कम्यूनिकेशन प्रा0लि0 के लिए साई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 , सेक्टर 7 नोएडा जिला गौतमबुद्धनगर से छपवाकर 106 सूर्या कनिष्क अपार्टमेंट सैक्टर 4,वैशाली गाजियाबाद से प्रकाशित किया।
अब्दुल सलाम सैफी ( संपादक ) मो0:- 9457159115, ममदूद आलम वारसी ( उप सम्पादक ), 9910073407, *सभी विवादों का कार्य क्षेत्र न्यायालय गाजियाबाद होगा।* mail Id:- BulandSandesh@Gmail.Com WebSite:- WWW.BulandSandesh.Com RNI NO:- UPHIN/2013/57267